ईहण न [ईहन] नीचे देखो ; (आचू १)।

ईहा स्त्री [ईहा] १ विचार, ऊहापोह, विमर्श ; (णाया १, १; सुपा ५७२)। २ चेष्टा, प्रयत्न; (ओघ ३)। ३ मति-ज्ञान का एक भेद; (पण्ण १५; ठा ५)। ४ इच्छा ; (स ६१२)। °मिग, °सिय पुं [°मृग] १ वृक, भेडिया ; (णाया १, १ ; भग ११, ११)। २ नाटक का एक भेद; (राय)।

ईहा स्त्री [ईक्षा] अवलोकन, विलोकन ; (औप)।

ईहिय वि [ईहित] चेष्टित ; (सूअ १, १, ३)। २ विमर्शित, विचारित, ईहा-विषयीकृत ; (विसे २५७)।

इअ सिरिपाइअसद्दमहण्णवे ईआराइसद्दसंकलणो णाम चउत्थो तरंगो समत्तो।

—:०:—

उ

उ पुं [**उ**] प्राकृत वर्णमाला का पञ्चम अक्षर, स्वर-विशेष; (प्रामा)। २ उपयोग रखना, ख्याल करना ; " उत्ति उव-ओगकरणे "। (विसे ३१६८)। ३ गति-क्रिया ; (आवम)।

उ अ [**उ**] निम्नोक्त अर्थों का सूचक अव्यय ; — १ संबोधन, आमन्त्रण ; २ कोप-वचन, क्रोधोक्ति ; ३ अनुकम्पा, दया; ४ नियोग, हुकुम ; ५ विस्मय, आश्चर्य ; ६ अंगीकार, स्वीकार ; ७ प्रश्न, पृच्छा ; (हे २, २१७)।

उ अ [**तु**] इन अर्थों का द्योतक अव्यय , — १ समुच्चय, और ; (कप्प)। २ अवधारण, निश्चय ; (आवम)। ३ किन्तु, परन्तु ; (ठा ३, १)। ४ नियोग, आज्ञा ; ५ प्रशसा ; ६ विनिग्रह ; ७ शंका की निवृत्ति ; (उव)। ८ पादपूर्त्ति के लिए भी इसका प्रयोग होता है ; (उव)।

उ देखो **उव** ; " उओ उपे " (षड् २, १, ६८)।

उ° अ [**उत्**] निम्न अर्थों का सूचक अव्यय; — १ ऊंचा, ऊर्ध्व ; जैसे— 'उक्कमत' (आवम)। २ विपरीत, उलटा ; जैसे— 'उक्कम' (विसे)। ३ अभाव, रहितता , जैसे — 'उक्कर' (णाया १, १)। ४ ज्यादः , विशेष ; जैसे— 'उक्कोविय' (उप पृ ७८; विसे ३५७६)।

उअ अ [**दे**] विलोकन करो, देखो ; (दे १, ८६ टी ; हे २, २११)।

उअ अ [**उत**] इन अर्थों का सूचक अव्यय, — १ विकल्प, अथवा , २ वितर्क, विमर्श ; (कुमा)। ३ प्रश्न, पृच्छा ; ४ समुच्चय , ५ बहुत, अतिशय ; (हे १, १७२)।

उअ अ [**दे**] ऋजु, सरल ; (षड्)।

उअ देखो **उव** ; (गा ५० ; से ६, ६)।

उअ न [**उद**] पानी, जल। **°सिंधु** पुं [**°सिन्धु**] समुद्र, सागर ; (पि ३४०)।

उअ वि [**उदञ्च्**] उत्तर, उत्तर दिशा में स्थित। **°म-हिहर** पुं [**°महिध्र**] हिमाचल पर्वत , (गउड)।

उअअ न [**उदक**] पानी, जल ; (गा ५३ , से ६, ८८)।

उअअ देखो **उदय** ; (से १०, ३१)।

उअअ न [**उदर**] पेट, उदर ; (से ६, ८८)।

उअअ त्रि [**दे**] ऋजु, सरल, सीधा ; (दे १, ८८)।

उअअद (शौ) देखो **उवगय** ; (नाट)।

उअआरअ वि [**उपकारक**] उपकार करने वाला ; (गा ५०)।

उअआरि वि [**उपकारिन्**] ऊपर देखो ; (विक २५)।

उअइव्व वि [**उपजीव्य**] आश्रय करने योग्य, सेवा करने योग्य ; (से ६, ६)।

उअऊह सक [**उप+गूह्**] आलिंगन करना। संकृ—**उ-अऊहेऊण** ; (पि ५८६)।

उअएस देखो **उवएस** ; (गा १०१)।

उअंचण न [**उदञ्चन**] १ऊंचा फेंकना ; २ ढकने का पात्र, आच्छादक पात्र ; (दे ४, ११)

उअंचिद (शौ) वि [**उदञ्चित**] १ ऊंचा उठाया हुआ; ऊंचा फेंका हुआ ; (नाट)।

उअत पुं [**उदन्त**] हकीकत , वृत्तान्त, समाचार ; (पाअ ; प्रामा)।

उअकिद (शौ) वि [**उपकृत**] जिस पर उपकार किया गया हो वह ; (पि ६४)।

उअक्किअ वि [**दे**] पुरस्कृत, आगे किया हुआ ; (दे १, १०७)।

उअगअ देखो **उवगय** ; (गा ६४४)।

उअचित्त वि [**दे**] अपगत, निवृत्त ; (दे १, १०८)।

उअजीवि वि [**उपजीविन्**] आश्रित ; (अभि १८६)।

उअज्झाअ देखो **उवज्झाय** ; (नाट)।

उअट्टी स्त्री [**दे**] नीवी, स्त्री के कटि-वस्त्र की नाडी; " उअट्टी उच्चओ नीवी " (पाअ)।

उअट्ठिअ देखो **उवट्ठिय** ; (प्राप)।

उअण्णास देखो **उवण्णास** , (नाट)।

उअत्तंत देखो **उव्वट्ट**=उद्+वृत्।

उअत्थाण देखो **उवट्ठाण** ; (नाट)।

उअत्थिअ देखो **उवट्ठिय** ; (से ११, ७८)।

उअदिट्ठ देखो **उवइट्ठ** ; (नाट)।

उअभुत्त देखो **उवभुत्त**; (रभा)।

उअभोग देखो **उवभोग** ; (नाट)।

उअमिज्जंत वकृ [**उपमीयमान**] जिसकी तुलना की जाती हो वह ; (काप्र ८६६)।

उअर न [**उदर**] पेट ; (कुमा)।

उअरि } देखो **उवरि** ; (गा ६४, से ८, ७५)।
उअरिं }
उअरी स्त्री [**दे**] शाकिनी, देवी-विशेष ; (दे १, ९८)।
उअरुज्झ देखो **उवरुज्झ**। उअरुज्झदि (शौ); (नाट)।
उअरोअ } देखो **उवरोह** ; (प्राप ; नाट)।
उअरोह }
उअलद्ध देखो **उवलद्ध** , (नाट)।
उअविय वि [**दे**] उच्छिष्ट " इहरा मे णिसिमितं उअविय चेव गुरुमादी " (वृह १)।
उअह अ [**दे**] देखो, देखिए ; (दे १, ९८ ; प्राप्र)।
उअहार देखो **उवहार**, (नाट)।
उअहारी स्त्री [**दे**] दोग्ध्री , दोहने वाली स्त्री ; (दे १, १०८)।
उअहि पुं [**उदधि**] १ समुद्र, सागर ; (गउड)। २ स्वनाम-ख्यात एक विद्याधर राज-कुमार; (पउम ५, १६६)। ३ काल परिमाण, सागरोपम ; (सुर २, १३६)। ४ स्वनाम-ख्यात एक जैन मुनि ; (पउम २०, ११७)। देखो **उदहि**।
उअहि देखो **उवहि**=उपधि , (पच्च ६)।
उअहुज्जत देखो **उवभुंज**।
उअहोअ देखो **उवभोग** , (प्रवो ३०, नाट)।
उआअ देखो **उवाय**, (नाट)।
उआअण देखो **उवायण** ; (माल ४६)।
उआर देखो **उराल** ; (सुपा ६०७ ; कप्पू)।
उआर देखो **उवयार** ; (षड्, गउड)।
उआलंभ देखो **उवालंभ**=उपा+लभ्। कृ—**उआलंभणिज्ज**; (नाट)।
उआलंभ देखो **उवालंभ**=उपालम्भ ; (गा २०१)।
उआलि स्त्री [**दे**] अवतंस, शिरो-भूषण , (दे १, ९०)।
उआस पुं [**उदास**] नीचे देखो , (पिंग)।
उआसीण वि [**उदासीन**] १ उदासी, दिलगीर ; २ मध्यस्थ, तटस्थ ; (स ५४९ ; नाट)।
उइ सक [**उप+इ**] समीप जाना। उएइ,-उएउ; (वि ४९३)।
उइ अक [**उद्+इ**] उदित होना। उएइ ; (रंभा)। वकृ—**उइयंत** ; (रंभा)।
उइ देखो **उउ**। "अन्न वि हु तु उइओ सरिसा परं ते " (रंभा)। °**राय** पुं [°**राज**] वसन्त ऋतु , , (रंभा)।
उइअ वि [**उदित**] १ उदय-प्राप्त, उद्गत ; (सुपा १२७)। २ उक्त, कथित ; (विसे २३३; ८४६)। °**परक्कम** पुं [°**पराक्रम**] इक्ष्वाकु-वंश के एक राजा का नाम ; (पउम ५, ६)।
उइअ वि [**उचित**] योग्य, लायक ; (से ८, १०३)।
उइंतण न [**दे**] उत्तरीय वस्त्र, चादर; (दे १, १०३ ; कुमा)।
उइंद पुं [**उपेन्द्र**] इन्द्र का छोटा भाई, विष्णु का वामन अवतार; जो अदिति के गर्भ से हुआ था ; (हे १, ६)।
उइट्ठ वि [**अपकृष्ट**] हीन, संकुचित, " आउसियअक्खचम्म-उइट्ठगंडदेसं " (णाया १, ८)।
उइण्ण देखो **उदिण्ण** ; (ठा ५; विसे ५०३)।
उइण्ण वि [**उदीच्य**] उत्तर-दिशा-संबन्धी, उत्तर दिशा में उत्पन्न ; (आवम)।
उइयंत देखो **उइ**=उद्+इ।
उईण देखो **उदीण** ; (राय)
उईर देखो **उदीर**। " उईरेइ अइपीडं " (श्रा २७)। वकृ—**उईरंत** ; (पुप्फ १३)। संकृ— **उईरइत्ता** ; (सुअ १, ६)।
उईरण देखो **उदीरण**; (ठा ४; पुप्फ १९५)।
उईरणया } देखो **उदारणा** ; (विसे २५१५ टी ; कम्मप
उईरणा } १५८; विसे २९९२)।
उईरिय देखो **उदीरिय** ; (पुप्फ २१६)।
उउ त्रि [**ऋतु**] १ ऋतु, दो मास का काल-विशेष, वसन्त आदि छः प्रकार का काल ; (औप; अंत ७)। 'उऊए,' 'उऊइं ' (कप्प)। २ स्त्री-कुसुम, रजो-दर्शन, स्त्री-धर्म, (ठा ५, २)। °**बद्ध** पु [°**बद्ध**] शीत और उष्ण-काल, वर्षा-काल के अतिरिक्त आठ मास का समय ; (ओघ २६; २९५; ३४८)। ° **मास** पु [°**मास**] १ श्रावण मास ; (वव १, १)। २ तीस दिन वाला मास ; (सम)। °**य** वि [°**ज**] ऋतु में उत्पन्न, समय पर उत्पन्न होने वाला ; (पण्ह २, ५ ; णाया १, १),

" उयअगुरुवरपवरधूवणउउयमल्लाणुलेवणविहीसु।
गधेसु रज्जमाणा रमंति घाणिंदियवसट्टा "
(णाया १,१७)।

°**संधि** पुंस्त्री [°**संधि**] ऋतु का सन्धि-काल, ऋतु का अन्त समय ; (आचा)। °**संवच्छर** पुं [°**संवत्सर**] वर्ष-विशेष ; (ठा ५)। देखो **उइ**=उउ।

उउंवर देखो **उंवर**=उदुम्बर ; (कुमा; हे १, २७० ; षड्)।

उऊखल } पुंन [**उदूखल**] उलुखल, गूगल ; (कुमा, **उऊहल** } पड् ; हे १, १, १)।

उओग्गिअ वि [**दे**] संवद्ध , सयुक्त ; (षड्)।

उंघ अक [**नि+द्रा**] नींद लेना। उघइ ; (हे ४, १२)।

उंचहिआ स्त्री [**दे**] चक्र-धारा ; (दे १, १०६)।

उंछ पुं [**उञ्छ**] भिक्षा, माधुकरी ; (ऊप ६७७; ओघ ४२४)।

उंछअ पुं [**दे**] वस्त्र छीपने का काम करने वाला शिल्पी , छीपी ; जो कपडा छापता है , छीट वनाता है वह ; (दे १, ६८ ; पाअ)।

उंज सक [**सिच्**] सींचना, छीटकना । उंजिज्जा, (राज)। भवि—उजिस्सइ ; (सुपा १३६)।

उंज सक [**युज्**] प्रयोग करना, जोडना । "अहमवि उजेमि तह किंपि" (धम्म ८ टी)।

उंजायण न [**उञ्जायन**] गोत्र-विशेष, जो वशिष्ट गोत्र की एक शाखा है ; (ठा ७)।

उंजिअ वि [**सिक्त**] सिक्त, छीटका हुआ ; (सुपा १३६)।

उंड } वि [**दे**] १ गभीर, गहरा ; (दे १, ८५ ; सुपा **उंडग** } १५ ; उप १४७ टी ; ठा १० ; श्रा १६)। २ **उंडय** } पुं. पिण्ड, "वालाई मंसउडग मज्जाराई विराहेज्जा" (ओघ २४६ भा)। ३ चलते समय पॉव मे पिण्ड रूप से लग जाय उतना गहरा कीच, कर्दम , (ओघ ३३ भा)। ४ शरीर का एक भाग, मांस-पिण्ड "हिययउंडए" (विपा १, ५)।

उंडल न [**दे**] १ मञ्च, मचान, उच्चासन ; २ निकर, समूह; (दे १, १२६)।

उंडिया स्त्री [**दे**] मुद्रा-विशेष ; (राज)।

उंडी स्त्री [**दे**] पिण्ड, गोलाकार वस्तु "तत्थ णं एगा वरमऊरी दो पुट्ठे परियागते पिट्ठुंडीपंडुरे निव्वणे निरुवहए भिन्नमुट्ठिप्पमाणे मऊरीअंडए पसवति" (णाया १, ३)।

उंदर } पुंस्त्री [**उन्दुर**] मूषक, चूहा ; (गउड; पण्ह १, १ ; **उंदुर** } उवा; दे १, १०२)।

उंदुरअ पु [**दे**] लम्बा दिवस ; (दे २, १०५)।

उंव पु [**उम्ब**] वृक्ष-विशेष, "निवंवउवउंवर" (उप १०३१ टी)।

उंवर पु [**उदुम्बर**] १ वृक्ष-विशेष, गूलर का पेड ; (पण्ण १)। २ न. गूलर का फल; (प्राप्र)। ३ देहली, द्वार के नीचे की लकडी ; (दे १, ६०)। °**दत्त** पुं [°**दत्त**] १ यक्ष-विशेष ; (विपा १, ७)। २ एक सार्थवाह का पुत्र ; (विपा १, ७)। °**पंचग**, °**पणग** न [°**पञ्चक**] वड, पीपल, गूलर, प्लक्ष और काकोदुम्बरी इन पांच वृक्षों के फल , (सुपा ४६; भग ६, ३३)। °**पुप्फ** न [°**पुष्प**] गूलर का फूल; (भग ६, ३३)।

उंवर वि [**दे**] वहुत, प्रचुर ; (दे १, ६०)।

उंवरउप्फ न [**दे**] नवीन अभ्युदय, अपूर्व उन्नति ; (दे १ ११६)।

उंवा स्त्री [**दे**] वन्धन ; (दे १, ८६)।

उंबी स्त्री [**दे**] पका हुआ गेहूँ ; (दे १, ८६; सुपा ४७३)।

उंवेभरिया स्त्री [**दे**] वृक्ष-विशेष ; (पण्ण १)।

उंभ सक [**दे**] पूर्ति करना, पूरा करना ; (राज)।

उकिट्ठ देखो **उक्किट्ठ** ; (पिंग)।

उकुरुडिया [**दे**] देखो **उक्कुरुडिया** ; (निर १, १)।

उक्क वि [**उत्क**] १ उत्सुक, उत्कण्ठित ; (सुर ३, ५३)। एक विद्याधर राजा का नाम ; (पउम १०, २०)।

उक्क वि [**उक्त**) कथित ; (पिंग)।

उक्क न [**दे**] पाद पतन, पॉव पर गिर कर नमस्कार करना; (दे १, ८५)।

उक्कअ वि [**दे**] प्रसृत, फैला हुआ ; (पड्)।

उक्कंचण } न [**दे**] १ झूठी प्रशंसा करना, खुशामद ; **उक्कंचणया** } (णाया १, २)। २ ऊंचा करना, ऊठाना ; (सूअ २, २)। ३ झाड़ निकालना ; (निचू ५)। ४ घूस, रिशवत; (दसा २)। ५ मूर्ख पुरुष को ठगने वाले धूर्त का, समीपस्थ विचक्षण पुरुप के भय से, थोडी देर के लिए निश्चेष्ट रहना ; (औप)। °**दीव** पु [°**दीप**] ऊंचा दंड वाला प्रदीप ; (अंत)।

उक्कंछण न [**दे**] देखो **उक्कंचण** ; (राज)।

उक्कंठ अक [**उत्+कण्ठ्**] उत्कण्ठा करना, उत्सुक होना। उक्कंटेहि; (मै ७२)। वकृ—**उक्कंठंत** ; (मै ६२)। हेकृ—**उक्कंठिदुं** (शौ) ; (अभि १४७)।

उक्कंठा स्त्री [**उत्कण्ठा**] उत्सुकता, औत्सुक्य; (हे १, २५ ; ३०)।

उक्कंठिय, उक्कंठिर, उक्कंठुलय वि [**उत्कण्ठित**] उत्सुक ; (गा ५४२ ; सुर ३, ८६; पउम ११, ११८, वज्जा ६०) ।
उक्कंडय सक [**उत्कण्टय्**] पुलकित करना "दियसेवि भूयसंभावणाए उक्कंटयंति अंगाइं" (गउड) ।
उक्कंडय वि [**उत्कण्टक**] पुलकित, रोमाञ्चित , (गउड) ।
उक्कंडा स्त्री [**दे**] घूस, रिशवत ; (दे १, ९२) ।
उक्कंडिअ वि [**दे**] १ आरोपित ; २ खण्डित ; (पड्) ।
उक्कंत वि [**उत्क्रान्त**] ऊंचा गया हुआ , (भवि) ।
उक्कंति, उक्कंती स्त्री [**दे**] देखो **उक्कंदा** ; (दे १, ८७) ।
उक्कंद वि [**दे**] विप्रलब्ध, ठगा हुआ, वञ्चित ; (पड्) ।
उक्कंदल वि [**उत्कन्दल**] अङ्कुरित ; (गउड) ।
उक्कंदि, उक्कंदी स्त्री [**दे**] कूपतुला; (दे १, ८७) ।
उक्कंप अक [**उत्+कम्प्**] काँपना, हिलना ।
उक्कंप पुं [**उत्कम्प**] कम्प, चलन ; (सण ; गा ७३५) ।
उक्कंपिय वि [**उत्कम्पित**] १ चञ्चल किया हुआ, (राज) । २ न. कम्प, हिलन ;
"णीसासुक्कंपिअपुलइएहिं जाणंति णच्चिउं धण्णा ।
अम्हारिसीहिं दिट्ठे, पिअम्मि अप्पावि वीसरिओ"
(गा ३६१) ।
उक्कंपिय वि [**दे**] धवलित, सफेद किया हुआ ; (कप्प) ।
उक्कंबण न [**दे**] काठ पर काठ के हाते से घर की छत बाधना, घर का संस्कार-विशेष , (बृह १) ।
उक्कंबिय वि [**दे**] काठ से बांधा हुआ ; (राज) ।
उक्कच्छ वि [**उत्कच्छ**] स्फुट, स्पष्ट ; (पिंग) ।
उक्कच्छा स्त्री [**उत्कच्छा**] छन्द-विशेष , (पिंग) ।
उक्कच्छिआ स्त्री [**औपकक्षिकी**] जैन साध्वीओ को पहनने का वस्त्र-विशेष ; (ओघ ६७७) ।
उक्कज्ज वि [**दे**] अनवस्थित, चञ्चल ; (पड्) ।
उक्कट्ठि स्त्री [**उत्कृष्टि**] उत्कर्ष, " महता उक्कट्ठिसीहणादकलकलरवेण" (सुज्ज १९—पत्र २७८) । देखो **उक्किट्ठि** ।
उक्कड वि [**उत्कट**] १ तीव्र, प्रचण्ड, प्रखर ; (णदि; महा) । २ विशाल, विस्तीर्ण ; (कप्प; सुर १, १०९) । ३ प्रबल , (उवा ; सुर ६, १७२) ।
°**उक्कड** देखो **दुक्कड** ; (उप ६४६) ।
उक्कडिय वि [**दे**] तोड़ा हुआ, छिन्न ; (पाअ) ।
उक्कडिय देखो **उक्कुड्य** ; (कस) ।
उक्कड्ढग पुं [**अपकर्षक**] चोर की एक जाति—१ जो घर से धन आदि ले जाते हैं, २ जो चोरों को बुलाकर चोरी कराते है, ३ चोर की पीठ ठोकने वाले, चोर के सहायक, (पण्ह १,३ टी)।
उक्कड्ढिय वि [**उत्कर्षित**] १ उत्पाटित, ऊठाया हुआ ; २ एक स्थान से उठा कर अन्यत्र स्थापित ; (पिंड ३६१) ।
उक्कण्ण वि [**उत्कर्ण**] सुनने के लिए उत्सुक ; (से ९, १६) ।
उक्कत्त सक [**उत्+कृत्**] काटना, कतरना । वकृ—**उक्कत्तंत** ; (सुपा २१६) ।
उक्कत्त वि [**उत्कृत्त**] कटा हुआ, छिन्न; (विपा १, २) ।
उक्कत्तण न [**उत्कर्त्तन**] काट डालना, छेदन ; (पुप्फ ३८४) ।
उक्कत्तिय देखो **उक्कत्त**=उत्कृत्त ; (पउम ५६, २४) ।
उक्कत्थण न [**उत्कत्थन**] उखाडना ; (पण्ह १, १) ।
उक्कप्प पुं [**उत्कल्प**] शास्त्र-निषिद्ध आचरण ;(पंचभा)
उक्कम सक [**उत्+क्रम्**] १ ऊँचा जाना । २ उलटे क्रम से रखना । वकृ—**उक्कमंत** ; (आवम) । संकृ—**उक्कमिऊणं** ; (विसे ३५३१) ।
उक्कम पुं [**उत्क्रम**] उलटा क्रम, विपरीत क्रम ; (विसे २७१) ।
उक्कमित वि [**उपक्रान्त**] १ प्रारब्ध ; २ क्षीण,
'अब्भागमितम्मि वा दुहे, अहवा उक्कमिते भवंतीए ।
एगस्स गती य आगती, विदुमं ता सरणं ण मन्नइ"
(सूअ १, २, ३, १७) ।
उक्कर सक [**उत्+कृ**] खोदना । कवकृ—**उक्करिज्जमाण** ; (आवम) ।
उक्कर पुं [**उत्कर**] १ समूह, संघात; "सक्करुक्करसड्ढे" (सुपा ५१८) ; २ कर-रहित, राज-देय शुल्क से रहित ; (णाया १, १)।
उक्करड पुं [**दे**] १ अशुचि राशि ; २ जहां मैला इकठ्ठा किया जाता है वह स्थान ; (श्रा २७; सुपा ३५५) ।
उक्करिअ वि [**दे**] १ विस्तीर्ण, आयत , २ आरोपित ; ३ खण्डित ; (पड्) ।
उक्करिअ वि [**उत्कीर्ण**] खोदित, खोदा हुआ ; "टकुक्करियव्व निच्चलनिहितलोयणा" (महा) ।

उक्करिद (शौ) वि [**उत्कृत**] ऊंचा किया हुआ ; (स्वप्न ३६)।
उक्करिया स्त्री [**उत्करिका**] जैसे एरण्ड के बीज से उसका छिलका अलग होता है उस तरह अलग होना, भेद विशेष ; (भग ५, ४)।
उक्करिस सक [**उत्+ कृष्**] १ खीचना। २ गर्व करना, वड़ाई करना। वकृ—**उक्करिसंत** ; (से १४, ६)।
उक्करिस देखो **उक्कस्स**=उत्कर्ष ; (उव, विसे १७६६)।
उक्करिसण न [**उत्कर्षण**] १ उत्कर्ष, वड़ाई, महत्व। २ स्थापन, आधान ;
"उम्मिल्लइ लायण्णं पययच्छायाए सक्कय वयाणं।
सक्कयसक्कारुक्करिसणेण पययस्सवि पहावो ॥" (गउड)।
उक्करिसिय वि [**उत्कृष्ट**] खीच निकाला हुआ, उन्मूलित ; (से १४, ३)।
उक्कल देखो **उक्कड** ; (ठा ५, ३)।
उक्कल वि [**उत्कल**] १ धर्म-रहित ; २ न. चोरी ; (पराह १, ३ टी)। ३ पुं. देश-विशेष, जिसको आजकल 'उडिया' या 'ओरिसा' कहते हैं ; (प्रवो ७८)।
उक्कलंव सक [**उत्+लम्बय्**] फांसी लटकाना। उ-**क्कलवेमि** ; (स ६३)।
उक्कलंवण न [**उल्लम्बन**] फांसी लटकना ; (स ३५८)।
उक्कलिया स्त्री [**उत्कलिका**] १ लूता, मकड़ी, एक प्रकार का कीड़ा जो जाल वनाता है " उक्कलियंडे " (कप्प)। २ नीचे की तरफ वहने वाला वायु ; (जी ७)। ३ छोटा समुदाय, समूह-विशेष ; (ठा ३, १)। ४ लहरी, तरंग ; (राज)। ५ ठहर ठहर कर तरंग की तरह चलने वाला वायु ; (आचा)।
उक्कस सक [**गम्**] जाना, गमन करना। उक्कसइ ; (हे ४, १६२ ; कुमा)। प्रयो—उक्कसावेइ ; वकृ—**उक्कसावंत** ; (निचू १०)।
उक्कस देखो **ओकस**। वकृ—**उक्कसमाण** ; (कस)। हेकृ—**उक्कसित्तए** ; (आचा २, ३ १, १५)।
उक्कस देखो **उक्कुस** ; (कुमा)।
उक्कस देखो **उक्कस्स**=उत्कर्ष ; (सूत्र १, १, ४, १२) " तवस्सी अइउक्कसो " (दस ५, २, ४२)।
उक्कसण न [**उत्कर्षण**] १ अभिमान करना; (सूत्र १, १३) २ ऊँचा जाना। ३ निवर्तन, निवृत्ति ; ४ प्रेरणा; (राज)।
उक्कसाइ वि [**उत्कशायिन्**] सत्कारादि के लिए उत्कण्ठित ; (उत्त ३)।
उक्कसाइ वि [**उत्कषायिन्**] प्रवल कषाय वाला ; (उत्त १५)।
उक्कस्स अक [**अप+कृष्**] १ ह्रास प्राप्त होना, हीन होना। २ फिछलना; गिरना, पैर रपटने से गिर जाना। वकृ—**उ-क्कस्समाण** ; (ठा ५)।
उक्कस्स पुं [**उत्कर्ष**] १ गर्व, अभिमान ; (सूत्र १, १, ४, २)। २ अतिशय, उत्कृष्टता ; (भवि)।
उक्कस्स वि [**उत्कर्षवत्**] १ उत्कृष्ट, ज्यादः से ज्यादः " उक्कस्सठिईयाणं " (ठा १, १) ; " उक्कस्सा उदीरणया " (कम्मप १६६)। २ अभिमानी, गर्विष्ठ; (सूत्र १, १)।
उक्का स्त्री [**उल्का**] १ लूका, आकाश से जो एक प्रकार का अंगार सा गिरता है ; (ओघ ३१० भा ; जी ६)। छिन्न मूल दिग्दाह ; (आचू)। ३ अग्नि-पिण्ड ; (ठा ८)। ४ आकाश-वह्नि, (दस ४)। °**मुह** पुं [°**मुख**] १ अन्तर्द्वीप-विशेष ; २ उसके निवासी लोक ; (ठा ४, २)। °**वाय** पुं [°**पात**] तारा का गिरना, लूका गिरना। (भग ३, ६)।
उक्का स्त्री [**दे**] कूप-तुला (दे १, ८७)।
उक्काम सक [**उत्+क्रमिय्**] दूर करना, पीछे हटाना। " उक्कामयति जीवं धम्माओ तेण ते कामा " (दसनि २—पत्र ८७)।
उक्कारिया देखो **उक्करिया** ; (पण्ण ११ ; भास ७)।
उक्कालिय वि [**उत्कालिक**] वह शास्त्र, जिसका अमुक समय में ही पढने का विधान न हो ; (ठा २,१)।
उक्कास देखो **उक्कस्स**=उत्कर्ष ; (भग १२, ५)।
उक्कास वि [**दे**] उत्कृष्ट ; ज्यादः से ज्यादः ; (पड्)।
उक्कासिअ वि [**दे**] उत्थित, उठा हुआ ; (दे १, ११४)।
उक्किट्ठ वि [**उत्कृष्ट**] १ उत्कृष्ट, उत्तम ; (हे १, १२८; दं २६)। २ फल का शस्त्र-द्वारा किया हुआ टुकड़ा ; (दस ५, १, ३४)।
उक्किट्ठि स्त्री [**उत्कृष्टि**] हर्ष-ध्वनि, आनन्द का आवाज ; (औप ; भग २, १)। देखो **उवकट्ठि**।

उक्किण्ण वि [**उत्कीर्ण**] १ खोदित, खोदा हुआ ; (अभि १८२)। २ नष्ट ; (आचू २)।

उक्कित्त वि [**उत्कृत्त**] कटा हुआ , (से ५, ५१)।

उक्कित्तण न [**उत्कीर्त्तन**] १ कथन ; (पउम ११८, ३)। २ प्रशंसा, श्लाघा ; (चउ १)।

उक्कित्तिय वि [**उत्कीर्त्तित**] कथित, कहा हुआ , (चंद २)।

उक्किर सक [**उत्+कॄ**] खोदना, पत्थर आदि पर अक्षर वगैरः का शस्त्र से लिखना। उक्किरइ ; (पि ४७७)।

उक्किरिय देखो **उक्करिअ**=उत्कीर्ण ; (श्रा १४ ; सुपा ५१८)।

उक्कीर देखो **उक्किर**। उक्कीरसि ; (अणु)। वकृ—**उक्कीरमाण** ; (अणु)।

उक्कीरिअ देखो **उक्करिअ**=उत्कीर्ण ; (उप पृ ३१५)।

उक्कीलिय न [**उत्क्रीडित**] उत्तम क्रीड़ा ; (पउम ११५, ६)।

उक्कीलिय वि [**उत्कीलित**] कीलक से नियन्त्रित ; " उक्कीलिउव्व परिथंभिउव्व सुन्नुव्व मुक्कजीउव्व " (सुपा ४७५)।

उक्कुंड वि [**दे**] मत्त, उन्मत्त ; (दे १, ९१)।

उक्कुक्कुर अक [**उत्+स्था**] उठना, खड़ा होना। उक्कुक्कुरइ ; (हे ४, १७ ; षड्)।

उक्कुज्ज अक [**उत्+कुब्ज्**] ऊँचा होकर नीचा होना। संकृ—**उक्कुज्जिय** ; (आचा)।

उक्कुज्जिय न [**उत्कूजित**] अव्यक्त शब्द ; (निचू)।

उक्कुट्ट न [**उत्कुष्ट**] वनस्पति का कूटा हुआ चूर्ण ; (आचा ; निचू १ ; ४)।

उक्कुट्ठ न [**उत्क्रुष्ट**] ऊँचे स्वर से रोदन ; (दे १, ४७)।

उक्कुडुग } **उक्कुडुय** } वि [**उत्कुटुक**] आसन-विशेष, निषद्या-विशेष ; (भग ७. ६ ; ओघ १५६ भा ; णाया १, १)। स्त्री—उक्कुडुई ; (ठा ५, १)। °**ासणिय** वि [°**ासनिक**] उत्कुटुक-आसन से स्थित ; (ठा ५, १)।

उक्कुद्द अक [**उत्+कूर्द्**] कूदना, उछलना। उक्कुद्दइ ; (उत्त २७, ५)।

उक्कुरुड पुं [**दे**] राशि, ढग ; (दे १, ११०)।

उक्कुरुडिगा } **उक्कुरुडिया** } **उक्कुरुडी** } स्त्री [**दे**] घूरा, कूड़ा डालने की जगह , (उप ५९३ टी ; विपा १, १, णाया १, २; दे १, ११०)।

उक्कुस सक [**गम्**] जाना, गमन करना। उक्कुसइ ; (हे ४, १६२)।

उक्कुस वि [**उत्कृष्ट**] उत्तम, श्रेष्ठ ; (कुमा)।

उक्कूइय वि [**उत्कूजित**] अव्यक्त महा-ध्वनि ; (पण्ह १, १)।

उक्कूल वि [**उत्कूल**] १ सन्मार्ग से भ्रष्ट करने वाला ; २ किनारे से बाहर का ; ३ चोरी ; (पण्ह १, ३)।

उक्कूव अक [**उत्+कूज्**] अव्यक्त आवाज करना, चिल्लाना। वकृ—**उक्कूवमाण** ; (विपा १, ८ ; निर ३, १)।

उक्केर पुं [**उत्कर**] १ समूह, राशि ; ढग ; (कुमा ; महा)। २ करण-विशेष, कर्मों की स्थित्यादि को बढाना ; (विसे २५१४)। ३ भिन्न, एरण्ड के बीज की तरह जो अलग किया गया हो वह ; (राज)।

उक्केर पुं [**दे**] उपहार, भेंट ; (दे १, ९६)।

उक्केल्लाविय वि [**दे**] उकेलाया हुआ, खुलवाया हुआ ; " राइणा उक्केलियाइं चोल्लयाइं, निरूवियाइं समन्तओ, जाव दिट्ठं कत्थइ सुवण्णं, कत्थइ रुप्पयं, कत्थइ मणिमोत्तियपवालाइं " (महा)।

उक्कोट्टिय वि [**दे**] अवरोध-रहित किया हुआ, घेरा उठाया हुआ ; (स ६३९)।

उक्कोड न [**दे**] राज-कुल में दातव्य द्रव्य, राजा आदि को दिया जाता उपहार ; (वव १, १)।

उक्कोडा स्त्री [**दे**] घूस, रिशवत ; (दे १, ९२ ; पण्ह १, ३ ; विपा १, १)।

उक्कोडिय वि [**दे**] घूस लेकर कार्य करने वाला, घुसखोर ; (णाया १, १ ; औप)।

उक्कोडी स्त्री [**दे**] प्रतिशब्द, प्रतिध्वनि ; (दे १, ९४)।

उक्कोय वि [**उत्कोप**] प्रखर, उत्कट ; (सण)।

उक्कोयण देखो **उक्कोवण** ; (भवि)।

उक्कोया स्त्री [**उत्कोचा**] १ घूस, रिशवत ; २ मूर्ख को ठगने में प्रवृत्त धूर्त पुरुष का, समीपस्थ विचक्षण पुरुष के भय से, थोड़ी देर के लिए अपने कार्य को स्थगित करना ; (राज)।

उक्कोल पु [**दे**] घाम, धूप, गरमी ; (दे १, ८७)।

उक्कोवण न [**उत्कोपन**] उद्दीपन, उत्तेजन ; " मयणुक्कोवण " (भवि)।

उक्कोविअ वि [**उत्कोपित**] अत्यंत क्रुद्ध किया हुआ; (उप पृ ७८)।

उक्कोस सक [**उत्+क्रुश्**] १ रोना, चिल्लाना। २ तिरस्कार करना। वकृ—**उक्कोसंत** ; (राज)।

उक्कोस पुं [**उत्कर्ष**] १ प्रकर्ष, अतिशय; "उक्कोस-जहन्नेणं अंतमुहुत्तं चिय जियंति" (जी ३८; औप)। २ गर्व, अभिमान; (सूअ १, २, २, २६; सम ७१; ठा ४, ४—पत्र २७४)।

उक्कोस वि [**उत्कृष्ट**] उत्कृष्ट, अधिक से अधिक; "सुरनेरइयाण ठिई उक्कोसा सागराणि तित्तीसं" (जी ३६); कोसतिगं च मणुस्सा उक्कोससरीरमाणेणं" (जी ३२); तओ वियडदत्तीओ पडिगाहित्तए, तं जहा—उक्कोसा, मज्झिमा, जहण्णा" (ठा ३; उव)।

उक्कोस पुं [**उत्क्रोश**] १ कुरर, पक्षि-विशेष; (पण्ह १, १)। २ जोर से चिल्लाने वाला; (राज)।

उक्कोसण न [**उत्क्रोशन**] १ क्रन्दन। २ निर्भर्त्सन, तिरस्कार;

"उक्कोसणतज्जणताडणाओ अवमाणहीलणाओ य।
मुणिणो मुणियपरभवा दढप्पहारिव्व विसहंति" (उव)।

उक्कोसिअ वि [**उत्क्रोशित**] भर्त्सित, तिरस्कृत, धूतकारा हुआ; (उप पृ ७८)।

उक्कोसिअ देखो **उक्कोस**=उत्कृष्ट; (कप्प; भत्त ३७)।

उक्कोसिअ पुं [**उत्कौशिक**] १ गोत्र-विशेष का प्रवर्तक एक ऋषि; २ न. गोत्र-विशेष; "थेरस्स णं अज्जवइरसेणस्स उक्कोसियगोत्तस्स" (कप्प)।

उक्कोसिअ वि [**दे**] पुरस्कृत, आगे किया हुआ; (षड्)।

उक्कोसिया स्त्री [**उत्कृष्टि**] उत्कर्ष, आधिक्य; (भग)।

उक्कोस्स देखो **उक्कोस**=उत्कृष्ट; (विसे ५८७)।

उक्ख सक [**उक्ष्**] सिंचना; (सूअ २, २, ५५)।

उक्ख पुं [**उक्ष**] १ संबन्ध; (राज)। २ जैन साध्वीओं के पहनने के वस्त्र-विशेष का एक अंश; (बृह १)।

उक्ख देखो **उच्छ**=उक्षन्; (पाअ)।

उक्खइअ वि [**उत्खचित**] व्याप्त, भरा हुआ; (से १, ३३)।

उक्खंड सक [**उत्+खण्डय्**] तोड़ना, टुकड़ा करना। वकृ—**उक्खंडंत** ; (नाट)।

उक्खंड पुं [**दे**] १ संघात, समूह; २ स्थपुट, विषमोन्नत प्रदेश; (दे १, १२६)।

उक्खंडण न [**उत्खण्डन**] उत्कर्तन, विच्छेदन; (विक्र २८)।

उक्खंडिअ वि [**उत्खण्डित**] खण्डित, छिन्न; (से ५, ४३)।

उक्खंडिअ वि [**दे**] आक्रान्त, दवाया हुआ; (दे १, ११२)।

उक्खंद पुं [**अवस्कन्द**] १ घेरा डालना; २ छल से शत्रु-सैन्य को मारना; (पण्ह १, ३)।

उक्खंभ पुं [**उत्तम्भ**] अवलम्ब, सहारा; (संथा)।

उक्खंभिय देखो **उत्थंभिय** ; (भवि)।

उक्खंभिय न [**औत्तम्भिक**] अवलम्ब, सहारा; (राज)।

उक्खडमड्डु अ [**दे**] पुनः पुनः, वारंवार; "उक्खडमड्डुत्ति वा भुज्जो भुज्जोत्ति वा पुणो पुणोत्ति वा एगट्ठा" (वव २, १)।

उक्खण सक [**उत्+खन्**] उखेडना, उच्छेदन करना, काटना। **उक्खणाहि** ; (पण्ह १, १)। संकृ—**उक्खणिऊण** ; (निचू १)। कर्म—**उक्खम्मंति** ; (पि ५४०)। कवकृ—**उक्खम्मंत** ; (से ७, २८)। कृ—**उक्खम्मिअव्व** ; (से १०, २६)।

उक्खण सक [**दे**] खांडना, कूटना, मुशल वगैरः से व्रीहि आदि का छिलका दूर करना; (दे १,११५)।

उक्खण वि [**दे**] अवकीर्ण, चूर्णित; (षड्)।

उक्खणण न [**उत्खनन**] उन्मूलन, उत्पाटन; (पण्ह १, १)।

उक्खणण न [**दे**] खांडना, निस्तुषीकरण; (दे १, ११५ टी)।

उक्खणिअ न [**दे**] खण्डित, निस्तुषीकृत; (दे १, ११५)।

उक्खत्त देखो **उक्खय** ; (पि ९०; १९३; ५६६)।

उक्खम्म° देखो **उक्खण**= उत्+खन्।

उक्खय वि [**उत्खात**] १ उखाडा हुआ, उन्मूलित; (णाया १, ७; हे १, ६७; षड्; महा)। २ खुला हुआ, उद्घाटित;

"एत्थन्तरम्मि पत्तो, सुदाढविज्जाहरो तहिं भवणे।
उक्खयखग्गा-दिट्ठा, जूयारा तेणवि दुवारे"
(सुपा ४००)।

उक्खल } **उक्खलग** } देखो **उऊखल** ; (हे २, ९०; सूअ १, ४, २, १२)।

उक्खलिय वि [दे. उत्खण्डित] उन्मूलित, उत्पाटित ; (से ६, ३६) ।

उक्खलिया, **उक्खली** स्त्री [दे] थाली, पात्र-विशेष ; (दे १, ८८) ; " उक्खलिया थाली जा साधुणिमित्तं सा आहाकम्मिया " (निचू १) ।

उक्खा स्त्री [उखा] स्थाली, भाजन-विशेष ; (आचा २, १, १) ।

उक्खाइद (शौ) वि [उत्खातित] उद्धृत ; (उत्तर ६७) ।

उक्खाय देखो **उक्खय** ; (हे १, ६७ ; गा २७३) ।

उक्खाल सक [उत्+खन्, खालय्] उखाड़ना, उन्मूलन करना । संकृ—**उक्खालइत्ता** ; (रंभा) ।

उक्खिण देखो **उक्खण**=उत्+खन् । उक्खिणमि ; (भवि) । संकृ—**उक्खिणिवि** (अप) ; (भवि) ।

उक्खिण्ण वि [दे] १ अवकीर्ण, ध्वस्त, चूर्णित ; २ छन्न, गुप्त ; ३ पार्श्व में शिथिल, एक तरफ से ढीला ; (दे १, १३०) ।

उक्खित्त, **उक्खित्तय** वि [उत्क्षिप्त] १ फेंका हुआ ; २ ऊँचा उडाया हुआ ; (पाअ) । ३ ऊँचा किया हुआ ; (गाया १, १) । ४ उन्मूलित, उत्पाटित ; (राज) । ५ बाहर निकाला हुआ ; (पण्ह २, १) । ६ उत्थित ; (पिंग) । ७ न. गेय-विशेष ; (राय ; ठा ४, ४) । °**चरय** वि [°चरक] पाक-पात्र से बाहर निकाले हुए भोजन को ही ग्रहण करने का नियम वाला (साधु) ; (पण्ह २, १) ।

उक्खिप्प देखो **उक्खिव**=उत्+क्षिप् ।

उक्खिय वि [उक्षित] सिक्त, सिंचा हुआ ; ' चंदणोक्खिय-गायसरीरे " (सूअ २, २, ५५ ; कप्पू) ।

उक्खिव सक [उप + क्षिप्] स्थापन करना ; " सुयस्स य भगवओ चेव नामं उक्खिविस्सामो " । (स १६२) ।

उक्खिव सक [उत्+क्षिप्] १ फेंकना । २ ऊँचा फेंकना । ३ उडाना । ४ बाहर करना । ५ काटना । ६ उठाना । उक्खिवेइ ; (सूक्त ५६) । वकृ—" पाएवि **उक्खिवंती** न लज्जति णट्टिया सुणेवत्था " (बृह ३) । संकृ—**उक्खिविउं** ; **उक्खिप्प** ; (पि ५७५ ; आचा २, २, ३) । कवकृ—**उक्खिप्पंत, उक्खिप्पमाण** ; (से ६, ३५ ; पण्ह १, ४) ; **उच्छिप्पंत** ; (से २, १३) ।

उक्खिवण न [उत्क्षेपण] १ फेंकना, दूर करना । २ वि. दूर करने वाला ; (कुमा) ।

उक्खिवणा स्त्री [उत्क्षेपणा] बाहर करना, दूर करना ; (बृह १) ।

उक्खिविय देखो **उक्खित्त** ; (सुर २, १८०) ।

उक्खुंड पुं [दे] १ उल्मुक, अलात, मसाल ; २ समूह ; ३ वस्त्र का एक अंश, अञ्चल ; (दे १, १२५) ।

उक्खुड सक [तुड्] तोड़ना, टुकडा करना । उक्खुडइ ; (हे ४, ११६) ।

उक्खुडिअ वि [तुडित] १ खण्डित, छिन्न, भिन्न ; (कुमा ; से ४, २१ ; सुपा २६२) । २ व्यय किया हुआ, खर्च किया हुआ,

" एत्तियकाला इण्हिं, उक्खुडियं सालिमाइयं नाउं ।
तुह जोग्गं तो सहसा, पुणो पुणो कुट्टियं हिययं "
(सुपा १५) ।

उक्खुत्त वि [दे. उत्कृत्त] काटा हुआ ; " रणुदुर-दतुक्खुत्तविसंवलियं तिलच्छेत्तं " (गा ७६६) ।

उक्खुरुहुंचिअ वि [दे] उत्क्षिप्त, फेंका हुआ ; (दे १, ४) ।

उक्खुहिअ वि [उत्क्षुब्ध] क्षुब्ध, क्षोभ-प्राप्त ; (से ७, १६) ।

उक्खेव पुं [उत्क्षेप] १ उत्पाटन, उन्मूलन ; (औप) । २ ऊँचा करना ; (गउड) । ३ जो उठाया जाय वह ; "उक्खेवे निक्खेवे महल्लभाणम्मि " (पिंड ५७०) ।

उक्खेव पुं [उपक्षेप] उपोद्घात, भूमिका ; (उवा ; विपा १, २ ; ३ ; ४) ।

उक्खेवग वि [उत्क्षेपक] १ ऊँचा फेंकने वाला । २ पुं. एक जात का पंखा , व्यजन-विशेष ; (पण्ह २, ५) ।

उक्खेवण न [उत्क्षेपण] १ फेंकना ; (पउम ३७, ५०) । २ उन्मूलन, उत्पाटन ; (सूअ २, १) ।

उक्खेविअ वि [उत्क्षेपित] जलाया हुआ (धूप) ; (भवि) ।

उक्खोडिअ वि [उत्खोटित] १ उत्क्षिप्त, उडाया हुआ ; (पाअ) । २ छिन्न, उखाडा हुआ ; (दे १, १०५ ; १११) ।

उग अक [उत्+गम्] उदित होना । उगइ ; (नाट) ।

उग (अप) वि [उद्गत] उदित ; (पिंग) ।

उगाहिअ वि [दे] उत्क्षिप्त, फेंका हुआ ; (षड्) ।

उग्ग अक [उद्+गम्] उदित होना। उग्गे, (पिंग)। वकृ—**उग्गंत**, "देव! पणयजणकल्लाणकंदुट्टविसट्टणुग्गंतमिह (? हि) राणुगारिणो" (धर्मा ५)।

उग्ग सक [उद्+घाटय्] खोलना। उग्गइ; (हे ४, ३३)।

उग्ग वि [उग्र] १ तेज, तीव्र, प्रबल, (पउम ८३, ४)। २ क्षत्रिय की एक जाति, जिसको भगवान् आदिदेव ने आरक्षक-पद पर नियुक्त की थी; (ठा ३, १)। °**वई** स्त्री [°वती] ज्योतिः-शास्त्र-प्रसिद्ध नन्दा-तिथि की रात; (जं ७)। °**सिरि** पुं [°श्रीक] राक्षस वंश का एक राजा, स्वनाम-ख्यात एक लंकेश; (पउम ५, २६४)। °**सेण** पुं [°सेन] मथुरा नगरी का एक यदुवंशीय राजा; (णाया १, १६; अंत)।

उग्गंध वि [उद्गन्ध] अत्यन्त सुगन्धित; (गउड)।

उग्गच्छ } अक [उद्+गम्] उदय-प्राप्त होना, उदित **उग्गम** } होना। उग्गच्छदि (शौ); (नाट)। उग्गमइ; (वज्जा १६)। उग्गमेज्ज; (काल)। वकृ—**उग्गमंत, उग्गममाण**; (सुपा ३८; पण्ण १)।

उग्गम पुं [उद्गम] १ उत्पत्ति, उद्भव; "तत्थुग्गमो पसूई पभवो एमाई होंति एगट्ठा" (राज)। २ उदय, "सूरुग्गमो" (सुर ३, २५०)। ३ उत्पत्ति से संबन्ध रखने वाला एक भिक्षा-दोष; (ओघ ६५; ५३० भा; ठा १०)।

उग्गमिय वि [उद्गमित] उपार्जित; (निचू २)।

उग्गय वि [उद्गत] उत्पन्न, जात; (आव ३)। २ उदित, उदय-प्राप्त; (सुर ३, २४७)। ३ व्यवस्थित, (राज)।

उग्गह सक [रचय्] रचना, बनाना, निर्माण करना, करना। उग्गहइ; (हे ४, ६४)।

उग्गह सक [उद्+ग्रह] ग्रहण करना। उग्गहेइ; (भग)। संकृ—**उग्गहित्ता**; (भग)।

उग्गह पुं [अवग्रह] इन्द्रिय-द्वारा होने वाला सामान्य ज्ञान-विशेष; (विसे)। २ अवधारण, निश्चय; (उत्त)। ३ प्राप्ति, लाभ; (आचू)। ४ पात्र, भाजन; (पंचा ३)। ५ साध्वीओं का एक उपकरण; (ओघ ६६६; ६७६)। ६ योनि-द्वार; (बृह ३)। ७ ग्रहण करने योग्य वस्तु; (पण्ह १, ३)। ८ आश्रय, आवास-स्थान, वसति; (आचा); "आहापडिरूवं उग्गहं ओगिन्हित्ता" (णाया १, १)। ६ वह वस्तु, जिस पर अपना प्रभुत्व हो, अधीन चीज; (बृह ३)। १० देव या गुरु से जितनी दूरी पर रहने का शास्त्रीय विधान है उतनी जगह, मर्यादित भू-भाग, गुर्वादि की चारों तरफ की शरीर प्रमाण जमीन; "अणुजाणह मे मिउग्गहं" (पडि)। °**णंत**, °**णंतग** न [°नन्त, °क] जैन साध्वीओं का एक गुह्याच्छादक वस्त्र; जांघिया, लंगोट; "छादतोग्गहणंतं" (बृह ३)। °**पट्ट, °पट्टग** पुंन [°पट्ट, °क] देखो पूर्वोक्त अर्थ; "नो कप्पइ निग्गंथाणं उग्गहणंतगं वा उग्गहपट्टगं वा धारित्तए वा परिहरित्तए वा" (बृह ३)।

उग्गहण न [अवग्रहण] इन्द्रिय-द्वारा होने वाला सामान्य ज्ञान; "अत्थाणं उग्गहणं अवग्गहं" (विसे १७६)।

उग्गहिअ वि [रचित] १ निर्मित, विहित; (कुमा)।

उग्गहिअ वि [अवगृहीत] १ सामान्य रूप से ज्ञात; २ परोसने के लिए उठाया हुआ; (ठा १)। ३ गृहीत; ४ आनीत; ५ मुख में प्रक्षिप्त; "तिविहे उग्गहिए पण्णत्ते;—जं च उग्गिण्हइ, जं च साहरइ, जं च आसगम्मि पक्खिवति" (वव २, ८)।

उग्गहिअ वि [दे] निपुण-गृहीत, अच्छी तरह लिया हुआ; (दे १, १०४)।

उग्गा सक [उद्+गै] १ ऊँचे स्वर से गाना, गान करना। २ वर्णन करना। ३ श्लाघा करना।

"उग्गाइ गाइ हसइ, असंवुडो सयं करेइ कंदप्पं।
गिहिकज्जचिंतगो वि य, ओसन्ने देइ गेण्हइ वा" (उव)।

वकृ—**उग्गायंत**; (सुर ८, १८६)। कवकृ—**उग्गीयमाण**; (पउम २, ४१)।

उग्गाढ वि [उद्गाढ] १ अति-गाढ, प्रबल, (उप ६८६ टी; सुपा ६४)। २ स्वस्थ, तदुरस्त; (बृह १)।

उग्गायंत देखो **उग्गा**।

उग्गार } पुं [उद्गार] १ वचन, उक्ति; "ते पिसुणा **उग्गाल** } जे ण सहंति णिग्गुणा परगुणुग्गारे" (गउड)। २ शब्द, आवाज, ध्वनि; "तियसरहपेल्लियघणो णहदुदुहिवहलगज्जिउग्गारो", "अहिताडियकंसुग्गारझंझणांपडिरवाहोओ" (गउड)। ३ डकार; ४ वमन, ओकाई; (नाट; कस) "जिणझाणालणाडज्झंतमयणधूमुग्गारेणं पिव .. ..केसकलावेणं" (स ३१३; निचू १०)। ५ जल का छोटा प्रवाह, "उग्गालो छिंछोली" (पाअ)। ६ रोमन्थ, पगुराना, "रोमंथो उग्गालो" (पाअ)।

उग्गाह सक [उद् + ग्रह्] ग्रहण करना ; " भायणवत्थाइं पमज्जइ , पमज्जइत्ता भायणाइं **उग्गाहेइ** " (उवा)। संकृ—" **उग्गाहेत्ता** जेणेव समणे भगवं महावीरे तेणेव उवागच्छइ " (उवा)।

उग्गाह सक [अव+गाह्] अवगाहन करना । " उग्गाहेंति नाणाविहाओ चरिगच्छामहियाओ " (स १७)।

उग्गाह पुं देखो **उग्गाहा** , (पिंग)।

उग्गाहण न [उद्ग्राहण] तगादा, दी हुई चीज की माँग ; (सुपा ५७८)।

उग्गाहणिआ स्त्री [उद्ग्राहणिका] ऊपर देखो " उज्जाणपालयाणं पासम्मि गओ तया सोवि। उग्गाहणियाहेउं " (सुपा ६३२)।

उग्गाहणी स्त्री [उद्ग्राहणी] ऊपर देखो ; (द्र ६)।

उग्गाहा स्त्री [उद्गाथा] छन्द-विशेष ; (पिंग)।

उग्गाहिअ वि [दे. उद्ग्राहित] १ गृहीत, लिया हुआ ; २ उत्क्षिप्त, फेंका हुआ ; ३ प्रवर्तित ; (दे १, १३७)। ४ उचालित, ऊँचे से चलाया हुआ ; (पात्र; स २१३)।

उग्गाहिम वि [अवगाहिम] तली हुई वस्तु ; (पराह २, ५)।

उग्गिण्ण } वि [उद्गीर्ण] १ उक्त, कथित ; (भवि)।
उग्गिन्न } २ वान्त, उद्गीर्ण ; (गाया १, १)। ३ उठाया हुआ, ऊपर किया हुआ ;
" उग्गिन्नखग्गमवलं, अवलोइय नरवईवि विम्हइओ।
चिंतेइ अहो धट्ठा, मज्झ वहट्ठा इह पविट्ठा" (सुर १६, १४७),
" निदय ! नियविणीवहकलंकमलिणोव्व र तुमं जाओ।
उग्गिन्नखग्गपसरतकंतिसामलियसव्वंगो " (सुपा ५३८)।

उग्गिर देखो **उग्गिल** । उग्गिरइ ; (मुद्रा १२१)। वकृ—**उग्गिरंत** ; (काल)।

उग्गिरण न [उद्गरण] १ वान्ति, वमन , २ उक्ति, कथन; " मायालिणोवि अवमाणवंचणा ते परस्स न करेंति।
सुहदुक्खुग्गिरणत्थं, साहू उयहिव्व गंभीरा " (उव)।

उग्गिल सक [उद्+गॄ] १ कहना, बोलना। २ डकार करना। ३ उलटी करना, वमन करना। ४ उठाना। वकृ—" अग्गिजालुग्गिलंतवयणं " (गाया १, ८)। संकृ—**उग्गिलित्ता** ; (कप्प), **उग्गिलेत्ता** ; (निचू १०)।

उग्गिलिअ देखो **उग्गिण्ण** ; (पात्र)।

उग्गीय वि [उद्गीत] १ उच्च स्वर से गाया हुआ ; (दे १, १६३)। २ न. संगीत, गीत, गान ; (से १, ६५)।

उग्गीयमाण देखो **उग्गा** ।

उग्गीर देखो **उग्गिर** । वकृ—" खग्गं **उग्गीरंतो** इत्थिवहत्थं, हयासलायाणं " (सुपा १५८)।

उग्गीरिअ देखो **उग्गिण्ण** ; " उग्गीरिओ ममोवरि, जमजीहादीहतरलकरवाल। " (सुपा १५८)।

उग्गीव वि [उद्ग्रीव] उत्कण्ठित, उत्सुक ; (कुमा)। °**क्कय** वि [°कृत] उत्कण्ठित किया हुआ ; (उप १०३१ टी)।

उग्गुलुंछिआ स्त्री [दे] हृदय-रस का उछलना, भावोद्रेक , (दे १, ११८)।

उग्गोव सक [उद्+गोपय्] १ खोजना। २ प्रकट करना। ३ विमुग्ध करना। वकृ—" इत्थी वा पुरिसे वा सुविणंते एगं महं किरहसुत्तगं वा जाव सुकिल्लसुत्तगं वा पासमाणे पासति, **उग्गोवेमाणे** उग्गोवेइ " (भग १६, ६)।

उग्गोवणा स्त्री [उद्गोपना] १ खोज, गवेषणा ;
" एसण गवेसणा लग्गणा य उग्गोवणा य बोद्धव्वा।
एए उ एसणाए नामा एगट्ठिया होंति " (पिंड ७३)।
२ देखो **उग्गम** ; " उग्गम उग्गोवण मग्गणा य एगट्ठियाणि एयाणि " (पिंड ८५)।

उग्गोविय वि [उद्गोपित] विमोहित, भ्रान्त , " उग्गोवियमिति अप्पाणं मन्नति " (भग १६, ६)।

उग्घ देखो **उंघ** । उग्घइ ; (षड्)।

उग्घट्टि } स्त्री [दे] अवतंस, शिरो-भूषण ; (दे
उग्घट्टी } १, ६०)।

उग्घड सक [उद्+घाटय्] खोलना ; (प्रामा)।

उग्घडिअ वि [उद्घाटित] खुला हुआ। २ छिन्न, नष्ट किया हुआ ; (से ११, १३०)।

उग्घर वि [उद्गृह] गृह-त्यागी, जिसने घरबार छोड कर संन्यास लिया हो वह, साधु ;
" चंदोव्व कालपक्खे परिहाई पए पए पमायपरो।
तह उग्घरविग्घरनिरंगणो वि नय इच्छियं लहइ "
(गाया १, १० टी)।

उग्घव देखो **अग्घव** । उग्घवइ ; (हे ४, १६६ टि ; गज)।

उग्घाअ पुं [दे] १ समूह, सघात ; (दे १, १२६ ; स ७७; ४३६ ; गउड ; से ५, ३४)। २ स्थपुट, विषमोन्नत प्रदेश ; (दे १, १२६)।

उग्घाअ पुं [उद्घात] १ आरम्भ, प्रारभ ; " उग्घाओ आरंभो " (पाअ)। २ प्रतिघात, ठोकर लगना ; ३ लघूकरण, भाग पात ; (ठा ३)। ४ उपोद्घात, भूमिका ; (विसे १३४८)। ५ हास ; (ठा ५, २)। ६ न. प्रायश्चित-विशेष ; ७ निशीथ सूत्र का एक अंश, जिसमें उक्त प्रायश्चित का वर्णन है ; " उग्घायमणुग्घायं आरोवण तिविहमो निसीहं तु " (आव ३)।

उग्घाइम वि [उद्घातिम] १ लघु, छोटा ; २ न. लघु प्रायश्चित ; (ठा ३)।

उग्घाइय वि [उद्घातित] १ विनाशित ; (ठा १०)। २ न. लघु प्रायश्चित ; (ठा ५)।

उग्घाइय न [उद्घातिक] लघु प्रायश्चित ; (कस)।

उग्घाड सक [उद्+घाटय्] १ खोलना। २ प्रकट करना। ३ बाहर करना। उग्घाडइ ; (हे ४, ३३)। उग्घाडए ; (महा)। संकृ—**उग्घाडिऊण** ; (महा)। कृ—**उग्घाडिअव्व** ; (श्रा १६)। कवकृ— **उग्घाडिज्जंत** ; (से ५, १२)।

उग्घाड वि [उद्घाट] १ खुला हुआ, अनाच्छादित ; (पउम ३६, १०७)। २ थोड़ा बन्द किया हुआ ; " उग्घाडकवाडउग्घाडणाए " (आव ४)। ३ व्यक्त, प्रकट ; ४ परिपूर्ण, अन्यून ; " एत्थंतरम्मि उग्घाडपोरिसीसूयगो वली पत्तो " (सुपा ६७)।

उग्घाडण न [उद्घाटन] १ खोलना ; (आव ४)। २ वाहर करना, वाहर निकालना ; (उप पृ ३६७)।

उग्घाडणा स्त्री [उद्घाटना] ऊपर देखो ; (आव ४)।

उग्घाडिअ वि [उद्घाटित] १ खुला हुआ ; २ प्रकटित, प्रकाशित ; (से २, ३७)।

उग्घायण न [उद्घातन] १ नाश, विनाश ; (आचा)। २ पूज्य स्थान, उत्तम जगह ; ३ सरोवर में जाने का मार्ग ; (आचा २, ३)।

उग्घार पुं [उद्घार] सिञ्चन, छिटकाव ; " विणिंतरहिरुग्घारं निवडिओ धरणिवट्टे " (स ५६८)।

उग्घिट्ट } वि [उद्घृष्ट] संघृष्ट " नमिरसुरकिरीडुग्घिट्ट-
उग्घुट्ट } पायारविंदं " (लहुअ ४ ; से ६, ८०)।

उग्घुट्ठ [उद्घुष्ट] घोषित, उद्घोषित ; (सुर १०, १४ ; सण), " अमरवहुग्घुट्ठजयजयारवं " (महा)।

उग्घुट्ठ वि [दे] उत्प्रोञ्छित, लुप्त, दूरीकृत, विनाशित ; (दे १, ६६ ;) उग्घालिरवेणीमुहथणलग्गुग्घुट्ठमहिरआ .जणअसुआ " (से ११, १०२)।

उग्घुस सक [मृज्] साफ करना मार्जन करना। उग्घुसइ; (हे ४, १०५)।

उग्घुस सक [उद्+घुष्] देखो **उग्घोस**। संकृ—**उग्घुसिअ** ; (नाट)।

उग्घुसिअ वि [मृष्ट] मार्जित, साफ किया हुआ ; (कुमा)।

उग्घोस सक [उद्+घोषय्] घोषणा करना, ढिंढोरा पिटवाना, जाहिर करना। उग्घोसह ; (विपा १, १)। वकृ—**उग्घोसेमाण** ; (विपा १, १ ; णाया १, ५)। कवकृ—**उग्घोसिज्जमाण** ; (विपा १, २)।

उग्घोस पुं [उद्घोष] नीचे देखो ; (स्वप्न २१)।

उग्घोसणा स्त्री [उद्घोषणा] डोंडी पिटवाना, ढिढोरा पिटवा कर जाहिर करना ; (विपा १, १)।

उग्घोसिय वि [मार्जित] साफ किया हुआ " उग्घोसियसुनिम्मलं व आयंसमंडलतलं " (पण्ह २, ५)।

उग्घोसिय वि [उद्घोषित] जाहिर किया हुआ, घोषित ; (भवि)।

उघूण वि [दे] पूर्ण, भरपूर ; (षड्)।

उचिय वि [उचित] योग्य, लायक, अनुरूप ; (कुमा ; महा)। °**ण्णु** वि [°ज्ञ] विवेकी ; (उप ७६८ टी)।

उच्च न [दे] नाभि-तल ; (दे १, ८६)।

उच्च } वि [**उच्च, °क, उच्चैस्**] १ ऊँचा ;
उच्चअ } (कुमा)। २ उत्तम, उत्कृष्ट ; (हे २, १५४ ; सुअ १, १०)। °**च्छंद** वि [°**च्छन्दस्**] स्वैर, स्वेच्छाचारी ; (पण्ह १, २)। °**णागरी** देखो °**नागरी** ; (कप्प)। °**त्त** न [**त्व**] १ ऊँचाई; (सम १२; जी २८)। २ उत्तमता ; (ठा ४, १)। °**त्तभयग, °त्तभयय** पुं [°**त्वभृतक**] जिसमें समय और वेतन का इकरार कर यथासमय नियत काम लिया जाय वह नौकर ; (राज ; ठा ४, १)। °**त्तरिया** स्त्री [°**त्तरिका**] लिपि-विशेष ; (सम ३५)। °**त्थवणय** न [°**स्थापनक**] लम्बगोलाकार वस्तु-विशेष, " धणगस्स णं अणगारस्स गीवाए अयमेयारूवे तवरूवलावन्ने होत्था, से जहानामए करगगीवा इवा कुंडियागीवा इवा उच्चत्थवणए इवा " (अनु)। °**वचिआ**

स्त्री [°वचिका] ऊँचा-नीचा करना, जैसे तैसे रखना, "कह तंपि तुइ ण णाअं जह सा आसं दआस बहुआणं। काऊण उच्चवचिअं तुह दंसणलेहला पडिआ" (गा ६६७)। °वाय पुं [°वाद] प्रशंसा, श्लाघा; (उप ७२८ टी)। देखो उच्चा।

उच्चइअ वि [उच्चयित] एकत्रीकृत, इकट्ठा किया हुआ; (काल)।

उच्चंतय पुं [उच्चन्तग] दन्त-रोग, दान्त में होने वाला रोग-विशेष; (राज)

उच्चंपिअ वि [दे] दीर्घ, लम्बा, आयत; (दे १, ११६)। २ आक्रान्त, दबाया हुआ, रोंदा हुआ; "सीसं उच्चंपिअं" (तंदु)।

उच्चड्डिअ वि [दे] उत्क्षिप्त, ऊँचा फेंका हुआ; (दे १, १०६)।

उच्चत्त वि [उत्यक्त] पतित, त्यक्त; (पाअ)।

उच्चत्तवरत्त न [दे] १ दोनों तरफ का स्थूल भाग; २ अनियमित भ्रमण, अव्यवस्थित विवर्तन; (दे १, १३६); ३ दोनों तरफ से ऊँचा नीचा करना; (पाअ)।

उच्चत्थ वि [दे] दृढ, मजबूत; (दे १, ६७)।

उच्चदिअ वि [दे] मुषित, चुराया हुआ; (षड्)।

उच्चप्प वि [दे] आरूढ, ऊपर बैठा हुआ; (दे १, १००)।

उच्चय सक [उत्+त्यज्] त्याग देना, छोड़ देना। कृ— **उच्चयणिज्ज**; (पउम ६६, २८)।

उच्चय पुं [उच्चय] १ समूह, राशि; "रयणोच्चयं विसालं" (सुपा ३४; कप्प)। २ ऊँचा ढग करना; (भग ८, ६)। ३ नीवी, स्त्री के कटी-वस्त्र की नाड़ी; (पाअ)। °बंध पुं [°बन्ध] बन्ध-विशेष, ऊपर ऊपर रख कर चीजों को बांधना; (भग ८, ६)।

उच्चय पु [अवचय] इकट्ठा करना, एकत्रीकरण; (दे २,५६)।

उच्चर सक [उत्+चर्] १ पार जाना, उत्तीर्ण होना। २ कहना, बोलना। ३ अक. समर्थ होना, पहुँच सकना; ४ बाहर निकलना। उच्चरए; (सूक्त ४६)। "मूलदेवेण य निरुवियाइं पासाइं जाव दिट्ठं निसियासिहत्थेहिं वेढियमताणयं मणूमेहिं। चिंतियं च; णाहमेएसिं उच्चरामि, कायव्वं च मए वइरनिज्जायणं; निराउहो संपयं, ता न पोरिसस्सावसरोत्ति चितिय भणियं" (महा)। वकृ— "भरिउच्चरंतपसरिअपिअसंभरणपिसुणो वराईए। परिवाहो विअ दुक्खस्स वहइ णअणट्ठिओ बाहो" (गा ३७७)।

उच्चरण न [उच्चरण] कथन, उच्चारण; "सिद्धसमक्खं सोहिं वय-उच्चरणाइ काऊण" (सुपा ३१७)।

उच्चरिय वि [उच्चरित] १ उत्तीर्ण, पार-प्राप्त; "तीए हत्थिसंभमुच्चरियाए उज्झिऊण भयं, जीवियदायगोति मुणिऊण तुमं साहिलासं पलोइओ" (महा)। २ उच्चरित, कथित, उक्त; (विसे १०८३)।

उच्चलण न [उच्चलन] उन्मर्दन, उत्पीडन; (पाअ)।

उच्चलिय वि [उच्चलित] चलित, गत; (भवि)।

उच्चल्ल वि [दे] १ अध्यासित, आरूढ; २ विदारित, छिन्न; (षड्)।

उच्चल्ल सक [उत्+चल्] १ चलना, जाना; २ समीप में आना।

उच्चल्लिय वि [उच्चलित] १ गत, गया हुआ; २ समीप में आया हुआ;
'जिणभवणदुवारट्ठियउच्चल्लियफुल्लमालिओहस्स।
पुप्फाइं गेण्हंतो, अंतो विहिणा पविट्ठो हं" (सुर ३, ७४)।

उच्चा अ [उच्चैस्] १ ऊँचा, "तो तेण दुट्ठहरिणा, उच्चा हरिऊण लोय-पच्चक्खं। उवणीओ सो रण्णे" (महा)। २ उत्तम, श्रेष्ठ; (ठा २, १)। °गोत्त, °गोय न [°गोत्र] १ उत्तम गोत्र, श्रेष्ठ वंश; २ कर्म-विशेष, जिसके प्रभाव से जीव उत्तम माना जाता कुल में उत्पन्न होता है; (ठा २, ४; आचा)। °वय न [°व्रत] १ महाव्रत; (उत्त १)। २ वि. महाव्रतधारी; (उत्त १५)।

उच्चाअ वि [दे] १ श्रान्त, थका हुआ; (ओघ ५१८)। २ पुं. आलिंगन, परिरम्भ; (सुपा ३३२)।

उच्चाइय वि [दे. उत्याजित] उत्थापित, उठाया हुआ; "उच्चाइया नंगरा" (स २०६)।

उच्चाग पुं [उच्चाग] हिमाचल पर्वत। °य वि [°ज] हिमाचल में उत्पन्न; "उच्चागयठाणलट्ठसंठियं" (कप्प)।

उच्चाड वि [दे] विपुल, विशाल; (दे १, ६७)।

उच्चाड सक [दे] १ रोकना, निवारना। २ अक. अफसोस करना, दिलगीर होना; (हे २, १६३ टि)।

उच्चाडण न [**उच्चाटन**] १ एक स्थान से दूसरे स्थान में उठा ले आना, स्व-स्थान से भ्रष्ट करना। २ मन्त्र-विशेष, जिसके प्रभाव से वस्तु अपने स्थान से उड़ायी जा सकती है; "उच्चाडणथंभणमोहणाइ सव्वंपि मह करगयं व" (सुपा ५६६)।

उच्चाडणी स्त्री [**उच्चाटनी**] विद्या-विशेष, जिसके द्वारा वस्तु अपने स्थान से उड़ायी जा सकती है; (सुर १३, ८१)।

उच्चाडिर वि [**दे**] १ रोकने वाला, निवारण करने वाला; २ अफसोस करने वाला, दिलगीर;

"किं उआवेंतीए, उअ जूरंतीए किं नु भीआए।
उच्चाडिरीए वेव्वेत्ति, तीए भणिअं न विम्हरिमो"
(हे २, १९३)।

उच्चार सक [**उत्+चारय्**] १ बोलना, उच्चारण करना। २ मलोत्सर्ग करना, पाखाना जाना। उच्चारेइ; (उवा)। वकृ—**उच्चारयंत**; (स १०७); **उच्चारेमाण**; (कप्प; णाया १, १)। कृ—**उच्चारेयव्व**; (उवा)।

उच्चार पुं [**उच्चार**] १ उच्चारण। २ विष्ठा, मलोत्सर्ग; (सम १०; उवा; सुपा ६११)।

उच्चार वि [**दे**] विमल, स्वच्छ; (दे १, ९७)।

उच्चारण न [**उच्चारण**] कथन, "इसिं हस्सपंचक्खरुच्चारणद्धाए" (ओप)।

उच्चारिअ वि [**दे**] गृहीत, उपात्त; (दे १, ११४)।

उच्चारिअ वि [**उच्चारित**] १ कथित, उक्त; २ पाखाना गया हुआ; (गज)।

उच्चाल सक [**उत्+चालय्**] १ ऊँचा फेंकना। २ दूर करना। संकृ—"**उच्चालइय** निहाणिंसु अदुवा आसणाओ खलइंसु" (आचा)।

उच्चालइय वि [**उच्चालयितृ**] दूर करने वाला, त्यागने वाला; "जं जाणेज्जा उच्चालइयं तं जाणेज्जा दुरालइयं" (आचा)।

उच्चालिय वि [**उच्चालित**] उठाया हुआ, ऊँचा किया हुआ, उत्थापित; "उच्चालियम्मि पाए इरियासमियस्स संकमट्ठाए" (ओघ ७४८; संनि ४५)।

उच्चाव सक [**उच्चय**] ऊँचा करना, उठाना। संकृ—**उच्चावइत्ता**। "दोवि पाए उच्चावइत्ता सम्मओ समंता समभिलोएज्जा" (पउम १७)।

उच्चावय वि [**उच्चावच**] १ ऊँचा और नीचा; (णाया, १, १; पण्ण ३४)। २ उत्तम और अधम; (भग १५)। ३ अनुकूल और प्रतिकूल; (भग १, ९)। ४ असमञ्जस, अव्यवस्थित; (णाया १, १६)। ५ विविध, नानाविध "उच्चावयाहिं सेज्जाहिं तवस्सी भिक्खू थामवं" (उत्त ८)। ६ उत्कृष्टतर, विशेष उत्तम "तए णं तस्स आणंदस्स समणोवासगस्स उच्चावएहिं सीलव्वयगुणवेरमणपच्चक्खाणपोसहोववासेहिं अप्पाणं भावेमाणस्स" (उवा; ओप)।

उच्चिट्ठ अक [**उत्+स्था**] खडा होना। उच्चिट्ठइ, (काल)।

उच्चिडिम वि [**दे**] मर्यादा-रहित, निर्लज्ज, "उच्चिडिमं मुक्कमज्जायं" (पाअ)।

उच्चिण सक [**उत्+चि**] फूल वगैरः को तोड़ कर एकत्रित करना, इकट्ठा करना। उच्चिणइ; (हे ४, २४१)। वकृ— **उच्चिणंत**; (भवि)।

उच्चिणण न [**उच्चयन**] अवचयन, एकत्रीकरण; (सुपा ४६६)।

उच्चिणिय वि [**उच्चित**] इकट्ठा किया हुआ; अवचित; (पाअ)।

उच्चिणिर वि [**उच्चेतृ**] फूल वगैरः को चुनने वाला; (कुमा)।

उच्चिय देखो **उचिय** "तस्स सुओच्चियपन्नत्तणेण संतोसमणुपत्ता" (उप १६६ टी)।

उच्चिवलय न [**दे**] कलुषित जल, मैला पानी; (पाअ)।

उच्चुंच वि [**दे**] दृप्त, गर्विष्ठ, अभिमानी; (दे १, ९९)।

उच्चुग वि [**दे**] अनवस्थित; (षड्)।

उच्चुड अक [**उत्+चुड्**] अपसरण करना, हटना। वकृ—**उच्चुडंत**; (गउड ७३३)।

उच्चुप्प सक [**चट्**] चढ़ना, आरूढ़ होना, ऊपर बैठना। उच्चुप्पइ; (हे ४, २५६)।

उच्चुप्पिअ वि [**दे. चटित**] आरूढ, ऊपर चढा हुआ; (दे १, १००)।

उच्चुरण [**दे**] उच्छिष्ट, जूठा; (षड्)।

उच्चुलउलिअ न [**दे**] कुतूहल से शीघ्र २ जाना; (दे १, १२१)।

उच्चुल्ल वि [**दे**] १ उद्विग्न, खिन्न; २ अधिरूढ, आरूढ; ३ भीत, डरा हुआ; (दे १, १२७)।

उच्चूड पुं [**उच्चूड**] निशान का नीचे लटकता हुआ वस्त्रांचल वगैरः; (उव ४४६)।

उच्चूर वि [दे] नानाविध, वहुविध ; (राज)।

उच्चूल पुं [**अवचूल**] १ निशान का नीचे लटकता हुआ शृङ्गारित वस्त्रांश ; (उप ४४६ टि)। २ ऊंधा-सिर—पैर ऊपर और सिर नीचे कर —खड़ा किया हुआ; (विपा १, ६)।

उच्चे देखो **उच्चिण**। उच्चेइ ; (हे ४, २४१)। हेकृ—**उच्चेउं** ; (गा १५६)।

उच्चेय वि [**उच्चेतस्**] चिन्तातुर मन वाला ; (पात्र)।

उच्चेल्लर न [दे] १ ऊषर भूमि ; २ जघन-स्थानीय केश ; (दे १, १३६)।

उच्चेव वि [दे] प्रकट, व्यक्त ; (दे १, ६७)।

उच्चोड पुं [दे] शोषण ; "चंदणुच्चोडकारी चंडो देहस्स दाहो" (कप्पू ; प्राप)।

उच्चोल पुं [दे] १ खेद, उद्वेग ; २ नोवी, स्त्री के कटी-वस्त्र की नाडी ; (दे १, १३१)।

उच्छ पुं [**उक्षन्**] वैल, वृषभ ; (हे २, १७)।

उच्छ पुं [दे] १ आँत का आवरण ; (दे १, ८५)। २ वि. न्यून, हीन, ; "उच्छत्तं वा न्यूनत्वम्" (पण्ह २, १)।

उच्छअ पुं [**उत्सव**] क्षण, उत्सव ; (हे २, २२)।

°**उच्छअ** वि [**प्रच्छक**] प्रश्न-कर्ता , (गा ५०)।

उच्छइअ वि [**उच्छदित**] आच्छादित, 'पालंवउच्छइय-वच्छयलो" (काल)।

उच्छंखल त्रि [**उच्छृङ्खल**] १ शृङ्खला-रहित, अवरोध-वर्जित, वन्धन-शून्य ; २ उद्धत, निरंकुश ; (गउड)।

उच्छंखलिय वि [**उच्छृङ्खलित**] अवरोध-रहित किया हुआ, खुला किया हुआ, "उच्छंखलियवणाणं सोहग्गं किंपि पवणाणं" (गउड)।

उच्छंग पुं [**उत्सङ्ग**] मध्य भाग ; "मउडुच्छंगपरिग्गहमियंकजोण्हावभासिणो पसुवइणो" (गउड ; से १०, २)। २ क्रोड, कोला ; (पात्र), "उच्छगे णिविसेत्ता' (आवम)। ३ पृष्ठ देश ; (औप)।

उच्छंगिअ वि [**उत्सङ्गित**] कोले में लिया हुआ ; (उप ६४८ टी)।

उच्छंगिअ वि [दे] आगे किया हुआ, आगे रखा हुआ ; (दे १, १०७)।

उच्छंघ देखो **उत्थंघ** ; (हे ४, ३६ टि)।

उच्छंट पुं [दे] झड़प से की हुई चोरी ; (दे १, १०१ ; पात्र)।

उच्छट्ट पुं [दे] चोर, डाकू ; (दे १, १०१)।

उच्छडिअ वि [दे] चुराई हुई चीज, चोरी का माल ; (दे १, ११२)।

°**उच्छण** न [**प्रच्छन**] प्रश्न, पूछना ; (गा ५००)।

उच्छण्ण देखो **उच्छन्न**; (हे १, ११४)।

उच्छत न [**अपच्छत्र**] १ अपने दोष को ढकने का व्यर्थ प्रयत्न, गुजराती में "ढांकपिछोडो ;" २ मृषावाद, झूठ वचन ; (पण्ह १, २)।

उच्छन्न वि [**उत्सन्न**] छिन्न, खण्डित, नष्ट ; (कुमा ; सुपा ३८४)।

उच्छप्प सक [**उत्+सर्पय्**] उन्नत करना, प्रभावित करना। उच्छप्पइ ; (सुपा ३५२)। वकृ—**उच्छप्पंत** ; (सुपा २९६)।

उच्छप्पण न [**उत्सर्पण**] उन्नति, अभ्युदय ; (सुपा २७१)।

उच्छप्पणा स्त्री [**उत्सर्पणा**] ऊपर देखो ; "जिणपवयणम्मि उच्छप्पणाउ कारेइ विविहाओ" (सुपा २०६ ; ६४९)।

उच्छल अक [**उत्+शल्**] १ उछलना, ऊँचा जाना। २ कूदना। ३ पसरना, फैलना। वकृ—**उच्छलंत** ; (कप्प ; गउड)।

उच्छलण न [**उच्छलन**] उछलना ; (दे १, ११८ ; ६, ११५)।

उच्छलिअ वि [**उच्छलित**] उछला हुआ, ऊँचा गया हुआ , (गा ११७ ; ६२४ ; गउड)। २ प्रसृत, फैला हुआ "ता ताण वरगंधो। उच्छलिओ छलिउं पिव गंधं गोसीसचंदणवणस्स" (सुपा ३८५)।

उच्छल्ल देखो **उच्छल**। उच्छल्लइ ; (पि ३२७)। "उच्छल्लंति समुद्दा" (हे ४, ३२६)।

उच्छल्ल वि [**उच्छल**] ऊछलने वाला ; (भवि)।

उच्छल्लणा स्त्री [दे] अपवर्त्तना, अपप्रेरणा "कप्पडप्पहार-निद्दयआरक्खियखरफरुसवयणतज्जणगलच्छल्लुच्छल्लणाहि विमणा चारगवसहिं पवेसिया" (पण्ह १, ३)।

उच्छल्लिअ देखो **उच्छलिअ** ; (भवि)।

उच्छल्लिअ वि [दे] जिसकी छाल काटी गई हो वह ; "तरुणो उच्छल्लिआ य दंतीहिं" (दे १, १११)।

उच्छव देखो **उच्छअ** ; (कुमा)। २ उत्सेक ; (भवि)।

उच्छविअ न [दे] शय्या, विछौना ; (दे १, १०३)।

उच्छह अक [**उत्+सह्**] उत्साहित होना। वकृ—**उच्छहंत** ; (भवि)।

उच्छहिय वि [**उत्सहित**] उत्साह-युक्त ; (सण)।

उच्छाइअ वि [**अवच्छादित**] आच्छादित, ढका हुआ ; (पउम ६१, ४२ ; सुर ३, ७१)।

उच्छाडिअ (अप) वि [**अवच्छादित**] ढका हुआ ; भवि)।

उच्छाण देखो **उच्छ=उक्षन्** ; (प्रामा)।

उच्छाय पुं [**उच्छ्राय**] उत्सेध, ऊँचाई ; (ठा ७)।

उच्छायण वि [**अवच्छादन**] आच्छादक, ढकने वाला ; (स ३२३)।

उच्छायण वि [**उच्छादन**] नाशक ; (स ३२३ ; ४६३)।

उच्छायणया, **उच्छायणा** स्त्री [**उच्छादना**] १ उच्छेद, विनाश ; (भग १५)। २ व्यवच्छेद, व्यावृत्ति ; (राज)।

उच्छार देखो **उत्थार=आ+क्रम्** ; (हे ४, १६० टि)।

उच्छाल सक [**उत्+शालय्**] उछालना, ऊँचा फेंकना वकृ—**उच्छालिंत** ; (कुम्मा ४)।

उच्छालण न [**उच्छालन**] उछालना, उत्क्षेपण ; (कुम्मा ५)।

उच्छालिअ वि [**उच्छालित**] फेंका हुआ, उत्क्षिप्त ; (सुपा ६७)।

उच्छास देखो **ऊसास** ; (मै ६८)।

उच्छाह सक [**उत्+साहय्**] उत्साह दिलाना, उत्तेजित करना। उच्छाहइ ; (सुपा ३५२)।

उच्छाह पुं [**उत्साह**] १ उत्साह ; (ठा २, १)। २ दृढ़ उद्यम, स्थिर प्रयत्न ; (सुज्ज २०)। ३ उत्कंठा, उत्सुकता ; (चंद २०)। ४ पराक्रम, बल ; ५ सामर्थ्य, शक्ति ; (आचू १ ; हे १, ११४ ; २, ४८ ; पउम २०, ११८)।

उच्छाह पुं [**दे**] सूत का डोरा ; (दे १, ९२)।

उच्छाहण न [**उत्साहन**] उत्तेजन, प्रोत्साहन ; (उप ५९७ टी)।

उच्छाहिय वि [**उत्साहित**] प्रोत्साहित, उत्तेजित ; (पिंड)।

उच्छिंद सक [**उत्+छिद्**] उन्मूलन करना, ऊखेड़ना। संकृ—**उच्छिंदिअ** ; (सूक्त ४४)।

उच्छिंपग वि [**अवच्छिम्पक**] चोरों को खान-पान वगैर: की सहायता देने वाला ; (पगह १, ३)।

उच्छिंपण न [**उत्क्षेपण**] १ ऊपर फेंकना ; २ बाहर निकालना ; (पगह १, १)।

उच्छिट्ठ वि [**उच्छिष्ट**] जूठा, उच्छिष्ट ; (सुपा ११७ ; ३७५ ; प्रासू १५८)।

उच्छिण्ण वि [**उच्छिन्न**] उच्छिन्न, उन्मूलित ; (ठा ५)।

उच्छित्त वि [**दे**] १ उत्क्षिप्त, फेंका हुआ ; २ विक्षिप्त, पागल ; (दे १, १२४)।

उच्छित्त वि [**उत्क्षिप्त**] फेंका हुआ ; (से ५, ६१ ; पाअ)।

उच्छित्त देखो **उट्ठिय** ; (से २, १३ ; गउड)।

उच्छित्त वि [**उत्सिक्त**] सींचा हुआ, सिक्त ; (दे १, १२३)।

उच्छिन्न देखो **उच्छिण्ण** ; (कप्प)।

उच्छिप्पंत देखो **उक्खिव**।

उच्छिय वि [**उच्छ्रित**] उन्नत, ऊँचा ; (राज)।

उच्छिरण वि [**दे**] उच्छिष्ट, जूठा ; (षड्)।

उच्छिल्ल न [**दे**] १ छिद्र, विवर ; (दे १, ९५)। २ वि. अवजीर्ण ; (षड्)।

उच्छु देखो **इक्खु** ; (पाअ ; गा ५४१ ; पि १७७ ; ओघ ७७१ ; दे १, ११७)। °**जंत** न [°**यन्त्र**] ईख पीलने का सांचा ; (दे ६, ५१)।

उच्छु पुं [**दे**] पवन, वायु ; (दे १, ८५)।

उच्छुअ वि [**उत्सुक**] उत्कण्ठित ; (हे २, २२)।

उच्छुअ न [**दे**] डरते २ की हुई चोरी ; (दे १, ९५)।

उच्छुअरण न [**दे**] ईख का खेत ; (दे १, ११७)।

उच्छुआर वि [**दे**] संछन्न, ढका हुआ ; (दे १, ११५)।

उच्छुंडिअ वि [**दे**] १ बाण वगैरः से आहत ; २ अपहृत, छीना हुआ ; (दे १, १३५)।

उच्छुग देखो **उच्छुअ** ; (सुर ८, ६१)। °**भूय** वि [°**भूत**] जो उत्कण्ठित हुआ हो ; (सुर २, २१४)।

उच्छुच्छु वि [**दे**] दृप्त, अभिमानी ; (दे १, ९६)।

उच्छुण्ण वि [**उत्क्षुण्ण**] १ खण्डित, तोड़ा हुआ "उच्छुण्णं मड्डिअं च निद्दलिअं" (पाअ)। २ आक्रान्त,

"रइणावि अणुच्छुण्णा, वीसत्थं मारुएण वि अणालिद्धा।
तिअसेहिंवि परिहरिआ, पवंगमेहि मलिआ सुवेलुच्छंगा"
(से १०, २)।

उच्छुद्ध वि [दे] १ विक्षिप्त; २ पतित ; (ओघ २२० भा)।
उच्छुभ सक [अप+क्षिप्] आक्रोश करना, गाली देना । उच्छुभइ ; (भग १५)।
उच्छुर वि [दे] अविनश्वर, स्थायी ; (दे १, ९०)।
उच्छुरण न [दे] १ ईख का खेत ; २ ईख, ऊख ; (दे १, ११७)।
उच्छुल्ल पु [दे] १ अनुवाद ; २ खेद, उद्वेग ; (दे १, १३१)।
उच्छूढ वि [दे] आरूढ, ऊपर बैठा हुआ ; (षड्)।
उच्छूढ वि [उत्क्षिप्त] १ त्यक्त, उज्झित , (गाया १, १, उव)। २ मुषित, चुराया हुआ , (राज)। ३ निष्कासित, बाहर निकाला हुआ ; (औप)।
उच्छूढ वि [उत्क्षुब्ध] ऊपर देखो "उच्छूढसरीरघरा अन्नो जीवो सरीरमन्नं ति" (उव , पि ६६)।
उच्छूर देखो **उल्लूर=तुड्** ; (हे ४, ११६ टि)।
उच्छूल देखो **उच्चूल** ; (उव)।
उच्छेअ पुं [उच्छेद] १ नाश, उन्मूलन , " एगंतुच्छेअम्मिवि सुहदुक्खविअप्पणमजुत्तं " (सम्म १८)। २ व्यवच्छेद, व्यावृत्ति , " उच्छेओ सुत्तत्थाणं ववच्छेउत्ति वुत्तं भवति " (निचू १)।
उच्छेयण न [उच्छेदन] विनाश, उन्मूलन ; " चिंतेइ एस समओ एयस्सुच्छेयणे मज्झ " (सुपा ३३५)।
उच्छेर अक [उत्+श्रि] १ ऊँचा होना ; उन्नत होना । २ अधिक होना, अतिरिक्त होना । वकृ—**उच्छेरंत** ; (काप्र १६४)।
उच्छेव पुं [उत्क्षेप] १ ऊँचा करना, उठाना । २ फेंकना , (वव २, ४)।
उच्छेवण न [उत्क्षेपण] ऊपर देखो , (से ६, २४)।
उच्छेवण न [दे] घृत, घी , (दे १, ११६)।
उच्छेह पुं [उत्सेध] ऊँचाई, ; (दे १, १३०)।
उच्छोडिय वि [उच्छोटित] छुडाया हुआ, मुक्त किया हुआ ; "उच्छोडिय-बंधो सो रन्ना भणिओ य भद्द ! उवविससु" (सुर १, १०५) ; " पासट्ठियपुरिसेहिं तक्खणमुच्छोडिया य से बंधा " (सुर २, ३६)।
उच्छोभ वि [उच्छोभ] १ शोभा-रहित , २ न. पिशुनता, चुगली ; (राज)।
उच्छोल सक [उत्+मूलय्] उन्मूलन करना, उखेडना । वकृ—**उच्छोलंत** ; (राज)।
उच्छोल सक [उत्+क्षालय्] प्रक्षालन करना, धोना । वकृ—**उच्छोलंत** ; (निचू १७)। प्रयो; वकृ—**उच्छोलावंत** ; (निचू १६)।
उच्छोलण न [उत्क्षालन] प्रभूत जल से प्रक्षालन , " उच्छोलणं च कक्कं च तं निज्जं परियाणिया " (सूअ १, ६ ; औप)।
उच्छोलणा स्त्री [उत्क्षालना] प्रक्षालन ; (दस ४)।
उच्छोला स्त्री [दे] प्रभूत जल " नहदंतकेसरो मे जमेइ उच्छोलधोयणो अजओ " (उव)।
उज्जु देखो **उज्जु** ; (आचा , कप्प)।
उज्जुअ देखो **उज्जुअ** ; (नाट)।
उज्ज देखो **ओय=ओजस्** ; (कप्प)।
उज्ज न [ऊर्ज] १ तेज, प्रताप ; २ बल ; (कप्प)।
उज्जअणी } स्त्री [उज्जयनी, °यिनी] नगरी-विशेष, **उज्जइणी** } मालव देश की प्राचीन राजधानी, आजकल भी यह " उज्जैन " नाम से प्रसिद्ध है ; (चारु ३६ ; पि ३८६)।
उज्जंगल न [दे] बलात्कार, जबरदस्ती ; २ वि. दीर्घ, लम्बा, (दे १, १३५)।
उज्जगरय पुं [उज्जागरक] १ जागरण, निद्रा का अभाव ;
" जत्थ न उज्जगरओ, जत्थ न ईसा विसूरणं माणं ।
सब्भावचाडुय जत्थ, नत्थि नेहो तहिं नत्थि "
(वज्जा ६८)।
उज्जग्गिर न [ ] जागरण, निद्रा का अभाव ; (दे १, ११७ ; वज्जा ७४)।
उज्जग्गुज्ज वि [दे] स्वच्छ, निर्मल ; (दे १, ११३)।
उज्जड वि [दे] ऊजाड, वसति-रहित ; (दे १, ९६) ;
उक्किण्णरयभरोणयतलजज्जरभूविसट्टविलविसमा ।
थोउज्जडक्कविडवा इमाओ ता उन्दरथलीओ " (गउड)।
उज्जणिअ वि [दे] वक्र, टेढा ; (दे १, १११)।
उज्जम अक [उद्+यम्] उद्यम करना, प्रयत्न करना । उज्जमइ ; (धम्म १४)। उज्जमह ; (उव)। वकृ—**उज्जमंत, उज्जममाण** ; (पगह १, ३) ; " ण करेइ दुक्खमोक्खं उज्जममाणावि संजमतवेसु " (सूअ १, १३)। कृ—**उज्जमिअव्व, उज्जमेयव्व** ; (सुर १४, ८३ ; सुपा २८७ ; ३२४)। हेकृ—**उज्जमिउं** ; (उव)।
उज्जम पुं [उद्यम] उद्योग, प्रयत्न ; (उव ; जी ५० ; प्रासू ११५)।

उज्जमण (अप) न [**उद्यापन**] उद्यापन, व्रत-समाप्ति-कार्य ; (भवि)।

उज्जमिय (अप) वि [**उद्यापित**] समापित (व्रत); (भवि)।

उज्जय वि [**उद्यत**] उद्योगी, उद्युक्त, प्रयत्नशील ; (पाअ ; काप्र १६६ ; गा ४४८)। °**मरण** न [°**मरण**] मरण-विशेष ; (आचा)।

उज्जयंत पुं [**उज्जयन्त**] गिरनार पर्वत ; " इय उज्जयंतकप्पं, अवियप्पं जो करेइ जिणभत्तो " (ती ; विवे १८); " ता उज्जयंतसत्तुंजएसु तित्थेसु दोसुवि जिणिंदे " (मुणि १०६७५)।

उज्जल अक [**उद्+ज्वल्**] १ जलना। २ प्रकाशित होना, चमकना। उज्जलंति ; (विक्र ११४)। वकृ—**उज्जलंत** ; (गउड)।

उज्जल वि [**उज्ज्वल**] १ निर्मल, स्वच्छ ; (भग ७, ८ ; कुमा)। २ दीप्त, चमकीला ; (कप्प ; कुमा)।

उज्जल [**दे**] देखो **उज्जल्ल** ; (हे २, १७४ टि)।

उज्जलण वि [**उज्ज्वलन**] चमकीला, देदीप्यमान, " जालुज्जलणगअंबरंव कत्थइ पयंतं अइवेगचंचलं सिहिं " (कप्प)।

उज्जलिअ वि [**उज्ज्वलित**] १ उद्दीप्त, प्रकाशित ; (पउम ११८, ८८ ; औप)। २ ऊँची ज्वालाओं से युक्त ; (जीव ३)। ३ न. उद्दीपन ; (राज)।

उज्जल्ल वि [**दे**] स्वेद-सहित, पसीना वाला, मलिन ; " मुंडा कंडूविणट्ठंगा उज्जल्ला असमाहिया " (सूअ १, ३)। २ बलवान, बलिष्ठ, (हे २, १७४)।

उज्जल्ल न [**औज्ज्वल्य**] उज्ज्वलता ; (गा ६२६)।

उज्जल्ला स्त्री [**दे**] बलात्कार, जबरदस्ती ; (दे १, ६७)।

उज्जव अक [**उद्+यत्**] प्रयत्न करना। वकृ—"सट्ठुवि **उज्जवमाणं** पंचेव करंति रित्तयं समणं" (उव)।

उज्जवण देखो **उज्जावण** ; (भवि)।

उज्जागर } पुं [**उज्जागर**] जागरण, निद्रा का अभाव ; **उज्जागर** } (गा ४८२ ; वज्जा ७६

उज्जाडिअ वि [**दे**] उजाड किया हुआ ; (भवि)।

उज्जाण न [**उद्यान**] उद्यान, बगीचा, उपवन ; (अणु ; कुमा)। °**जत्ता** स्त्री [°**यात्रा**] गोष्ठी, गोठ ; (णाया १, १)। °**पालअ**, °**वाल** वि [**पालक**, °**पाल**] बगीचा का रक्षक, माली ; (सुपा २०८; ३०५)।

उज्जाणिअ वि [**औद्यानिक**] उद्यान-संबन्धी, बगीचा का ; (भग १४, १)।

झा सक [ध्यै] चिन्ता करना, ध्यान करना। झाइ, झाअइ, (हे ४, ६)। वक्र—**झायंत, झायमाण** ; (प्रारू, महा)। संकृ—**झाऊणं** ; (आरा ११२)। हेकृ—**झाइत्तए**, (कस)। कृ—**झायव्व, झेय, झाइयव्व, झाएयव्व** ; (कुमा, आरा ७८ ; आव ४, ति १०, सुर १४, ८४)।

झाइ वि [ध्यायिन्] चिन्तन करने वाला, ध्यान करने वाला, (आचा)।

झाउ वि [ध्यातृ] ध्यान करने वाला, चिन्तक ; (आव४)।

झाड न [दे झाट] १ लता-गहन, निकुञ्ज, झाडी ; (दे ३, ५७ ; ७, ८४, पाअ ; सुर ७, २४३)। २ वृक्ष, पेड ; "आअल्ली झाडभेअम्मि" (दे १, ६१), "दिट्ठो य तए पोमाडज्झाडयस्स इमम्मि पएसे विणिग्गओ पायओ" (स १४४)।

झाडण न [झाटन] १ झोप, चय, क्षीणता, २ प्रस्फोटन, झाड़ना ; (राज)।

झाडल न [दे] कर्पास-फल, कर्पास, (दे ३, ५७)।

झाडावण स्त्रीन [झाटन] झड़वाना, सफा कराना, मार्जन कराना। स्त्री—°**णी**, (सुपा ३७३)।

झाण पुन [ध्यान] १ चिन्ता, विचार, उत्कण्ठा-पूर्वक स्मरण, सोच, (आउ ४, ठा ४, १, हे २, २६)। २ एक ही वस्तु में मन की स्थिरता, लौ लगाना ; (ठा ४, १)। ३ मन आदि की चेष्टा का निरोध ; ४ दृढ प्रयत्न से मन वगैरः का व्यापार ; (विसे ३०७१, ठा ४, १)

3. ...
(a) phenyl acetic acid
(c) hexanoic acid
...entar...

झाणंतरिया स्त्री [ध्यानान्तरिका] १ दो ध्यानों का मध्य भाग, वह समय जिसमें प्रथम ध्यान की समाप्ति हुई हो और दूसरे का आरम्भ जबतक न किया गया हो और अन्य अनेक ध्यान करने के बाकी हों ; (ठा ६ ; भग ५, ४)। २ एक ध्यान समाप्त होने पर शेष ध्यानों में किसी एक का प्रथम प्रारंभ करने का विमर्श ; (बृह १)।

झाणि वि [ध्यानिन्] ध्यान करने वाला ; (आरा ८६)।

झाम सक [दह्] जलाना, दाह देना, दग्ध करना। झामेइ : (सुअ २, २, ४४)। वकृ—**झामंत** ; (सुअ २, २, ४४)। प्रयो— झामावेइ ; (सूअ २, २, ४४)।

झाम वि [दे] दग्ध, जला हुआ : (आचा २, १, १)। °**थंडिल** न [°स्थण्डिल] दग्ध भूमि , (आचा २,१,१) ।

झाम वि [ध्याम] अनुज्ज्वल ; (पण्ह १,२—पत्र ४०)।

झामण न [दे] जलाना, आग लगाना प्रदीपनक, (वव २)।

झामर वि [दे] वृद्ध, बुड्ढा ; (दे ३, ५७)।

झामल न [दे] १ आँख का एक प्रकार का रोग, गुजराती में "झामर" । २ वि. झामर रोग वाला , (उप ७६८ टी ; श्रा १२)।

झामिअ वि [दे] दग्ध, प्रज्वलित ; (दे ३, ५६ , वव ७ ; आवम)। २ श्यामलित, काला किया हुआ; ३ कलङ्कित ; "घणदड्ढपयगाएवि जीए जा झामिओ नेय" (सार्ध १६)।

झाय वि [ध्मात] भस्मीकृत, दग्ध ; (णंदि)।

झायव्व देखो झा।

झारुआ स्त्री [दे] चीरी, क्षुद्र जन्तु-विशेष ; (दे ३,५७)।

झावण न [ध्मापन] देखो झामण; (राज)।

झावणा न [ध्मापना] दाह, जलाना , अग्नि-संस्कार ; (आवम)।

झिंखण न [दे] गुस्सा करना ; (उप १८३ टी)।

झिंखिअ न [दे] वचनीय, लोकापवाद, लोक-निन्दा , (दे ३, ५५)।

झिंगिर } पुं [दे] क्षुद्र कीट-विशेष, त्रीन्द्रिय जीव की **झिंगिरड** } एक जाति ; (जीव १)।

झिंझिअ वि [दे] बुभुक्षित, भूखा, (बृह ६)।

झिंझिणी } स्त्री [दे] एक प्रकार का पेड़, लता-विशेष, (उप **झिंझिरी** } १०३१ टी ; आचा २, १, ८, बृह १)।

झिज्जंत } वि [क्षीयमाण] जो क्षय को प्राप्त होता **झिज्जमाण** } हो, कृश होता हुआ ; (से ५,५८; उप ७२८ टी ; कुमा)।

झिण्ण देखो झीण ; (से १, ३५ ; कुमा)।

झिमिय } न [दे] शरीर के अवयवों की जड़ता; (आचा)। **झिम्मिय** }

झिया देखो झा। झियाइ, झियायइ ; (उवा ; भग; कस ; पि ४७६)। वकृ—**झियायमाण** ; (णाया १,१—पत्र २८ ; ६०)।

झिरिड न [दे] जीर्ण कूप, पुराना इनारा ; (दे ३, ५७)।

झिलिअ वि [दे] झीला हुआ, पकड़ी हुई वह वस्तु जो ऊपर से गिरती हो; (सुपा १७८)।

झिल्ल अक [स्ना] झीलना, स्नान करना । झिल्लइ , (कुमा)।

झिल्लिआ स्त्री [झिल्लिका] कीट-विशेष, त्रीन्द्रिय जीव की एक जाति ; (पाअ ; पण्ण १)।

झिल्लिरिआ स्त्री [दे] १ चीहीं-नामक तृण ; २ मशक, मच्छड , (दे ३, ६२)।

झिल्लिरी स्त्री [दे] मछली पकड़ने की एक तरह की जाल ; (विपा १, ८—पत्र ८५)।

झिल्ली स्त्री [दे] लहरी, तरंग ; (गउड)।

झिल्ली स्त्री [झिल्ली] १ वनस्पति-विशेष, (पण्ण १ , उप १०३१ टी)। २ कीट-विशेष ; (गा ४६४)।

झीण वि [क्षीण] दुर्बल, कृश ; (हे २, ३ ; पाअ)।

झीण न [दे] १ अंग, शरीर ; २ कीट, कीड़ा ; (दे ३, ६२)।

झीरा स्त्री [दे] लज्जा, शरम ; (दे ३, ५७)।

झुंख पुं [दे] तुणय-नामक वाद्य , (दे ३ ५८)।

झुंझिय वि [दे] १ बुभुक्षित, भूखा ; (पण्ह १, ३—पत्र ४६)। २ झुरा हुआ, मुरझा हुआ ; (भग १६, ४)।

झुंझुमुसय न [दे] मन का दुःख ; (दे ३, ५८)।

झुंटण न [दे] १ प्रवाह , (दे ३,५८)। २ पशु-विशेष, जो मनुष्य के शरीर की गरमी से जीता है और जिसका रोम कपड़े के लिये बहु-मूल्य है ; (उप ५५१)।

झुंपडा स्त्री [दे] झोपड़ा, तृण-कुटीर, तृण-निर्मित घर; (हे ४, ४१६ , ४१८)।

झुंवणग न [दे] प्रालम्ब ; (णाया १, १)।

झुज्झ देखो जुज्झ = युध् । झुज्झइ ; (पि २१४)। वकृ— **झुज्झंत** ; (हे ४, ३७६)।

झुट्ट वि [दे] झूठ, अलीक, असत्य ; (दे ३, ५८)।

झुण सक [जुगुप्स्] घृणा करना, निन्दा करना। झुणइ ; (हे ४, ४ ; सुपा ३१८)।
झुणि पुं [ध्वनि] शब्द, आवाज ; (हे १, ५२ ; पड् ; कुमा)।
झुणिअ वि [जुगुप्सित] निन्दित, घृणित ; (कुमा)।
झुत्ती स्त्री [दे] छेद, विच्छेद ; (दे ३, ५८)।
झुमुझुमुसय न [दे] मन का दुःख ; (दे ३, ५८)।
झुल्ल अक [अन्दोल्] भूलना, डोलना, लटकना। वकृ— **झुल्लंत** , (सुपा ३१७)।
झुल्लण स्त्रीन [दे] छन्द-विशेष। स्त्री—°**णा**, (पिंग)।
झुल्लुरी स्त्री [दे] गुल्म, लता, गाछ , (दे ६, ५८)।
झुस देखो **झूस**। संकृ—**झुसित्ता** , (पि २०६)।
झुसणा देखो **झूसणा** , (राज)।
झुसिय देखो **झूसिय** , (वृह २)।
झुसिर न [शुषिर] १ रन्ध्र, विवर, पोल , खाली जगह ; (गाया १, ८ , सुपा ६२०)। २ वि. पोला, छूँछा ; (ठा २, ३ ; गाया १, २ , पण्ह १, २)।
झूर सक [स्मृ] याद करना, चिन्तन करना। झूरइ , (हे ४, ७४)। वकृ—**झूरंत** ; (कुमा)।
झूर सक [जुगुप्स्] निन्दा करना , घृणा करना। "निरुवमसोहग्गमइं, दिट्ठूण तस्स रूवगुणरिद्धिं। इंदो,वि देवराया, झूरइ नियमण नियहत्थं" (रयण ४)।
झूर अक [क्षि] झुरना, क्षीण होना, सूखना। वकृ—**झूरंत**, **झूरमाण** , (सण ; उप पृ २७)।
झूर वि [दे] कुटिल, वक्र, टेढ़ा ; (दे ३, ५६)।
झूरिय वि [स्मृत] चिन्तित, याद किया हुआ ; (भवि)।
झूस सक [जुष्] १ सेवा करना। २ प्रीति करना। ३ क्षीण करना, खपाना। वकृ—**झूसमाण** ; (आचा) । संकृ—**झूसित्ता**, **झूसित्ताणं**, **झूसेत्ता** ; (औप , पि ५८३ ; अंत २७)।
झूसणा स्त्री [जोषणा] सेवा, आराधना , (उवा , अंत , औप ; गाया १, १)।
झूसरिअ वि [दे] १ अशर्य, अत्यन्त ; २ स्वच्छ, निर्मल ; (दे ३, ६२)।
झूसिय वि [जुष्ट] १ सेवित , आराधित , (गाया १, १ , औप)। २ क्षपित, क्षिप्त, परित्यक्त ; (उवा ; ठा २, २)।
झेंडुअ पुं [दे] कन्दुक, गेंद ; (दे ३, ५६)।
झेय देखो **झा**।
झेर पुं [दे] पुराना घण्टा ; (दे ३, ५६)।
झोंडलिआ स्त्री [दे] रासक के समान एक प्रकार की क्रीडा , (दे ३, ६०)।
झोट्टी स्त्री [दे] अर्ध-महिषी, भैंस की एक जाति ; (दे ३, ५६)।
झोड सक [शाटय्] पेड़ आदि से पत्र वगैरः को गिराना। झोडइ ; (पि ३२६)।
झोड न [दे] १ पेड़ आदि से पत्र आदि का गिराना ; २ जीर्ण वृक्ष ; (गाया १, ११—पत्र १७१)।
झोडण न [शाटन] पातन, गिराना ; (पण्ह १, १—पत्र २३)।
झोडप्प पुं [दे] १ चना, अन्न-विशेष , २ सूखे चने का शाक ; (दे ३, ५६)।
झोडिअ पुं [दे] व्याध, शिकारी, बहेलिया ; (दे ३, ६०)।
झोलिआ } स्त्री [दे. **झोलिका**] झोली, थैली, कोथली ;
झोल्लिआ } (दे ३, ५६ ; सूअ २, ४)।
झोस देखो **झूस**। झोसेइ ; (आचा) । वकृ—**झोसमाण**, **झोसेमाण** ; (सुपा २६ ; आचा) । संकृ—"संलेहणाए सम्मं **झोसित्ता** नियदेहं तु" (सुर ६, २४६)।
झोस सक (**गवेषय्**) खोजना, अन्वेषण करना। झोसहि ; (वृह ३)।
झोस पुं [दे] झाड़ना, दूर करना , (ठा ५, २)।
झोसण न [दे] गवेषण, मार्गण ; "आभोगणं ति वा मग्गणं ति वा झोसणं ति वा एगट्ठं" (वव २)।
झोसणा देखो **झूसणा** ; (सम ११६ , भग)।
झोसिअ देखो **झूसिय** , (आचा , हे ४, २५८)।

इअ सिरिपाइअसद्दमहण्णवम्मि झआराइसद्दसकलणो सतरहमो तरंगो समत्तो।

ट

ट पुं [ट] मूर्ध-स्थानीय व्यञ्जन वर्ण-विशेष ; (प्रामा; प्राप)।
टंक पुं [टङ्क] १ तलवार आदि का अग्र भाग ; (पण्ह १, १—पत्र १८)। २ एक प्रकार का सिक्का , (श्रा १२ ; सुपा ५१३) । ३ एक दिशा में छिन्न पर्वत ; (गाया १,१—

पत्र ६३)। ४ पत्थर काटने का अस्त्र, टाँकी, छेनी, (से ५, ३५ : उप पृ ३१५)। ५ परिमाण-विशेष, चार मासे की तौल ; (पिंग)। ६ पक्षि-विशेष, (जीव १)।

°क पुं [दे] १ तलवार, खड्ग, २ खात, खुदा हुआ जलाशय ; ३ जङ्घा, जाँघ, ४ भित्ति, भीत, ५ तट, किनारा, (दे ४, ४)। ६ खनित्र, कुदाल ; (दे ४, ४ ; से ५,३५)। ७ वि. छिन्न, छेदा हुआ, काटा हुआ, (दे ४, ४)।

टंकण पुं [**टङ्कन**] म्लेच्छ की एक जाति, (विसे १४४४)।

टंकवत्थुल पु [दे] कन्द-विशेष, एक जाति की तरकारी ; (श्रा २०)।

टंका स्त्री [दे] १ जंघा, जाँघ, (पाग्र)। २ स्वनामख्यात एक तीर्थ ; (ती ४३)।

टंकार पुं [**टङ्कार**] धनुष का शब्द, (भवि)।

टंकार पुं [दे] ओजस्, तेज, (गउड)।

टंकिअ वि [दे] प्रसृत, फैला हुआ, (दे ४, १)।

टंकिअ वि [**टङ्कित**] टाँकी से काटा हुआ, (दे ४, ५०)।

टंवरय वि [दे] भार वाला, गुरु, भारी, (दे ४, २)।

टक्क पुं [**टक्क**] देश-विशेष, (हे १, १९५)।

टक्कर पुं [दे] ठोकर, अंग से अंग का आघात, (सुर १२, ६७, वव १)।

टक्कारी स्त्री [दे] अरणि-वृक्ष का फल, (दे ४, २)।

टगर पुं [**तगर**] १ वृक्ष-विशेष, तगर का वृक्ष, २ सुगन्धित काष्ठ-विशेष, (हे १, २०५ ; कुमा)।

टट्टइआ स्त्री [दे] जवनिका, पर्दा, (दे ४, १)।

टप्पर वि [दे] विकराल कर्ण वाला, भयंकर कान वाला ; (दे ४, २ ; सुपा ५२० ; कप्पू)।

टमर पुं [दे] केश-चय, बाल-समूह ; (दे ४, १)।

टयर देखो **टगर** ; (कुमा)।

टलटल अक [**टलटलाय्**] 'टल टल' आवाज करना। वकृ—**टलटलंत**, (प्रासू १६३)।

टलटलिय वि [**टलटलित**] 'टल टल' आवाज वाला; (उप ६४८ टी)।

टसर न [दे] विमोटन, मोड़ना ; (दे ४, १)।

टसर पु [**त्रसर**] टसर, एक प्रकार का सूता ; (हे १, २०५ ; कुमा)।

टसरोट्ट न [दे] शेखर, अवतंस, (दे ४, १)।

टार पुं [दे] अधम अश्व, हठी घोड़ा ; (दे ४, २)। "अइसिक्खिआवि न मुअइ, अणयं टारव्व टारत्त" (श्रा २७)। २ टट्टु, छोटा घोड़ा, (उप १५५)।

टाल न [दे] कोमल फल, गुठली उत्पन्न होने के पहले की अवस्था वाला फल ; (दस ७)।

टिंट° } [दे] देखो **टेंटा**, (भवि)। °**साला** °**शाला**] जूआखाना, जूआ खेलने का अड्डा ; (सुपा ४६५)।
टिंटा } [

टिंवरु } पुंन [दे] वृक्ष-विशेष, तेंदू का पेड़, (दे ४, ३ : उप १०३१ टी, पाग्र)।
टिंवरुअ }

टिंवरुणी स्त्री [दे] ऊपर देखो : (पि २१८)।

टिक्क न [दे] १ टीका, तिलक, २ सिर का स्तवक, मस्तक पर रक्खा जाता गुच्छा ; (दे ४, ३)।

टिक्किद (शौ) वि [दे] तिलक-विभूषित, (कप्पू)।

टिग्घर वि [दे] स्थविर, वृद्ध, बूढा ; (दे ४, ३)।

टिट्टिभ पु [**टिट्टिभ**] १ पक्षि विशेष। २ जल-जन्तु विशेष ; (सुर १०, १८५)। स्त्री— °**भी**, (विपा १,३)।

टिट्टियाव सक [दे] बालने की प्रेरणा करना, 'टिटि' आवाज करने को सिखलाना। टिट्टियावेइ ; (गाया १, ३)। कवकृ—**टिट्टियावेज्जमाण** ; (गाया १, ३—पत्र ६४)।

टिप्पणय न [**टिप्पनक**] विवरण, छोटी टीका; (सुपा३२४)।

टिप्पी स्त्री [दे] तिलक, टीका, (दे ४. ३)।

टिरिटिल्ल सक [**भ्रम्**] घूमना, फिरना, चलना। टिरिटिल्लइ ; (हे ४, १६१)। वकृ—**टिरिटिल्लंत**, (कुमा)।

टिविडिक्क सक [**मण्डय्**] मण्डित करना, विभूषित करना। टिविडिक्कइ, (हे ४, ११५ : कुमा)। वकृ—**टिविडिक्कंत**, (सुपा २८)।

टिविडिक्किअ वि [**मण्डित**] विभूषित, अलकृत ; (पाग्र)।

टुंट वि [दे] छिन्न-हस्त, जिसका हाथ कटा हुआ हो वह ; (दे ४, ३, प्रासू १४२ ; १४३)।

टुंटुण्ण अक [**टुण्टुणाय्**] 'टुन टुन' आवाज करना। वकृ—**टुंटुण्णंत**, (गा ६८५, काप्र ६६५)।

टुंवय पु [दे] आघात-विशेष, गुजराती में 'ठुंबो', (सुर१२,६७)।

टुट्ट अक [**त्रुट्**] टूटना, कट जाना। टुट्टइ ; (पिंग)। वकृ—**टुट्टंत**, (से ६, ६३)।

टूवर पु [**तूवर**] १ जिसको दाढी-मूँछ न उगी हो ऐसा चपरासी, २ जिसने दाढी मूँछ कटवा दी हो ऐसा प्रतिहार ; (हे १, २०५ ; कुमा)।

टेंटा स्त्री [दे] जुआखाना, जूआ खेलने का अड्डा ; (दे४,३)।

ठविआ स्त्री [दे] प्रतिमा, मूर्त्ति, प्रतिकृति ; (दे ४, ५) ।
ठविर देखो **थविर** ; (पि १६६) ।
ठा अक [स्था] बैठना, स्थिर होना, रहना, गति का रुकाव करना । ठाइ, ठाअइ ; (हे ४, १६ ; षड्) । वकृ—**ठायमाण** ; (उप १३० टी) । संकृ—**ठाइऊण, ठाऊण** ; (पि ३०६ , पंचा १८) । हेकृ—**ठाइत्तए, ठाउं** , (कस ; आव ५)। कृ—**ठाणिज्ज, ठायव्व, ठाएयव्व** ; (गाया १, १४ ; सुपा ३०२ ; सुर ६, ३३) ।
ठाइ वि [स्थायिन्] रहने वाला, स्थिर होने वाला , (औप ; कप्प) ।
ठाएयव्व देखो **ठा** ।
ठाएयव्व देखो **ठाव** ।
ठाण पुं [दे] मान, गर्व, अभिमान ; (दे ४, ५) ।
ठाण पुंन [स्थान] १ स्थिति, अवस्थान, गति की निवृत्ति ; (सूअ १, ५, १ ; बृह १) । २ स्वरूप-प्राप्ति ; (सम्म १) । ३ निवास, रहना , (सूअ १, ११ ; निचू १) । ४ कारण, निमित्त, हेतु ; (सूअ १, १, २ ; ठा २, ४) । ५ पर्यङ्क आदि आसन; (राज) । ६ प्रकार, भेद, (ठा १०; आचू ४) । ७ पद, जगह ; (ठा १०) । ८ गुण, पर्याय, धर्म ; (ठा ५, ३ ; आव ४) । ६ आश्रय, आधार, वसति, मकान, घर , (ठा ४, ३) । १० तृतीय जैन अङ्ग-ग्रन्थ, 'ठाणांग' सूत्र ; (ठा १) । ११ 'ठाणांग' सूत्र का अध्ययन, परिच्छेद ; (ठा १ ; २ ; ३ ; ४ ; ५) । १२ कायोत्सर्ग ; (औप) । °**भट्ठ** वि [°भ्रष्ट] १ अपनी जगह से च्युत; (गाया १,६) । २ चारित्र से पतित , (तंदु)। °**इय** वि [°तिग] कायोत्सर्ग करने वाला ; (औप) । °**ायय** न [°ायत] ऊँचा स्थान ; (बृह ५) ।
ठाणि वि [स्थानिन्] स्थान वाला, स्थान-युक्त ; (सूअ १, २; उव) ।
ठाणिज्ज देखो **ठा** ।
ठाणिज्ज वि [दे] १ गौरवित, सम्मानित; (दे ४, ५) । २ न. गौरव , (षड्) ।
ठाणुक्कडिय } **ठाणुक्कुडुय** } वि [स्थानोत्कटुक] १ उत्कटुक आसन वाला, (पराह २, १; भग) । २ न. आसन-विशेष , (इक) ।
ठाणु देखो **खाणु** । °**खंड** न [°खण्ड] १ स्थाणु का अवयव, २ वि. स्थाणु की तरह ऊँचा और स्थिर रहा हुआ, स्तम्भित शरीर वाला ; (गाया १, १—पत्र ६६) ।

ठाम } **ठाय** } (अप) देखो **ठाण** ; (पिंग ; सण) ।
ठाव सक [स्थापय्] स्थापन करना, रखना । ठावइ, ठावेइ; (पि ५५३ ; कप्प, महा) । वकृ—**ठावंत, ठाविंत** ; (चेइ २० , सुपा ८८) । संकृ—**ठावइत्ता, ठावेत्ता** , (कस ; महा) । कृ—**ठाएयव्व** , (सुपा ५४५) ।
ठावण न [स्थापन] स्थापन, धारण, (पचा १३) ।
ठावणया } **ठावणा** } देखो **ठवणा** , (उप ६८६ टी; ठा १ , बृह ५)।
ठावय वि [स्थापक] स्थापन करने वाला; (गाया १, १८, सुपा २३४) ।
ठावर वि [स्थावर] रहने वाला, स्थायी , (अच्चु १३) ।
ठाविअ वि [स्थापित] स्थापित, रखा हुआ , (ठा ३, १ ; श्रा १२; महा) ।
ठावित्तु वि [स्थापयितृ] ऊपर देखो ; (ठा ३, १) ।
ठिअअ न [दे] ऊर्ध्व, ऊँचा , (दे ४, ६) ।
ठिइ स्त्री [स्थिति] १ व्यवस्था, क्रम, मर्यादा, नियम , "जयट्ठिई एसा" (ठा ४, १ ; उप ७२८ टी) । २ स्थान, अवस्थान ; (सम २) । ३ अवस्था, दशा ; (जी ४८) । ४ आयु, उम्र, काल-मर्यादा ; (भग १४, ५ , नव ३१; परण ४ ; औप) । °**क्खय** पुं [°क्षय] आयु का क्षय, मरण , (विपा २, १) । °**पडिया** देखो °**वडिया**; (कप्प) । °**बंध** पुं [°बन्ध] कर्म-बन्ध की काल-मर्यादा ; (कम्म ४, ८२) । °**वडिया** स्त्री [°पतिता] पुत्र-जन्म-सम्बन्धी उत्सव-विशेष ; (गाया १, १) ।
ठिक्क न [दे] पुरुष-चिह्न ; (दे ४, ५) ।
ठिक्करिआ स्त्री [दे] ठिकरी, घड़ा का टुकड़ा ; (श्रा १४) ।
ठिय वि [स्थित] १ अवस्थित; (ठा २, ४) । २ व्यवस्थित, नियमित , (सूअ १, ६) । ३ खड़ा ; (भग ६,३३) । ४ निषण्ण, बैठा हुआ ; (निचू १ ; प्राप्र ; कुमा) ।
ठिर देखो **थिर**, (अच्चु १ , गा १३१ अ) ।
ठिविअ न [दे] १ ऊर्ध्व, ऊँचा; २ निकट, समीप ; ३ हिक्का, हिचकी , (दे ४, ६) ।
ठिव्व सक [वि+घुट्] मोड़ना । संकृ—**ठिव्विऊण** ; (सुपा १६) ।
ठीण वि [स्त्यान] १ जमा हुआ (घृत आदि) ; (कुमा)। २ ध्वनि-कारक, आवाज करने वाला ; ३ न. जमाव ; ४ आलस्य ; ५ प्रतिध्वनि ; (हे १, ७४ ; २, ३३) ।

ठुंठ पुन [दे] ठुँठा, स्थाणु , (जं १) ।
ठेर पुंस्त्री [**स्थविर**] वृद्ध, बूढा ; (गा ८८३ अ ; पि१६६), " पउरजुवाणो गामो, महुमासो जोअणं पई ठेरो । जुण्णसुरा साहीणा, असई मा होउ किं मरउ ?" (गा १६७)। स्त्री—°**री** ; (गा ६५४ अ) ।
ठोड पु [दे] १ जोतिषी, दैवज्ञ ; २ पुरोहित; (सुपा ५५२) ।

इअ सिरिपाइअसद्दमहण्णवम्मि ठयाराइसद्द-
संकलणो एगूणवीसइमो तरंगो समत्तो ।

ड

ड पुं [**ड**] मूर्ध-स्थानीय व्यञ्जन वर्ण-विशेष , (प्रामा ; प्राप) ।
डओयर न [**दकोदर**] पेट का रोग-विशेष, जलोदर; (निचू १)।
डंक पुं [**दे**] १ डंक, वृश्चिक आदि का काँटा ; (पण्ह १,१) । २ दंश-स्थान, जहाँ पर वृश्चिक आदि डसा हो ; " जह सव्व-सरीरगयविसं निरंभितु डक्कमाणिति " (सुपा ६०६)।
डंगा स्त्री [दे] डाँग, लाठी, यष्टि ; (सुपा २३८ ; ३८८; ५४६) ।
डंड देखो **दंड** ; (हे १, १२७ ; प्राप्र) ।
डंड न [दे] वस्त्र के सीए हुए टुकड़े ; (दे ४, ७) ।
डंडय पुं [दे] रथ्या, महल्ला ; (दे ४, ८) ।
डंडारण्ण न [**दण्डारण्य**] दक्षिण का एक प्रसिद्ध जंगल, दण्डकारण्य ; (पउम ६८, ४२) ।
डंडि } स्त्री [**दे**] सीए हुए वस्त्र-खण्ड ; (दे ४, ७ ; पण्ह १, ३)।
डंडी }
डंबर पुं [**दे**] घर्म, गरमी, प्रस्वेद ; (दे ४, ८) ।
डंबर पुं [**डम्बर**] आडम्बर, आटोप ; (उप १४२ टी; पिंग) ।
डंभ देखो **दंभ** ; (हे १, २१७) ।
डंभण न [**दम्भन**] दागने का शस्त्र-विशेष, (विपा १, ६)।
डंभणया } स्त्री [**दम्भना**] १ दागना । २ माया, कपट, दम्भ, वञ्चना , (उप पृ ३१५ , पण्ह २,१)।
डंभणा }
डंभिअ पुं [**दे**] जूआरी, जूए का खेलाडी ; (दे ४,८)।
डंभिअ वि [**दाम्भिक**] वञ्चक, मायावी, कपटी ; (कुमा , षड्)।

डंस सक [**दंश्**] डसना, काटना । डंसइ, डंसए; (षड्) ।
डंस पुं [**दंश**] क्षुद्र जन्तु-विशेष, डाँस ; (जी १८) ।
डक्क वि [**दष्ट**] डसा हुआ, दाँत से काटा हुआ ; (हे २, २ ; गा ५३१) ।
डक्क वि [**दे**] दन्त-गृहीत, दाँत से उपात्त ; (दे ४,६) ।
डक्क स्त्रीन [**डक्क**] वाद्य-विशेष ; (सुपा १६५) ।
डगण न [दे] यान-विशेष ; (राज) ।
डगमग अक [**दे**] चलित होना, हिलना, काँपना । डगमगीति; (पिंग) ।
डगल न [**दे**] १ फल का टुकड़ा ; (निचू १५) । २ ईंट, पाषाण वगैरः का टुकड़ा ; (ओघ ३५६ ; ७८ भा) ।
डग्गल पुं [**दे**] घर के ऊपर का भूमि-तल ; (दे ४,८) ।
डज्झ }
डज्झंत } देखो **डह** ।
डज्झमाण }
डट्ठ देखो **डक्क**=दष्ट ; (हे १, २१७) ।
डड्ढ वि [**दग्ध**] प्रज्वलित, जला हुआ ; (हे १, २१७ ; गा १४६) ।
डड्ढाडी स्त्री [**दे**] दव-मार्ग आग का रास्ता ; (दे ४,८)।
डप्फ न [**दे**] सेल्ल, कुन्त, आयुध-विशेष ; (दे ४, ७) ।
डब्भ पुं [**दर्भ**] डाभ, कुश, तृण-विशेष ; (हे १, २१७) ।
डमडम अक [**डमडमाय्**] 'डम डम' आवाज करना, डमरुक आदि का आवाज होना । वकृ—**डमडमंत**; (सुपा १६३) ।
डमडमिय वि [**डमडमायित**] जिसने 'डम डम' आवाज किया हो वह ; (सुपा १५१ ; ३३८) ।
डमर पुंन [**डमर**] १ राष्ट्र का भीतरी या बाह्य विप्लव, बाहरी या भीतरी उपद्रव ; (णाया १, १ ; जं २ ; पव ४ ; औप) । २ कलह, लड़ाई, विग्रह ; (पण्ह १,२ ; दे ८,३२)।
डमरुअ } पुंन [**डमरुक**] वाद्य-विशेष, कापालिक योगिओं के बजाने का बाजा , (दे २, ८६ ; पउम ५७, २३ ; सुपा ३०६ ; षड्) ।
डमरुग }
डर अक [**त्रस्**] डरना, भय-भीत होना । डरइ; (हे ४,१६८)।
डर पुं [**दर**] डर, भय, भीति ; (हे १, २१७ ; सण) ।
डरिअ वि [**त्रस्त**] भय-भीत, डरा हुआ ; (कुमा ; सुपा ६५५ ; सण) ।
डल पुं [**दे**] लोष्ट, ढेला ; (दे ४, ७) ।
डल्ल सक [**पा**] पीना । डल्लइ ; (हे ४,१०) ।

डल्ल } न [**दे**] पिटिका, डाला, डाली, बाँस का बना हुआ
डल्लग } फल-फूल रखने का पात्र ; (दे ४, ७ , आवम) ।

डल्लिर वि [**पातृ**] पीने वाला ; (कुमा) ।

डव सक [**आ+रभ्**] आरम्भ करना, शुरू करना । डवइ ; (षड्) ।

डव्व पुं [**दे**] वाम हस्त, बायाँ हाथ ; गुजराती में 'डावो' ; (दे ४, ६) ।

डस देखो **डस** । डसइ ; (हे १, २१८ ; पि २२२) । हेकृ—**डसिउं** ; (सुर २, २४३) ।

डसण न [**दशन**] १ दंश, दाँत स काटना ; (हे १, २१७) । २ दाँत ; (कुमा) ।

डसिअ वि [**दष्ट**] डसा हुआ, काटा हुआ ; (सुपा ४४६ ; सुर ६, १८५) ।

डह सक [**दह्**] जलाना, दग्ध करना । डहइ, डहए , (हे १, २१८ ; षड् ; महा ; उव) । भवि—डहिहिइ ; (हे ४, २४६) । कवकृ—**डज्झंत, डज्झमाण** ; (सम १३७ ; उप पृ ३३ ; सुपा ८५) । हेकृ—**डहिउं** ; (पउम ३१, १७) । कृ—**डज्झ** , (ठा ३, २ ; दस १०) ।

डहण न [**दहन**] १ जलाना, भस्म करना ; (वृह १) । २ पुं. अग्नि, वह्नि ; (कुमा) । ३ वि. जलाने वाला ; "तस्स सुहासुहडहणो अप्पा जलणो पयासेइ" (आरा ८४) ।

डहर पुं [**दे**] १ शिशु, बालक, बच्चा , (दे ४,८ , पाअ ; वव ३; दस ६, १, सूअ १, २, १; २, ३, २१; २२; २३)। २ वि. लघु, छोटा, क्षुद्र, (ओघ १७८; २६० भा) । °**ग्गाम** पुं [°**ग्राम**] छोटा गाँव; (वव ७) ।

डहरिया स्त्री [**दे**] जन्म से अठारह वर्ष तक की लडकी ; (वव ४) ।

डहरी स्त्री [**दे**] अलिञ्जर, मिट्टी का घड़ा ; (दे ४, ७) ।

डाअल न [**दे**] लोचन, आँख, नेत्र ; (दे ४, ६) ।

डाइणी स्त्री [**डाकिनी**] १ डाकिन, डायन, चुड़ैल, प्रेतिनी; २ जंतर-मंतर जानने वाली स्त्री ; (पण्ह १,३ ; सुपा ५०५; स ३०७ ; महा) ।

डाउ पु [**दे**] १ फलिहंसक वृक्ष, एक जाति का पेड , २ गणपति की एक तरह की प्रतिमा ; (दे ४, १२) ।

डाग पुंन [**दे**] भाजी, पत्राकार तरकारी ; (भग ७, १० ; दसा १ ; पव २) ।

डागिणी देखो **डाइणी**; (सूअ १, ३, ४) ।

डामर वि [**डामर**] भयंकर ; "डमडमियडमरुयाडोवडामरो" (सुपा १५१) । २ पुं. स्वनाम-ख्यात एक जैन मुनि ; (पउम २०, २१) ।

डामरिय वि [**डामरिक**] लड़ाई करने वाला, विग्रह-कारक; (पण्ह १, २) ।

डाय [**दे**] देखो **डाग** ; (राज) ।

डायाल न [**दे**] हर्म्य-तल, प्रासाद-भूमि ; (आचा २, २,१) ।

डाल स्त्रीन [**दे**] १ डाल, शाखा, टहनी ; (सुपा १४० : पचा १६ ; भवि ; हे ४, ४४५) । २ शाखा का एक देश; (आचा २, १, १०) । स्त्री—°**ला** ; (महा ; पाअ ; वज्जा २६), °**ली** ; (दे ४,६ ; पच्च १० ; सण, निचू १)।

डाव पु [**दे**] वाम हस्त; बायाँ हाथ ; गुजराती में 'डावो' (दे ४, ६) ।

डाह देखो **दाह** ; (हे १,२१७ ; गा २२६ ; ५३५ ; कुमा)।

डाहर पुं [**दे**] देश-विशेष ; (पिंग) ।

डाहाल पु [**दे**] देश-विशेष , (सुपा २६३) ।

डाहिण देखो **दाहिण**; (गा ७७७ ; पिंग) ।

डिअली स्त्री [**दे**] स्थूणा, खंभा, खूँटी ; (दे ४, ६) ।

डिंडव वि [**दे**] जल में पतित ; (षड्) ।

डिंडिम न [**डिण्डिम**] डुगडुगी, डुग्गी, वाद्य-विशेष ; (सुर ६,१८१) ।

डिंडिलिअ न [**दे**] १ खलि-खचित वस्त्र, तैल-किट्ट से व्याप्त कपड़ा ; २ स्खलित हस्त ; (दे ४, १०) ।

डिंडी स्त्री [**दे**] सीए हुए वस्त्र खाड ; (दे ४, ७) । °**बंध** पुं [°**बन्ध**] गर्भ-संभव ; (निवू ११) ।

डिंडीर पुंन [**डिण्डीर**] समुद्र का फेन, समुद्र-कफ , (उप ७२८ टी ; सुपा २२२) ।

डिंफिअ वि [**दे**] जल-पतित, पानी में गिरा हुआ ; (दे ४, ६) ।

डिंब पुंन [**डिम्ब**] १ भय, डर ; (से २, १६) । २ विघ्न, अन्तराय ; (णाया १, १—पत्र ६ ; औप) । ३ विप्लव, डमर ; (जं २) ।

डिंभ अक [**स्रंस्**] १ नीचे गिरना । २ ध्वस्त होना, नष्ट होना । डिंभइ ; (हे ४, १६७ ; षड्) । वकृ—**डिंभंत** ; (कुमा ७, ४२) ।

डिंभ पुंन [**डिम्भ**] बालक, बच्चा, शिशु ; (पाअ ; हे १, २०२ ; महा ; सुपा १६) । "अहं दुक्खियाइं तह मुक्खियाइं जह चिंतियाइं डिंभाइं" (विवे १११) ।

(d) $2x - 3y = 0$

डिंभिया स्त्री [डिम्भिका] छोटी लड़की ; (गाथा १,१८)।
डिक्क अक [गर्ज्] साँढ का गरजना। डिक्कइ ; (षड्)।
डिडुर पुं [दे] भेक, मण्डूक, मेंढक ; (दे ४, ६)।
डित्थ पु [डित्थ] १ काष्ठ का बना हुआ हाथी ; २ पुरुष-विशेष, जो श्याम, विद्वान्, सुन्दर, युवा और देखने में प्रिय हो ऐसा पुरुष , (भास ७७)।
डिप्प अक [दीप्] दीपना, चमकना। डिप्पइ, डिप्पए ; (षड्)।
डिप्प अक [वि+गल्] १ गल जाना, सड़ जाना। २ गिर पड़ना। डिप्पइ, डिप्पए , (षड्)।
डिमिल न [दे] वाद्य-विशेष , (विक्र ८७)।
डिल्ली स्त्री [दे] जल-जन्तु -विशेष ; (जीव १)।
डीण वि [दे] अवतीर्ण ; (दे ४, १०)।

डीणोवय न [दे] उपरि, ऊपर , (दे ४, १०)।
डीर न [दे] कन्दल, नवीन अकुर , (दे ४, १०)।
डुंगर पु [दे] शैल, पर्वत, गुजराती में 'डुगर' ; (दे ४, ११ ; हे ४, ४४५ ; जं २)।
डुंघ पु [दे] नारियर का बना हुआ पात्र-विशेष, जो पानी निकालने के काम में आता है ; (दे ४, ११)।
डुंडुअ पु [दे] १ पुराना घण्टा ; (दे ४, ११)। २ बड़ा घण्टा , (गा १७२)।
डुंडुक्का स्त्री [दे] वाद्य-विशेष ; (विक्र ८७)।
डुंडुल्ल अक [भ्रम्] घूमना, फिरना, चक्कर लगाना। डुंडुल्लइ , (षड्)।
डुंब पु [दे] डोम, चाण्डाल, श्व-पच ; (दे ४, ११ ; २, ७३ ; ७, ७६)। देखो डोंब ; (पव ६)।
डुज्जय न [दे] कपड़े का छोटा गट्ठा, वस्त्र-खण्ड ; "खिविउं वयणम्मि डुज्जयं अहय, बद्धा रुक्खस्स थुड" (सुपा ३६६)।
डुल अक [दोलय्] डोलना, काँपना, हिलना। डुलइ ; (पिंग)।
डुलि पु [दे] कच्छप, कछुआ ; (उप पृ १३६)।
डुहडुहडुहु अक [डुहडुहाय्] 'डुह डुह' आवाज करना, नदी के वेग का खलखलाना। वक्ृ—डुहडुहडुहुंतनइसलिलं" (पउम ६४, ४३)।
डेकुण पु [दे] मत्कुण, खटमल, क्षुद्र कीट-विशेष ; (पड्)।
डेड्डुर पुं [दे] दर्दुर, भेक, मण्डूक, मेंढक, (षड्)।
डेर वि [दे] ककटाक्ष, नीची ऊँची आँख वाला ; (पिंग)।
डेव सक [उत्+लंघ्] उल्लंघन करना, कूद जाना, अतिक्रमण करना। वक्ृ—डेवमाण ; (राज)।
डेवण न [उल्लङ्घन] उल्लंघन, अतिक्रमण ; (ओघ ३६)।

डोअ पु [दे] काष्ठ का हाथा, दाल, शाक आदि परोसने का काष्ठ पात्र-विशेष ; गुजराती में 'डोयो' ; (दे ४,११; महा)।
डोअण न [दे] लोचन, आँख ; (दे ४, ६)।
डोंगिली स्त्री [दे] १ ताम्बूल रखने का भाजन-विशेष ; २ ताम्बूलिनी, पान बेचने वाले की स्त्री ; (दे ४, १२)।
डोंगी स्त्री [दे] १ हस्तबिम्ब, स्थासक; २ पान रखने का भाजन-विशेष ; (दे ४, १३)।
डोंब पुं [दे] १ म्लेच्छ देश-विशेष ; २ एक म्लेच्छ-जाति; (पण्ह १, १ ; इक ; पत्र ६)। ३ देखो डुंब ; (पाअ)।
डोंबिलग } पुं [दे] १ म्लेच्छ देश-विशेष ; २ एक अनार्य
डोंबिलय } जाति ; (पण्ह १, १ ; इक)। ३ डोम, चाण्डाल; (स २८६)।
डोड्ड पु [दे] एक जघन्य मनुष्य-जाति; " दिट्ठो तक्खणजिमिओ निग्गच्छंतो वहिं डोड्डो ; तो तस्सुदरं फालिअ" (उप १३६ टी)।
डोर पुं [दे] डोर, गुण, रस्सी ; (गा२११ ; वज्जा६६)।
डोल अक [दोलय्] १ डोलना, हिलना, भूलना। २ सशयित होना, सन्देह करना। वक्ृ—डोलंत ; (अच्चु ६०)।
डोल पुं [दे] १ लोचन, आँख, नयन ; गुजराती में-'डोलो'; (दे ४, ६)। २ जन्तु-विशेष ; (बृह १)। ३ फल विशेष ; (पंचव २)।
डोला स्त्री [दोला] हिंडोला, भूलना ; (हे १, २१७ ; पाअ)।
डोला स्त्री [दे] डाली, शिविका, पालकी ; (दे ४, ११)।
डोलाअंत वि [दोलायमान] संशय करने वाला, डँवाडोल; (अच्चु ७)।
डोलाइअ वि [दोलायित] संशयित, डँवाडोल , "भडस्स डोलाइअं हिअअं" (गा ६६६)।
डोलायमाण देखो डोलाअंत ; (निचू १०)।
डोलाविय वि [दोलित] कम्पित, हिलाया हुआ ; (पउम ३१, १२४)।
डोलिअ पुं [दे] कृष्णसार, काला हिरन ; (दे ४, १२)।
डोलिर वि [दोलावत्] डोलने वाला, काँपने वाला ; "दरडोलिरसीसं" (कुमा)।
डोल्लणग पु [दे] पानी में होने वाला जन्तु-विशेष ; (सूअ २, ३)।
डोव [दे] देखो डोअ , (गांदि , उप पृ २१०)। स्त्री—°वा ; (पभा २७)।

डोसिणी स्त्री [दे] ज्योत्स्ना, चन्द्र-प्रकाश ; (षड्) ।

डोहल पुं [दोहद] १ गर्भिणी स्त्री का अभिलाष, २ मनोरथ, लालसा ; (हे १, २१७ , कुमा) ।

इअ सिरिपाइअसद्दमहण्णवम्मि डआराइसद्द-संकलणो वीसइमो तरंगो समत्तो ।

ढ

ढ पुं [ढ] व्यञ्जन वर्ण-विशेष, यह मूर्धन्य है, क्योंकि इसका उच्चारण मूर्धा से होता है , (प्रामा ; प्राप) ।

ढंक पुं [दे] काक, वायस, कौआ ; (दे ४, १३ , जं २ ; प्राप ; सण ; भवि ; पाअ) । °**वत्थुल** न [°**वास्तुल**] शाक-विशेष, एक तरह की भाजी ; (धर्म २) ।

ढंक पुं [ढङ्क] कुम्भकार-जातीय एक जैन उपासक ; (विसे २३०७) ।

ढंक देखो **ढक्क** । भवि—ढंकिस्सं ; (पि २२१) ।

ढंकण न [दे.छादन] १ ढकना, पिधान ; (प्रासु ६० ; अणु) ।

ढंकण देखो **ढिंकुण** ; (राज) ।

ढंकणी स्त्री [दे.छादनी] ढकनी, पिधानिका, ढकने का पात्र-विशेष , (दे ४, १४) ।

ढंकुण पुं [दे] मत्कुण, खटमल ; (दे ४, १४) ।

ढंख देखो **ढंक**=(दे) ; (पि २१३ , २२३) ।

ढंखर पुन [दे] फल-पत्र से रहित डाल ; " ढंखरसेसोवि हु महुअरेण मुक्का ण मालई-विडवो " (गा ७५५ ; वज्जा ५२) ।

ढंखरी स्त्री [दे] वीणा-विशेष, एक प्रकार की वीणा ; (दे ४, १४) ।

ढंढ पुं [दे] १ पंक, कीच, कर्दम ; (दे ४, १६) । २ वि. निरर्थक, निकम्मा ; (दे ४, १६ ; भवि) ।

ढंढण पुं [ढण्ढन] स्वनाम-ख्यात एक जैन मुनि ; (विवे ३२; पडि) ।

ढंढणी स्त्री [दे] कपिकच्छु, केवाँच, वृक्ष-विशेष , (दे ४, १३) ।

ढंढर पुं [दे] १ पिशाच ; २ ईर्ष्या ; (दे ४, १६) ।

ढंढरिअ पुं [दे] कर्दम, पंक, कादा ; (दे ४, १५) ।

ढंढल्ल सक [भ्रम्] घूमना, फिरना, भ्रमण करना । ढंढल्लइ ;(हे ४, १६१) ।

ढंढल्लिअ वि [भ्रान्त] भ्रान्त, घूमा हुआ ; (कुमा) ।

ढंढसिअ पु [दे] १ ग्राम का यक्ष ; २ गाँव का वृक्ष ; (दे ४, १५) ।

ढंढुल्ल देखो **ढंढल्ल** । ढंढुल्लइ ; (सण) ।

ढंढोल सक [गवेषय्] खोजना, अन्वेषण करना । ढंढोलइ ; (हे ४, १८९) । संकृ—**ढंढोलिअ** ; (कुमा) ।

ढंढोल्ल देखो **ढंढुल्ल** । संकृ—**ढंढोल्लिवि** ; (सण) ।

ढंस अक [वि + वृत्] धसना, धसकर रहना, गिर पडना । ढंसइ ; (हे ४, ११८) । वकृ—**ढंसमाण** ; (कुमा) ।

ढंसय न [दे] अयश, अपकीर्ति ; (दे ४, १४) ।

ढक्क सक [छादय्] १ ढकना, आच्छादन करना, बन्द करना । ढक्कइ ; (हे ४,२१) । भवि—ढक्किस्सं ; (गा३१४) । कर्म—"ढक्किज्जउ कूवाई" (सुर १२, १०२) । संकृ—"तत्थ ढक्किउं दारं", **ढक्किऊण, ढक्केऊण** ; (सुपा ६४० ; महा , पि २२१) । कृ— **ढक्केयव्व**; (दस २) ।

ढक्क पु [ढक्क] १ देश-विशेष, २ देश-विशेष में रहने वाली एक जाति, (भवि) । ३ भाट की एक जाति; (उप पृ११२) ।

ढक्कय न [दे] तिलक , (दे ४, १४) ।

ढक्करि वि [दे] अद्भुत, आश्चर्य-जनक ; (हे ४, ४२२) ।

ढक्का स्त्री [ढक्का] वाद्य-विशेष ; (गा ५२६ ; कुमा ; सुपा २४२) ।

ढक्किअ वि [छादित] बन्द किया हुआ, आच्छादित ; (स ४६६ , कुमा) ।

ढगढग्गा स्त्री [दे] 'ढग ढग' आवाज, पानी वगैर. पीने की आवाज ; "सोणिअं ढगढग्गाए घोट्टयंतो" (स २५७) ।

ढज्झंत देखो **डज्झंत** ; (पि २१२ ; २१६) ।

ढड्ड पु [दे] भेरी, वाद्य-विशेष ; (दे ४, १३) ।

ढड्डर पु [दे] १ बडी आवाज, महान् ध्वनि, (ओघ १५६) । २ न. गुरु-वन्दन का एक दोष, बड़े स्वर से प्रणाम करना ; (गुभा २५) । ३ वि. वृद्ध, बूढा ; "ढड्ढरसड्ढाण मग्गेण" ; (सार्ध३८) ।

ढणिय वि [ध्वनित] शब्दित, ध्वनित ; (सुर १३, ८४) ।

ढमर न [दे] १ पिठर , स्थाली ; (दे ४, १७ ;पाअ) । २ गरम पानी, उष्ण जल ; (दे ४, १७) ।

ढयर पुं [दे] पिशाच ; (दे ४, १६ ; पाअ) । २ ईर्ष्या, रोष ; (दे ४, १६) ।

ढल अक [दे] १ टपकना, नीचे पड़ना, गिरना । २ झुकना । वकृ—ढलंत ; (कुमा), "ढलंतसेयचामरुप्पील।" (उप ६८६ टी) ।

ढलिय वि [दे] झुका हुआ ; (उप पृ ११८) ।

ढाल सक [दे] १ टालना, नीचे गिराना । २ झूकाना, चामर वगैरः का वीजना । ढालए ; (सुपा ४७) ।

ढालिअ वि [दे] नीचे गिराया हुआ ; "सीसाओ ढालिओ मुगो" (सुर ३, २२८) ।

ढाव पुं [दे] आग्रह, निर्बन्ध ; (कुमा) ।

ढिंक पुं [ढिङ्क] पक्षि-विशेष ; (पण्ह १, १—पत्र ८) ।

ढिंकुण } पुं [दे] क्षुद्र जन्तु-विशेष, गौ आदि को लगने
ढिंकुण } वाला कीट-विशेष ; (राज ; जी १८) ।

ढिंग देखो ढिंक ; (राज) ।

ढिंढय वि [दे] जल में पतित ; (दे ४, १५) ।

ढिक्क अक [गर्ज्] साँड़ का गरजना । ढिक्कइ ; (हे ४, ९९) । वकृ—ढिक्कमाण ; (कुमा) ।

ढिक्कय न [दे] नित्य, हमेशा, सदा ; (दे ४, १५) ।

ढिक्किय न [गर्जन] साँड़ की गर्जना ; (महा) ।

ढिढ्ढिस न [ढिङ्किस] देव-विमान विशेष ; (इक) ।

ढिल्ल स्त्री [दे] ढीला, शिथिल ; (पि १५०) ।

ढिल्ली स्त्री [ढिल्ली] भारतवर्ष की प्राचीन और अद्यतन राज-धानी, दिल्ली शहर ; (पिंग) । °नाह पुं [°नाथ] दिल्ली का राजा, (कुमा) ।

ढुंढुल्ल सक [भ्रम्] घूमना, फिरना, चलना । ढुंढुल्लइ ; (हे ४, १६१) । ढुंढुल्लन्ति ; (कुमा) ।

ढुंढुल्ल सक [गवेषय्] ढूँढना, खोजना, अन्वेषण करना । ढुंढुल्लइ ; (हे ४, १८९) ।

ढुंढुल्लण न [गवेषण] खोज, अन्वेषण ; (कुमा) ।

ढुंढुल्लिअ वि [गवेषित] अन्वेषित, ढूँढा हुआ ; (पाअ) ।

ढुक्क सक [ढौक्]१ भेंट करना, अर्पण करना । २ उपस्थित करना । ३ अक. लगना, प्रवृत्ति करना । ४ मिलना । वकृ—ढुक्कंत ; (पिंग) । कवकृ—ढुक्कंत ; (उप ९८६ टी ; पिंग) ।

ढुक्क वि [दे. ढौकित] १ उपस्थित ; (स २५१) । २ मिलित ; (पिंग) । ३ प्रवृत्त ; " चिंतिउं ढुक्को " (श्रा २७ ; सण ; भवि) ।

ढुक्किअ वि [ढौकित] ऊपर देखो ; (पिंग) ।

ढुम } सक [भ्रम्] भ्रमण करना, घूमना । ढुमइ ; ढुसइ ;
ढुस } (हे ४, १६१ ; कुमा) ।

ढेंक पुं [ढेङ्क] पक्षि-विशेष ; (दज्जा ३४) ।

ढेंका स्त्री [दे] १ हर्ष, खुशी ; २ ढेंकुवा, ढेकली, कूप-तुला ; (दे ४; १७) ।

ढेंकिय देखो ढिक्किय ; (गउ) ।

ढेंकी स्त्री [दे] बलाका, बक-पङ्क्ति; (दे ४,१५) ।

ढेंकुण पुं [दे] मत्कुण, खटमल ; (दे ४, १४) ।

ढेंढिअ वि [दे] धूपित, धूप दिया हुआ ; (दे ४, १६) ।

ढेणियालग } पुंस्त्री [ढेणिकालक] पक्षि-विशेष ; (पण्ह
ढेणियालय } १, १) । स्त्री—°लिया ; (अनु ४) ।

ढेल्ल वि [दे] निर्धन, दरिद्र ; (दे ४, १६) ।

ढोअ देखो ढुक्क=ढौक् । ढोएज्जह ; (महा) ।

ढोइय वि [ढौकित] १ भेंट किया हुआ ; २ उपस्थित किया हुआ ; (महा ; सुपा १६८ ; भवि) ।

ढोंघर वि [दे] भ्रमण-शील, घूमने वाला ; (दे ४, १५) ।

ढढोल्ल पुं [दे] १ ढोल, पटह ; २ देश-विशेष, जिसकी राज-धानी धौलपुर है ; (पिंग) ।

ढोवण } न [ढौकन, °क] १ भेंट करना, अर्पण करना;
ढोवणय } (कुमा) । २ उपहार, भेंट ; (सुपा २८०) ।

ढोविय वि [ढौकित] उपस्थापित, उपस्थित किया हुआ ; (स ५०८) ।

इअ सिरिपाइअसद्दमहण्णवम्मि ढयाराइसद्द-
संकलणो एक्कवीसइमो तरंगो समत्तो ।

ण तथा न

ण पुं [ण, न] व्यञ्जन वर्ण-विशेष, इसका उच्चारण-स्थान मूर्धा है, इससे यह मूर्धन्य कहाता है ; (प्राप ; प्रामा) ।

ण अ [न] निषेधार्थक अव्यय, नहीं, मत ; (कुमा ; गा २ ; प्रासू १५६) । °उण, °उणा, °उणाइ, °उणो अ [पुनः] न तु, नहीं कि ; (हे १, ६५ ; षड्) । °संति-परलोगवाइ वि [°शान्तिपरलोकवादिन्] मोक्ष और परलोक नहीं है ऐसा मानने वाला ; (ठा ८) ।

ण स [तत्] वह ; (हे ३, ७० ; कुमा) ।

ण स [**इदम्**] यह, इस ; (हे ३, ७७ ; उप ६६० ; गा १३१ ; १६६) ।

ण वि [**ज्ञ**] जानकार, पण्डित, विचक्षण ; (कुमा २,८८) ।

णअ देखो **णव**=नव ; (गा १००० ; नाट—चैत ४२) । °**दीअ** पुं [°**द्वीप**] वङ्गाल का एक विख्यात नगर, जो न्याय-शास्त्र का केन्द्र गिना जाता है, जिसको आजकल 'नदिया' कहते हैं ; (नाट—चैत १२६) ।

णइ अ. १ निश्चय-सूचक अव्यय ; "गईए णइ" (हे २, १८४ ; षड्) । २ निषेधार्थक अव्यय ; "नइ माया नेय पिया" (सुर २, २०६) ।

णइ° देखो **णई** ; (गउड ; हे २,६७; गा १६७; सुर १३,३५) ।

णइअ वि [**नयिक**] नय-युक्त, अभिप्राय-विशेष वाला ; (सम ४०) ।

णइअ देखो **णी**=नी ।

णइमासय न [**दे**] पानी में होने वाला फल-विशेष ; (दे ४, २३) ।

णई स्त्री [**नदी**] नदी, पर्वत आदि से निकला वह स्रोत जो समुद्र या बड़ी नदी में जाकर मिले ; (हे १, २२६ ; पाअ) । °**कच्छ** पुं [°**कच्छ**] नदी के किनारे पर की झाडी ; (णाया १, १) । °**गाम** पुं [°**ग्राम**] नदी के किनारे पर स्थित गाँव ; (प्राप्र) । °**णाह** पुं [°**नाथ**] समुद्र, सागर ; (उप ७२८ टी) । °**वइ** पुं [°**पति**] समुद्र, सागर; (पण्ह १, ३) । °**संतार** पुं [°**संतार**] नदी उतरना, जहाज आदि से नदी पार जाना ; (राज) । °**सोत्त** पुं [°**स्रोतस्**] नदी का प्रवाह; (प्राप्र ; हे १, ४) ।

णउ (अप) देखो **इव** ; (कुमा) ।

णउअ न [**नयुत**] 'नयुतांग' को चौरासी लाख से गुणने पर जो संख्या लब्ध हो वह ; (ठा २, ४ ; इक) ।

णउअंग न [**नयुताङ्ग**] 'प्रयुत' को चौरासी लाख से गुणने पर जो संख्या लब्ध हो वह ; (ठा २, ४ ; इक) ।

णउइ स्त्री [**नवति**] संख्या-विशेष, नव्वे, ६० ; (सम ६४) ।

णउइय वि [**नवत**] ६० वाँ ; (पउम ६०, ३१) ।

णउल पुं [**नकुल**] १ न्यौला, (पण्ह १, १ , जी २२) । २ पाँचवाँ पाण्डव ; (णाया १, १६) ।

णउली स्त्री [**नकुली**] विद्या-विशेष, सर्प-विद्या की प्रतिपक्ष विद्या ; (राज) ।

णं अ. १ वाक्यालंकार में प्रयुक्त किया जाता अव्यय , (हे ४, २८३ ; उवा ; पडि) । २ प्रश्न-सूचक अव्यय ; ३ स्वीकार-द्योतक अव्यय ; (राज) ।

णं (शौ) देखो **णणु** ; (हे ४, २८३) ।

णं (अप) देखो **इव** ; (हे ४, ४४४ ; भवि ; सण ; पडि) ।

णंगअ वि [**दे**] रुद्ध, रोका हुआ ; (षड्) ।

णंगर पुं [**दे**] लंगर, जहाज को जल-स्थान में थामने के लिए पानी में जो रस्सी आदि डाली जाती है वह; (उप ७२८ टी ; सुर १३, १६३ ; स २०२) ।

णंगल } न [**लाङ्गल**] हल, जिससे खेत जोता और बोया जाता है ; (पउम ७२, ७३ ; पण्ह १,४; पाअ)।
णंगल }

णंगल पुंन [**दे**] चञ्चु, चाँच ; "जडाउणो रुट्ठो । नहणंगलेसु पहरइ, दसाणणं विउलवच्छयले" (पउम ४४, ४०) ।

णंगलि पुं [**लाङ्गलिन्**] बलभद्र, हली ; (कुमा) ।

णंगलिय पुं [**लाङ्गलिक**] हल के आकार वाले शस्त्र-विशेष को धारण करने वाला सुभट ; (कप्प ; औप) ।

णंगूल न [**लाङ्गूल**] पुच्छ, पूँछ; (ठा ४,२; हे १,२५६)।

णंगूलि वि [**लाङ्गूलिन्**] १ लम्बा पूँछ वाला; २ पुं. वानर, बन्दर ; (कुमा) ।

णंगोल देखो **णंगूल** ; (णाया १, ३ ; पि १२७) ।

णंगोलि } पुं [**लाङ्गूलिन्, °क**] १ अन्तर्द्वीप-विशेष; २ उसका निवासी मनुष्य ; (पि १२७ ; ठा ४,२)।
णंगोलिय }

णंतग न [**दे**] वस्त्र, कपड़ा ; (कस ; आव ५) ।

णंद अक [**नन्द्**] १ खुश होना, आनन्दित होना । २ समृद्ध होना । णंदइ, णंदए ; (षड्) । कवकृ—**णंदिज्जमाण** ; (औप) । कृ—**णंदिअव्व, णंदेअव्व** ; (षड्) ।

णंद पुं [**नन्द**] १ स्वनाम-प्रसिद्ध पाटलिपुत्र नगर का एक राजा ; (मुद्रा १६८ ; णंदि) । २ भरत क्षेत्र के भावी प्रथम वासुदेव ; (सम १५४) । ३ भरत क्षेत्र में होने वाले नववें तीर्थंकर का पूर्व-भवीय नाम ; (सम १५४) । ४ स्वनाम-प्रसिद्ध एक जैन मुनि ; (पउम २०, २०) । ५ स्वनाम-ख्यात एक श्रेष्ठी ; (सुपा ६३८) । ६ न. देव-विमान विशेष ; (सम २६) । ७ लोहे का एक प्रकार का वृत्त आसन ; (णाया १, १—पत्र ४३ टी) । ८ वि. समृद्ध होने वाला; (औप) । °**कंत** न [°**कान्त**] देव-विमान विशेष, (सम २६) । °**कूड** न [°**कूट**] एक देव-विमान ; (सम २६) । °**ज्झय** न [°**ध्वज**] एक देव-विमान, (सम २६) । °**प्पभ** न [°**प्रभ**] देव-विमान विशेष ; (सम २६) । °**मई** स्त्री [°**मती**] एक अन्त-

पाण्डवों का समान-कालीन एक राजा ; (णाया १, १६—पत्र २०८)। °राय पुं [°राग] समृद्धि में हर्ष; (भग २, ५)। °रुक्ख पुं [°वृक्ष] वृक्ष-विशेष ; (पण्ण १)। °वड्डणा देखा °वद्धणा, (इक)। °वद्धण पु [°वर्धन] १ भगवान् महावीर का जेष्ठ भ्राता ; (कप्प)। २ पक्ष-विशेष ; (कप्प)। ३ एक राज-कुमार , (विपा १, ६)। ४ न. नगर-विशेष ; (सुपा ८८)। °वद्धणा स्त्री [°वर्धना] १ एक दिक्कुमारी देवी ; (ठा ८)। २ एक पुष्करिणी ; (ठा ४, २)। °सेण पुं [°षेण] १ ऐरवत वर्ष में उत्पन्न चतुर्थ जिन-देव , (सम १५३)। २ एक जैन कवि ; (अजि ३८)। ३ एक राज-कुमार ; (ठा १०)। ४ स्वनाम-ख्यात एक जैन मुनि ; (उव)। ५ देव-विशेष ; (राज)। °सेणा स्त्री [°षेणा] १ पुष्करिणी विशेष ; (जीव ३)। २ एक दिक्कुमारी देवी ; (दीव)। °सेणिया स्त्री [°षेणिका] राजा श्रेणिक की एक पत्नी ; (अंत)। °स्सर पु [°स्वर] १ देखो णंदीसर ; (राज)। २ बारह प्रकार के वाद्यों का एक ही साथ आवाज ; (जीव ३)।

णंदिअ न [दे] सिंह की चिल्लाहट ; (दे ४, १६)।

णंदिअ वि [नन्दित] १ समृद्ध, (औप)। २ जैन मुनि-विशेष ; (कप्प)।

णंदिक्ख पुं [दे] सिंह, मृगेन्द्र ; (दे ४, १६)।

णंदिज्ज न [नन्दीय] जैन मुनिओं का एक कुल ; (कप्प)।

णंदिणी स्त्री [नन्दिनी] पुत्री, लड़की ; (पउम ४६,२)। °पिउ पुं [°पितृ] भगवान् महावीर का एक स्वनाम-ख्यात गृहस्थ उपासक ; (उवा)।

णंदिणी स्त्री [दे] गौ, गैया ; (दे ४, १८ ; पाअ)।

णंदी देखो णंदि ; (महा ; ओघ ३२१ भा ; पण्ह १, १ , औप ; सम १५२ ; णंदि)।

णंदी स्त्री [दे] गौ, गैया; (दे ४, १८ ; पाअ)।

णंदीसर पुं [नन्दीश्वर] स्वनाम प्रसिद्ध एक द्वीप ; (णाया १, ८ ; महा)। °वर पुं [°वर] नन्दीश्वर द्वीप ; (ठा ४, ३)। °वरोद पुं [°वरोद] समुद्र-विशेष ; (जीव ३)।

णंदुत्तर पुं [नन्दोत्तर] देव-विशेष, नागकुमार के भूतानन्द-नामक इन्द्र के रथ सैन्य का अधिपति देव ; (ठा ५, १ ; इक) °वडिंसग न [°ावतंसक] एक देव-विमान ; (सम २६)।

णंदुत्तरा स्त्री [नन्दोत्तरा] १ पश्चिम रुचक पर्वत पर रहने वाली एक दिक्कुमारी देवी ; (ठा ८ ; इक)। २ कृष्णा-नामक इन्द्राणी की एक राजधानी; (जीव ३)। ३ पुष्करिणी-विशेष ; (ठा ४, २)। ४ राजा श्रेणिक की एक पत्नी ; (अंत. ७)।

णकार पुं [णकार, नकार] 'ण' या 'न' अक्षर , (विसे २८६७)।

णक्क पु [नक्र] १ जलजन्तु-विशेष, ग्राह, नाका ; (पण्ह १, १ ; कुमा)। २ रावण का एक स्वनाम-ख्यात सुभट ; (पउम ५६, २८)।

णक्क पु [दे] १ नाक, नासिका ; (दे ४, ४६ ; विपा १, १ ; औप)। २ वि. मूक, वाचा-शक्ति से रहित ; (दे ४, ४६)। °सिरा स्त्री [°सिरा] नाक का छिद्र; (पाअ)।

णक्कंचर पुं [नक्तञ्चर] १ राक्षस, २ चोर ; ३ विडाल; ४ वि. रात्रि में चलने फिरने वाला ; (हे १, १७७)।

णक्ख पुं [नख] नख, नाखून ; (हे २, ६६ ; प्राप्र)। °अ वि [°ज] नख से उत्पन्न ; (गा ६७१)। °आउह पुं [°आयुध] सिंह, मृगारि. (कुमा)।

णक्खत्त पुन [नक्षत्र] कृत्तिका, अश्विनी, भरणी आदि ज्योतिष्क-विशेष ; (पाअ ; कप्प ; इक ; सुज्ज १०)। °दमण पु [°दमन] राक्षस-वंश का एक राजा, एक लंकेश; (पउम ५, २६६)। °मास पु [°मास] ज्योतिष-शास्त्र में प्रसिद्ध समय-मान विशेष ; (वव १)। °मुह न [°मुख] चन्द्र, चाँद ; (राज)। °संवच्छर पु [°संवत्सर] ज्योतिष-शास्त्र-प्रसिद्ध वर्ष-विशेष ; ठा ६)।

णक्खत्त वि [नाक्षत्र] नक्षत्र-संबन्धी ; (जं ७)।

णक्खत्तणेमि पुं [दे. नक्षत्रनेमि] विष्णु, नारायण ; (दे ४, २२)।

णक्खन्नण न [दे] नख और कण्टक निकालने का शस्त्र-विशेष ; (बृह १)।

णक्खि वि [नखिन्] सुन्दर नख वाला; (बृह १)।

णग देखो णय=नग ; (पण्ह १, ४; उप ३५६ टी , सुर ३, ३४)। °राय पुं [°राज] मेरु पर्वत, (ठा ६)। [°वर] पुं [°वर] श्रेष्ठ पर्वत; (णाया १, १)। °वरिंद पुं [°वरेन्द्र] मेरु-पर्वत; (पउम ३, ७६)।

णगर न [नकर, नगर] शहर, पुर ; (बृह १ ; कप्प ; सुर ३, २०)। °गुत्तिय, °गोत्तिय पुं [°गुप्तिक] नगर

रक्षक, कोटवाल, दरोगा ; (णाया १, १८ ; औप ; पराह १, २ ; णाया १, २)। °घाय पु [°घात] शहर में लूट-पाट ; (णाया १, १८)। °णिद्धमण न [°निर्ध्मन] नगर का पानी जाने का रास्ता, मोरी, खाल , (णाया १, २)। °रक्खिय पु [°रक्षिक] देखो °गुत्तिय ; (निचू ४)। °वास पुं [°वास] राज-धानी, पाट-नगर ; (जं १—पत्र ७४)।

णगरी देखो णयरी ; (राज)।

णगाणिआ स्त्री [नगाणिका] छन्द-विशेष ; (पिंग)।

णगिंद पुं [नगेन्द्र] १ श्रेष्ठ पर्वत ; (पउम ६७, २७)। २ मेरु पर्वत ; (सुज्ज १, ६)।

णगिण वि [नग्न] नंगा वस्त्र-रहित; (आचा; उप पृ ३६३)।

णग्ग वि [नग्न] नंगा, वस्त्र रहित, (प्राप्र ; दे ४, २८)। °इ पुं [°जित्] गन्धार देश का एक स्वनाम-ख्यात राजा, (औप ; महा)।

णग्गाड वि [दे] निर्गत, बाहर निकला हुआ; (षड्—पृष्ठ१८१)।

णग्गोह पुं [न्यग्रोध] वृक्ष-विशेष, वड़ का पेड़ ; (पाअ ; सुर १, २०५)। °परिमंडल न [°परिमण्डल] संस्थान-विशेष, शरीर का आकार-विशेष; (ठा ६)।

णघुस पुं [नघुष] स्वनाम-ख्यात एक राजा ; (पउम २२, ५५)।

णचिरा देखो अइरा = अचिरात् ; (पि ३६५)।

णच्च अक [नृत्] नाचना, नृत्य करना। णच्चइ ; (षड्)। वकृ—णच्चंत, णच्चमाण; (सुर २, ७५ ; ३, ७७)। हेकृ—णच्चिउं, (गा ३६१)। कृ—णच्चियव्व; (पउम ८०, ३२)। प्रयो, कवकृ —णच्चाविज्जंत; (स २६)।

णच्च न [ज्ञत्व] जानकारी, पंडिताई ; (कुमा)।

णच्च न [नृत्य] नाच, नृत्य ; (दे ५, ८)।

णच्चग वि [नर्तक] १ नाचने वाला। २ पुं. नट, नचवैया; (वव ६)।

णच्चण न [नर्तन] नाच, नृत्य ; (कप्पू)।

णच्चणी स्त्री [नर्तनी] नाचने वाली स्त्री ; (कुमा ; कप्पू ; सुपा १६६)।

णच्चा } देखो णा=ज्ञा।
णच्चाण }

णच्चाविअ वि [नर्तित] नचाया हुआ ; (ओघ २६५ ; ठा ६)।

णच्चासन्न न [नात्यासन्न] अति समीप में नहीं ; (णाया १, १)।

णच्चिर वि [नर्त्तितृ] नचवैया, नाचने वाला, नर्तन-शील, (गा ४२० ; सुपा ५४ ; कुमा)।

णच्चिर वि [दे] रमण-शील ; (दे ४, १८)।

णच्चुण्ह वि [नात्युष्ण] जो अति गरम न हो; (ठा ५,३)।

णज्ज सक [ज्ञा] जानना। णज्जइ ; (प्राप्र)।

णज्जंत } देखो णा=ज्ञा।
णज्जमाण }

णज्जर वि [दे] मलिन, मैला; (दे ४, १६)।

णज्झर वि [दे] विमल, निर्मल; (दे ४, १६)।

णट्ट अक [नट्] १ नाचना। २ सक. हिंसा करना। णट्टइ ; (हे ४, २३०)।

णट्ट पुं [नट] नर्तकों की एक जाति ; " णच्चंति णट्टा पभणंति विप्पा " सण ; कप्प)।

णट्ट न [नाट्य] नृत्य, गीत और वाद्य; नट-कर्म ; (णाया १, ३; सम ८३)। °पाल पुं [°पाल] नाट्य-स्वामी, सूत्र-धार ; (आचू १)। °मालय पुं [°मालक] देव-विशेष, खण्डप्रपात गुहा का अधिष्ठायक देव; (ठा २, ३)। °आरिअ पुं [°चार्य] सूत्रधार ; (मा ४)।

णट्ट न [नृत्य] नाच, नृत्य ; (से १, ८ ; कप्पू)।

णट्टअ न [नाट्यक] देखो णट्ट=नाट्य ; (मा ४)।

णट्टअ } वि [नर्तक]नाचने वाला, नचवैया ; (प्राप्र ; णट्टग } णाया १, १ ; औप)। स्त्री—°ई ; (प्राप्र; हे २, ३० ; कुमा)।

णट्टार पुं [नाट्यकार] नाट्य करने वाला ; (सण)।

णट्टावअ वि [नर्त्तक] नचाने वाला ; (कप्पू)।

णट्टिया स्त्री [नर्तिका] नटी, नर्तकी, नाचने वाली स्त्री; (महा)।

णट्टुमत्त पुं [नर्तुमत्त] स्वनाम-ख्यात एक विद्याधर; (महा)।

णट्ठ वि [नष्ट] १ नष्ट, अपगत, नाश-प्राप्त; (सूअ १, ३, ३ ; प्रासू ८६)। २ अहोरात्र का सतरहवाँ मुहूर्त ; (राज)। °सुइअ वि [°श्रुतिक] १ जो बधिर हुआ हो ; (णाया १, १ – पत्र ६३)। २ शास्त्र के वास्तविक ज्ञान से रहित ; (राज)।

णट्ठव वि [नष्टवत्] १ नाश-प्राप्त। २ न. अहोरात्र का एक मुहूर्त ; (राज)।

णड अक [**गुप्**] १ व्याकुल होना। २ सक. खिन्न करना। णडइ, णडंति; (हे ४, १५०; कुमा)। कर्म—णडिज्जइ; (गा ७७)। कवकृ—**णडिज्जंत;** (सुपा ३३८)।

णड देखो **णल**=नड; (हे २, १०२)।

णड पुं [**नट**] १ नर्तकों की एक जाति, नट; (हे १, १९५ ; प्राप्र)। °**खाइया** स्त्री [°**खादिता**] दीक्षा-विशेष, नट की तरह कृत्रिम साधुपन ; (ठा ४, ४)।

णडाल न [**ललाट**] भाल, कपाल ; (हे १, ४७ ; २५७ ; गउड)।

णडालिआ स्त्री [**ललाटिका**] ललाट-शोभा, कपाल में चन्दन आदि का विलेपन ; (कुमा)।

णडाविअ वि [**गोपित**] १ व्याकुल किया हुआ; २ खिन्न किया हुआ ; (सुपा ३२५)।

णडिअ वि [**गुपित**] व्याकुल ; (से १०, ७० ; सण)।

णडिअ वि [**दे**] १ वञ्चित, विप्रतारित ; (दे ४, १६)। २ खेदित, खिन्न किया हुआ; (दे ४,१६; पाअ; णाया १,६)।

णडी स्त्री [**नटी**] १ नट की स्त्री , (गा ६ ; ठा ६)। २ लिपि-विशेष ; (विसे ४६४ टी)। ३ नाचने वाली स्त्री ; (वृह ३)।

णडुली स्त्री [**दे**] कच्छप, कछुआ ; (दे ४, २०)।

णडूरी स्त्री [**दे**] भेक, मेंढक ; (दे ४, २०)।

णड्डुल न [**दे**] १ रत, मैथुन ; २ दुर्दिन, मेघाच्छन्न दिवस; (दे ४, ४७)।

णड्डुली देखो **णडुली**; (दे ४, २०)।

णणंदा स्त्री [**ननान्दृ**] पति की बहिन; (षड् ; हे ३,३५)।

णणु अ [**ननु**] इन अर्थों का सूचक अव्यय; —१ अवधारण, निश्चय ; (प्रासू १६१ ; निवू १)। २ आशंका; ३ वितर्क; ४ प्रश्न ; (उव ; सण ; प्रति ५५)।

णण्ण पुं [**दे**] १ कूप, कुआँ ; २ दुर्जन , खल ; ३ बडा भाई ; (दे ४, ४६)।

णत्त न [**नक्त**] रात्रि, रात ; (चंद १०)।

णत्त देखो **णत्तु** ; "अंकनिवेसियनियनियपुत्तपडिपुत्तनत्तपुत्तीयं" (सुपा ६)।

णत्तंचर देखो **णक्कंचर** ; (कुमा ; पि २७०)।

णत्तण न [**नर्तन**] नाच, नृत्य ; (नाट—शकु ८०)।

णत्तिअ पुं [**नप्तृक**] १ पौत्र, पुत्र का पुत्र ; २ दौहित्र, पुत्री का पुत्र ; (हे १, १३७ ; कुमा)।

णत्तिआ, **णत्ती** } स्त्री [**नप्त्री**] १ पुत्र की पुत्री; (कुमा)। २ पुत्री की पुत्री ; (राज)।

णत्तु, **णत्तुअ** } पुं [**नप्तृ , °क**] देखो **णत्तिअ** ; (निर २, १, हे १, १३७ ; सुपा १९२ ; विपा १, ३)।

णत्तुआ देखो **णत्तिआ** ; (वृह १ ; विपा १, ३)।

णत्तुइणी स्त्री [**नप्तृकिनी**] १ पौत्र की स्त्री; २ दौहित्र की स्त्री ; (विपा १, ३)।

णत्तुई देखो **णत्ती** ; (विपा १, ३ ; कप्प)।

णत्तुणिआ देखो **णत्तिआ** ; (दस ७, १५)।

णत्थ वि [**न्यस्त**] स्थापित, निहित ; (णाया १, १ ; ३, विसे ९१६)।

णत्थण न [**दे**] नाक में छिद्र करना ; (सुर १४, ४१)।

णत्था स्त्री [**दे**] नासा-रज्जु ; (दे ४, १७ ; उवा)।

णत्थि अ [**नास्ति**] अभाव-सूचक अव्यय ; (कप्प ; उवा; सम्म ३९)।

णत्थिअ वि [**नास्तिक**] १ परलोक आदि नहीं मानने वाला ; (प्राह)। २ पुं. नास्तिक-मत का प्रवर्तक, चार्वाक। °**वाय** पुं [°**वाद**] नास्तिक-दर्शन ; (उप १३२ टी)।

णद सक [**नद्**] नाद करना, आवाज करना। वकृ—**णदंत**; (सम ५० ; नाट—मृच्छ १५५)।

णद पुं [**नद**] नाद, आवाज, शब्द ; "गद्दहेव्व गवां मज्झे विस्सरं नयई नदं" (सम ५०)।

णदी देखो **णई** ; (से ६, ६५ ; पराण ११)।

णद्दिअ वि [**दे**] दुःखित ; (दे ४, २०)।

णद्दिअ न [**नर्दित**] घोष, आवाज, शब्द ; (राज)।

णद्ध वि [**नद्ध**] १ परिहित ; (गा ५२० ; पउम ७, ६२; सुपा ३५५)। २ नियन्त्रित; (सुपा ३५५)।

णद्ध वि [**दे**] आरूढ ; (दे ४, १८)।

णद्धंवय न [**दे**] १ अ-घृणा, घृणा का अभाव ; २ निन्दा ; (दे ४, ४७)।

णपहुत्त वि [**अप्रभूत**] अ-पर्याप्त ; (गउड)।

णपहुप्पंत वि [**अप्रभवत्**] अपर्याप्त होता ; (गउड)।

णपुंस, **णपुंसग**, **णपुंसय** } पुंन [**नपुंसक**] नपुंसक, क्लीव, नामर्द; (ओघ २१ ; श्रा १६ ; ठा ३, १ ; सम ३७; महा)। °**वेय** पुं [°**वेद**] कर्म-विशेष, जिसके उदय से स्त्री और पुरुष दोनों के स्पर्श की वाञ्छा होती है; (ठा९)

णप्प सक [**ज्ञा**] जानना। णप्पइ ; (प्राप्र)।

णभ देखो **णह**=नभस् ; (हे १, १८७ ; कुमा ; वज्जा)।

णम सक [**नम्**] नमन करना, प्रणाम करना। णमामि ; (शन)। वकृ—**णमंत, णममाण**; (पि ३६७; आचा)। कवकृ—**णमिज्जंत** ; (से ६, ३५)। संकृ—**णमिऊण, णमिऊणं,, णमेऊण** ; (जी १ ; पि ५८५ ; सहा)। कृ—**णमणिज्ज, णमियव्व** ; (रयण ४६ ; उप २११ टी ; पउम ६६, २१)। संकृ—**णमिअ** ; (कम्म ४,१)।

णमंस सक [**नमस्य्**] नमन करना, नमस्कार करना। णमंसइ; (भग)। वकृ—**णमंसमाण**; (णाया १, १ ; भग)। संकृ—**णमंसित्ता** ; (ठा ३, १ ; भग)। हेकृ—**णमंसित्तए** ; (उवा)। कृ—**णमंसणिज्ज णमंसियव्व** ; (औप ; सुपा ६३८ ; पउम ३५, ४६)।

णमंसण न [**नमस्यन**] नमन, नमस्कार ; (अजि ५ ; भग)।

णमंसणया } स्त्री [**नमस्यना**] प्रणाम, नमस्कार ;
णमंसणा } (भग ; सुपा ६०)।

णमंसिय वि [**नमस्यित**] जिसको नमन किया गया हो वह ; (पण्ह २, ४)।

णमक्कार देखो **णमोक्कार** ; (गउड ; पि ३०६)।

णमण न [**नमन**] प्रणति, नमना ; (दे ७, १६; रयण ४६)।

णमस्सिअ न [**दे**] उपयाचितक, मनौती ; (दे ४, २२)।

णमि पुं [**नमि**] १ स्वनाम-ख्यात एक्कीसवाँ जिन-देव ; (सम ४३)। २ स्वनाम-प्रसिद्ध राजर्षि ; (उत्त ३६)। भगवान् ऋषभदेव का एक पौत्र ; (धण १४)।

णमिअ वि [**नत**] प्रणत, जिसने नमन किया हो वह ; "पडिवक्खरायाणो तस्स राइणो नमिया" (महा)।

णमिअ वि [**नमित**] नमाया हुआ ; (गा ६६०)।

णमिअ देखो **णम**।

णमिआ स्त्री [**नमिता**] १ स्वनाम-ख्यात एक स्त्री ; २ 'ज्ञाताधर्मकथासूत्र' का एक अध्ययन ; (णाया २)।

णमिर वि [**नम्र**] नमन करने वाला ; (कुमा ; सुपा २७ ; सण)।

णमुइ पुं [**नमुचि**] स्वनाम-ख्यात एक मन्त्री ; (महा)।

णमुदय पुं [**नमुदय**] आजीविक मत का एक उपासक ; (भग ७, १०)।

णमेरु पुं [**नमेरु**] वृक्ष-विशेष ; (सुर ७, १६ ; स ६३३)।

णमो अ [**नमस्**] नमस्कार, नमन ; (भग ; कुमा)।

णमोक्कार पुं [**नमस्कार**] १ नमन, प्रणाम; (हे १, ६२ ; २, ४)। २ जैन शास्त्र में प्रसिद्ध एक सूत्र—मन्त्र-विशेष; (विसे २८०५)। °**सहिय** न [°**सहित**] प्रत्याख्यान-विशेष, व्रत-विशेष, (पडि)।

णम्म पुंन [**नर्मन्**] १ हाँसी, उपहास; २ क्रीड़ा, केलि ; (हे १, ३२ ; श्रा १४ ; दे २, ६४ ; पाअ)।

णम्मया स्त्री [**नर्मदा**] १ स्वनाम प्रसिद्ध नदी; (सुपा ३८०)। २ स्वनाम-ख्यात एक राज-पत्नी ; (स ५)।

णय दे। **णद** = नद्। 'वित्थरं नयई नई" (सम ५०)।

णय पुं [**नग**] १ पहाड़, पर्वत ; (उप पृ २५६ ; सुपा ३४८)। २ वृक्ष, पेड़; (हे १, १७७)। देखो **णग**।

णय अ [**नच**] नहीं ; (उप ७६८ टी)।

णय वि [**नत**] १ नमा हुआ, प्रणत, नम्र ; (णाया १, १)। २ जिसको नमस्कार किया गया हो वह ; "नीनेसवियडपडिवक्खनयक्कमा विक्कमा राया" (सुपा ५६६)। ३ न. देव-विमान विशेष; (सम ३७)। °**सच्च** पुं [**सत्य**] श्रीकृष्ण, नारायण ; (अच्चु ७)।

णय पुं [**नय**] १ न्याय, नीति; (विसे ३३६५; सुपा ३४८; स ५०१)। २ युक्ति; (उप ७६८)। ३ प्रकार, रीति; "जलणा वि घेप्पई पवणा भुयगा य केणइ नएण" (स ४५४)। ४ वस्तु के अनेक धर्मों में किसी एक को मुख्य रूप से स्वीकार कर अन्य धर्मों की उपेक्षा करने वाला मत, एकांश-ग्राहक बोध; (सम्म २१ ; विसे ६१४ ; ठा ३, ३)। ५ विधि ; (विसे ३३६५)। °**चंद** पुं [°**चन्द्र**] स्वनाम-ख्यात एक जैन ग्रन्थकार ; (रंभा)। °**त्थि** वि [°**र्थिन्**] न्याय चाहने वाला; (श्रा १४)। °**व, °वंत** वि [°**वत्**] नीति वाला, न्याय परायण; (सम ५०; सुपा ५४२)। °**विजय** पुं [°**विजय**] विक्रम को सतरहवीं शताब्दी के एक जैन मुनि, जो सुप्रसिद्ध विद्वान् श्री यशोविजयजी के गुरू थे; (उवर २०२)।

णयण न [**नयन**] १ ले जाना, प्रापण, (उप १३४)। २ जानना, ज्ञान ; ३ निश्चय; (विसे ६१४)। ४ वि. ले जाने वाला; "वयणाइं सुपहनयणाइं" (सुपा ३७७)। ५ पुंन. आँख, नेत्र, लोचन; (हे १, ३३ ; पाअ)। °**जल** न [°**जल**] अश्रु, आँसू ; (पाअ)।

णयय पुं [**दे नवत**] ऊन का बना हुआ आस्तरण-विशेष ; (णाया १, १—पत्र १३)।

णयर देखो **णगर** ; (हे १, १७७ ; सुर ३, २० ; ओप ; भग) ।
णयरंगणा स्त्री [**नगराङ्गना**] वेश्या, गणिका ;(श्रा २७)।
णयरी स्त्री [**नगरी**] शहर, पुरी ; (उवा ; पउम ३६, १००) ।
णर पुं [**नर**] १ मनुष्य, मानुष, पुरुष; (हे १,२२६, सूअ १, १, ३) । २ अर्जुन, मध्यम पाण्डव ; (कुमा) । °**उसभ** पुं [°**वृषभ**] श्रेष्ठ मनुष्य, अङ्गीकृत कार्य का निर्वाहक पुरुष ; (औप) । °**कंतप्पवाय** पुं [°**कान्तप्रपात**] ह्रद-विशेष ; (ठा २, ३) । °**कंता** स्त्री [°**कान्ता**] नदी-विशेष ; (ठा २, ३ ; सम २७) । °**कंताकूड** न [°**कान्ताकूट**] रुक्मि पर्वत का एक शिखर ; (ठा ८) । °**दत्ता** स्त्री [°**दत्ता**] १ मुनि-सुव्रत भगवान् को शासन-देवी; (राज) । २ विद्या-देवी विशेष ; (संति ५) । °**देव** पुं [°**देव**] चक्रवर्ती राजा ; (ठा ५, १) । °**नायग** पुं [°**नायक**] राजा, नरपति ; (उप २११ टी) । °**नाह** पुं [°**नाथ**] राजा, भूपाल; (सुपा ६ ; सुर १,६१) । °**पहु** पुं [°**प्रभु**] राजा, नरेश, (उप ७२८ टी; सुर २, ८४)। °**पोहत्ति** पुं [°**पोहत्विन्**] राज-विशेष ; (उप ७२८ टी)। °**लोअ** पुं [°**लोक**] मनुष्य लोक ; (जी २२ ; सुपा ४१३) । °**वइ** पुं [°**पति**] नरेश, राजा; (सुर १, १०४) । °**वर** पुं [°**वर**] १ राजा, नरेश ; (सुर १ १३१ ; १५, १४) । २ उत्तम पुरुष ; (उप ७२८ टी) । °**वरिंद** पुं [°**वरेन्द्र**] राजा, भूमि-पति; (सुपा ५६ ; सुर २, १७६) । °**वरीसर** पुं [°**वरेश्वर**] श्रेष्ठ राजा ; (उत्त १८) । °**वसभ**, °**वसह** पु [°**वृषभ**] १ देखा °**उसभ**; (पण्ह १, ४ ; सम १५३) । २ राजा, नृपति ; (पउम ३, १४)। ३ पुं. हरिवंश का एक स्वनाम-प्रसिद्ध राजा, (पउम २२, ६७) । °**वाल** पु [°**पाल**] राजा, भूपाल; (सुपा २७३)। °**वाहण** पुं [°**वाहन**] स्वनाम-ख्यात एक राजा ; (आक १ ; सण) । °**वेय** पुं [°**वेद**] पुरुष वेद, पुरुष को स्त्री के स्पर्श की अभिलाषा, (कम्म ४) । °**सिंघ**, °**सिंह**, °**सीह** पुं [°**सिंह**] १ उत्तम पुरुष, श्रेष्ठ मनुष्य; (सम १५३; पउम १००, १६) । २ अर्ध भाग में पुरुष का और अर्ध भाग में सिंह का आकार वाला, श्रीकृष्ण, नारायण ; (णाया १, १६) । °**सुंदर** पुं [°**सुन्दर**] स्वनाम-ख्यात एक राजा ; (धम्म) । °**ाहिव** पुं [°**ाधिप**] राजा, नरेश, (गा ३६४; सुपा २५) ।

णरग, **णरय** पुं [**नरक**] नारक जीवों का स्थान; (विपा १, १; पउम १४, १६ ; श्रा ३ ; प्रासू २६; उव) । °**वाल**, °**वालय** पुं [°**पाल**, °**क**] परमाधार्मिक देव, जो नरक के जीवों को यातना करते हैं ; (पउम २६, ५१ ; ८, २३७) ।
णराअ, **णराच** पुन [**नाराच**] १ लोहमय बाण ; २ संहनन-विशेष, शरीर की रचना का एक प्रकार ; (हे१, ६७) । ३ छन्द-विशेष ; (पिंग) ।
णरायण पु [**नारायण**] श्रीकृष्ण, विष्णु ; (पिंग) ।
णरिंद पुं [**नरेन्द्र**] १ राजा, नरेश ; (सम १५३ ; प्रासू १०७; कप्प) । २ गारुड़िक, सर्प के विष को उतारने वाला, (स २१६) । °**कंत** न [°**कान्त**] देव-विमान विशेष ; (सम २२) । °**पह** पुं [°**पथ**] राज-मार्ग, महापथ ; (पउम ७६, ८) । °**वसह** पुं [°**वृषभ**] श्रेष्ठ राजा ; (उत्त ६) ।
णरिंदुत्तरवडिंसग न [**नरेन्द्रोत्तरावतंसक**] देव-विमान-विशेष ; (सम २२) ।
णरीस पु [**नरेश**] राजा, नर-पति ; "सो भरहद्धनरीसो होही पुरिसा न संदेहा " (सुर १२, ८०) ।
णरीसर पु [**नरेश्वर**] राजा, नर-पति ; (अजि ११) ।
णरुत्तम पु [**नरोत्तम**] उत्तम पुरुष; (पउम ४८, ७५) ।
णरेंद देखो **णरिंद** ; (पि १५६ ; पिंग) ।
णरेसर देखो **णरीसर** ; (उप७२८ टी, सुपा५५ ; ५६१)।
णल न [**नड**] तृण-विशेष, भीतर से पोला शराकार तृण ; (हे २, २०२ ; ठा ८) ।
णल न [**नल**] १ ऊपर देखो ; (पण्ण १ ; उप १०३१ टी ; प्रासू ३३) । २ पुं. राजा रामचन्द्र का एक सुभट ; (से ८, १८) । ३ वैश्रमण का एक स्वनाम-ख्यात पुत्र ; (अंत ५) । °**कुब्बर**, °**कूबर** पुं [°**कूबर**] १ दुर्लंघपुर का एक स्वनाम-ख्यात राजा ; (पउम १२ ७२) । २ वैश्रमण का एक पुत्र ; (आवम) । °**गिरि** पुं [°**गिरि**] चण्डप्रद्योत राजा का एक स्वनाम-ख्यात हाथी; (महा)
णलय न [**दे**] उशीर, खस का तृण; (दे ४, १६; पाअ) ।
णलाड देखो **णडाल** ; (हे २, १२३ ; कुमा) ।
णलाडंतव वि [**ललाटन्तप**] ललाट को तपाने वाला ; (कुमा) ।
णलिअ न [**दे**] गृह, घर, मकान ; (दे ४, २० ; षड्) ।

(d) $2x - 3y = 0$

णित्थरिअ देखो **णित्थिण्ण**; (उप १३४ टी) ।

णित्थाण वि [**निःस्थान**] स्थान-रहित, स्थान-भ्रष्ट ; (णाया १, १८) ।

णित्थाम वि [**निःस्थामन्**] निर्बल, मन्द; (पाअ, गउड; सुपा ४८६) ।

णित्थार सक [**निर्+तारय्**] १ पार उतारना, तारना । २ बचाना, छुटकारा देना । णित्थारेसु ; (काल) ।

णित्थार पुं [निस्तार] १ छुटकारा, मुक्ति; २ बचाव, रक्षा; ३ उद्धार; (गाया १, ९ टी—पत्र १६६ ; सुर २, ५१; ७, २०१ ; सुपा २६६)।

णित्थारग वि [निस्तारक] पार जाने वाला, पार उतरने वाला ; (स १८३)।

णित्थारणा स्त्री [निस्तारणा] पार-प्रापण, पार पहुँचाना; (जं ३)।

णित्थारिय वि [निस्तारित] बचाया हुआ, रक्षित, उद्धृत ; (भग ; सुपा ४४६)।

णित्थिण्ण, णित्थिन्न वि [निस्तीर्ण] १ उत्तीर्ण, पार-प्राप्त ; "णित्थिण्णो समुद्दं" (स ३६७)। २ जिसको पार किया हो वह, "णित्थिन्ना आवया गई" (सुर ८, ८६)। "नित्थिण्णभवसमुद्दो" (स १३६)।

णिदंस सक [नि+दर्शय्] १ उदाहरण बतलाना, दृष्टान्त दिखाना । २ दिखाना । णिदंसेइ; (पिंग)। वकृ—णिदंस- (सुपा ८६)।

णिदंसण न [निदर्शन] १ उदाहरण, दृष्टान्त; (अभि २०३)। २ दिखाना ; (ठा १०)।

णिदंसिअ वि [निदर्शित] प्रदर्शित, दिखाया हुआ ; "एवं विचिंतिऊणं निदंसिओ नियकरो मए तीए" (सुर ६, ८२ ; उप ९९७ ; सार्ध ४०)।

णिदरिसण देखो णिदंसण ; (उव ; उप ३८४)।

णिदा स्त्री [दे] १ वेदना-विशेष, ज्ञान-युक्त वेदना ; (भग १९, ५)। २ जानते हुए भी की जाती प्राणि-हिंसा ; (पिंड)।

णिदाण देखो णिआण ; (विपा १, १; अंत १५; नाट—वेणी ३३)।

णिदाया देखो णिदा ; (पण्ण ३५)।

णिदाह पुं [निदाघ] १ घर्म, घाम, उष्ण । २ ग्रीष्म-काल, गरमी की मौसिम । ३ जेष्ठ मास ; (आव ५)।

णिदाह पुं [निदाह] असाधारण दाह; (आव ५)।

णिदेसिअ वि [निदेशित] १ प्रदर्शित ; २ उक्त, कथित; (पउम ५, १४५)।

णिद्दंझाण न [निद्राध्यान] निद्रा में होता ध्यान, दुर्ध्यान-विशेष; (आउ)।

णिद्दंद वि [निर्द्वन्द्व] द्वन्द्व-रहित, क्लेश-वर्जित ; (सुपा ४५५)।

णिद्दंभ वि [निर्दम्भ] दम्भ-रहित, कपट-रहित ; (सुपा १४७)।

णिद्दडी (अप) देखो णिद्दा=निद्रा ; (पि५६६)।

णिद्दड्ढ वि [निर्दग्ध] १ जलाया हुआ, भस्म किया हुआ ; (सुर १४, २६ ; अंत १५)। २ पुं. नृप-विशेष; (पउम ३२, २२)। ३ रत्नप्रभा-नामक नरक-पृथिवी का एक नरकावास ; (ठा ६)। °मज्झ पुं [°मध्य] नरकावास-विशेष, एक नरक-प्रदेश ; (ठा ६)। °वत्त पुं [°वर्त] नरकावास-विशेष ; (ठा ६)। °विसिट्ठ पुं [°विशिष्ट] नरक-प्रदेश विशेष ; (ठा ६)।

णिद्दय वि [निर्दय] दया-हीन, करुणा-रहित, निष्ठुर ; (पण्ह १, १ ; गउड)।

णिद्दलण न [निर्दलन] १ मर्दन, विदारण; (आचा)। २ वि. मर्दन करने वाला ; (वज्जा ४२)।

णिद्दलिअ वि [निर्दलित] मर्दित, विदारित ; (पाअ ; सुर ५, २२२ ; सार्ध ७९)।

णिद्दह सक [निर्+दह्] जला देना, भस्म करना । निद्दहइ ; (महा ; उव)। णिद्दहेज्जा ; (पि २२२)।

णिद्दा अक [नि+द्रा] निद्रा लेना, नींद करना । णिद्दाइ; (षड्)। वकृ—णिद्दाअंत ; (से १, ५६)।

णिद्दा स्त्री [निद्रा] १ निद्रा, नींद ; (स्वप्न ५६ ; कप्पू)। २ निद्रा-विशेष, वह निद्रा जिसमें एकाध आवाज देने पर ही आदमी जाग उठे; (कम्म १, ११)। °अंत वि [°वत्] निद्रा-युक्त, निद्रित ; (से १, ५६)। °करी स्त्री [°करी] लता-विशेष; (दे ७, ३४)। °णिद्दा स्त्री [°निद्रा] निद्रा-विशेष, वह निद्रा जिसमें बड़ी कठिनाई से आदमी उठाया जा सके ; (कम्म १, ११ ; सम १५)। °ल, °लु वि [°वत्] निद्रा वाला; (संक्षि२०; पि ५९५; प्राप्र)। °वअ वि [°प्रद] निद्रा देने वाला ; (से ६, ४३)।

णिद्दाअ वि [निद्रात] जो नींद में हो ; (से १, ५६)।

णिद्दाअ वि [निर्दाव] अग्नि-रहित ; (से १, ५६)।

णिद्दाअ वि [निर्दाय] दाय-रहित, पैतृक धन से वर्जित ; (से १, ५६)।

णिद्दाइअ वि [निद्रित] निद्रा-युक्त ; (महा)।

णिद्दाणी स्त्री [निद्राणी] विद्यादेवी-विशेष; (पउम ७,१४४)।

णिद्दाया देखो णिदा; (पण्ण ३५)।

णिद्दारिअ वि [निर्दारित] खण्डित, विदारित ; (से ५, ८३ ; १३, ६५)।

णिद्दाव वि [निर्दाव] १ दावानल-रहित, २ जंगल-रहित ; (स ६, ४३)।

णिद्दिट्ठ वि [निर्दिष्ट] १ कथित, उक्त ; (भग)। २ प्रतिपादित, निरूपित ; (पचा ३, दस)।

णिद्दिट्ठु वि [निर्देष्टृ] निर्देश करने वाला; (विसे १५०४; विक्र ६४)।

णिद्दिस सक [निर्+दिश्] १ उच्चारण करना, कथन करना। २ प्रतिपादन करना, निरूपण करना। निद्दिसइ ; (विसे १५२६)। कर्म—णिद्दिसइ ; (नाट—मालवि ५३)। हेकृ—निद्दट्ठुं, (पि ५७६)। कृ—**णिद्दिस्स**, **णिद्दस्स** , (विसे १५२३)।

णिद्दुक्ख वि [निर्दुःख] दुःख-रहित, सुखी; (सुपा ५३७)।

णिद्दर पुं [दे. नेत्तर] देश-विशेष, (इक)।

णिद्देस पुं [निर्देश] १ लिङ्ग या अर्थ-मात्र का कथन ; (ठा ८—पत्र ४२७)। २ विशेष का अभिधान ; " अविसेसियमुद्देसो विसेसिओ होइ निद्देसो " (विसे १४६७ ; १५०३)। ३ निश्चय-पूर्वक कथन ; (विसे १५२६)। ४ प्रतिपादन, निरूपण ; (उत १ ; णदि)। ५ आज्ञा, हुकुम ; (पाअ , दस ६, २)। ६ वि. जिसको देश-निकाले की आज्ञा हुई हो वह ; (उत्त ४, ८२)।

णिद्देसग } **णिद्देसय** } वि [निर्देशक] निर्देश करने वाला ; (विसे १५०८ ; १५००)।

णिद्दोत्थ न [निर्दौःस्थ्य] १ दुःस्थता का अभाव; (वव ४)। २ वि. स्वस्थ, दुःस्थता-रहित ; (वव ७)।

णिद्दोस वि [निर्दोष] दोष-रहित, दूषण-वर्जित, विशुद्ध ; (गउड ; सुर १, ७३)।

णिद्ध न [स्निग्ध] स्नेह, रस-विशेष ; (ठा १ ; अणु)। २ स्नेह-युक्त, चिकना ; (हे २, १०६ ; उव ; षड्)। ३ कान्ति युक्त, तेजस्वी ; (बृह ३)।

णिद्धंत वि [निध्मात] अग्नि-संयोग से विशोधित, मल-रहित ; (पण्ह १, ४ ; औप)।

णिद्धंधस वि [दे] १ निर्दय, निष्ठुर ; (दे ४, ३७ ; ओघ ४४५ ; पाअ ; पुप्फ ४५४ ; सद्धि २६ ; सुपा २४५ ; श्रा ३६)। २ निर्लज्ज, वेशरम ; (निचू १२८)।

णिद्धण वि [निर्धन] धन रहित, अकिंचन ; (हे २, ६० ; गाया १, १८ ; दे ४, ५ ; उप ७६८ टी ; महा)।

णिद्धण्ण वि [निर्धान्य] धान्य-रहित ; (तंदु)।

णिद्धम वि [दे] अविभिन्न-गृह, एक ही घर में रहने वाला ; (दे ४, ३८)।

णिद्धमण न [दे] खाल, मोरी, पानी जाने का रास्ता ; (दे ४, ३६ ; उर २, १० , ठा ५, १ ; आवम; तंदु ; उत्त ; णाया १, २)।

णिद्धमण न [निध्मान] १ तिरस्कार, अवहेलना ; (उप पृ ३४६)। २ पुं. यक्ष-विशेष ; (आव ४)।

णिद्धमाय वि [दे] अविभिन्न-गृह, एक ही घर में रहने वाला ; (दे ४, ३८)।

णिद्धम्म वि [दे] एकमुख-यायी, एक ही तरफ जाने वाला; (दे ४, ३५)।

णिद्धम्म वि [निर्धर्मन्] धर्म-रहित, अधर्मी ; (श्रा २७)।

णिद्धय वि [दे] देखो **णिद्धम** ; (दे ४, ३८)।

णिद्धाइऊण देखो **णिद्धाव** ।

णिद्धाडण न [निर्धाटन] निस्सारण, निष्कासन, वाहर निकालना ; (पण्ह १, १)।

णिद्धाडाविय वि [निर्धाटित] अन्य द्वारा वाहर निकलवाया हुआ, अन्य द्वारा निस्सारित; (महा)।

णिद्धाडिय वि [निर्धाटित] निस्सारित, निष्कासित ; (पाअ ; भवि)।

णिद्धारण न [निर्धारण] १ गुण या जाति आदि को लेकर समुदाय में एक भाग का पृथक्करण ; २ निश्चय, अवधारण ; (विसे ११६८)।

णिद्धाव सक [निर्+धाव्] दौड़ना। संकृ—**णिद्धाइऊण**;(महा)।

णिद्धाविय वि [निर्धावित] दौड़ा हुआ, धावित ; (महा)।

णिद्धुण सक [निर्+धू] १ विनाश करना। २ दूर करना। संकृ—**निद्धुणे**, **णिद्धूय**; (दस ७, ५७ ; सूअ १, ५)।

णिद्धुणिय } **णिद्धुय** } वि [निर्धूत] १ विनाशित,नष्ट किया हुआ; २ अपनीत; (सुपा ५६६; औप)।

णिद्धूम वि [निर्धूम] १ धूम-रहित ; (कप्प ; पउम ५३, १०)। २ एक तरह का अपलक्षण ; (वव २)।

णिद्धूय देखो **णिद्धुय**; (जीव ३)।

णिद्धोअ वि [निर्धौत] १ धोया हुआ ; (गा ६३६; से १४, १६; स १६१)। २ निर्मल, स्वच्छ, "निद्धोयउदयकंखिर—" (वज्जा १५८)।

णिद्धोभास वि [स्निग्धावभास] चमकीला, स्निग्धपन से चमकता; (णाया १ १—पत्र ४)।

णिग्घण न [निघ्न] विनाश, मौत, (नाट—मृच्छ २५२)।

णिधत्त न [**निधत्त**] १ कर्मों का एक तरह का अवस्थान; बंधे हुए कर्मों का तप्त सूची-समूह की तरह अवस्थान ; २ वि. निविड़ भाव को प्राप्त कर्म पुद्गल, (ठा ४,२) ।
णिधत्ति स्त्री [**निधत्ति**] करण-विशेष, जिससे कर्म-पुद्गल निविड़रूप से व्यवस्थापित होता है ; (पंच ५) ।
णिधम्म देखो **णिद्धम्म** = निर्धर्मन् ; (ओघ ३७ भा) ।
णिधाण देखो **णिहाण**, (नाट—महावीर १२०) ।
णिधूय देखो **णिद्धुण** ।
णिपडिय वि [**निपतित**] नीचे गिरा हुआ ; (सण) ।
णिपाइ वि [**निपातिन्**] १ नीचे गिरने वाला । २ सामने गिरने वाला; (सूत्र १, ६) ।
णिप्पअंप देखो **णिप्पकंप** ; (से ६,७८) ।
णिप्पएस वि [**निष्प्रदेश**] १ प्रदेश-रहित । २ पुं. परमाणु; (विसे) ।
णिप्पंक वि [**निष्पङ्क**] कर्दम-रहित ; (सम १३७ ; भग) ।
णिप्पंकिय वि [**निष्पङ्कित**] पङ्क-रहित; (भवि) ।
णिप्पंख सक [**निर्+पक्षय्**] पक्ष-रहित करना, पंख तोड़ना । णिप्पंखेंति ; (विपा १,८) ।
णिप्पंद त्रि [**निष्पन्द**] चलन-रहित, स्थिर ; (से २,४२) ।
णिप्पकंप वि [**निष्प्रकम्प**] कम्प-रहित, स्थिर ; (सम १०६ ; पण्ह २,४) ।
णिप्पक्ख वि [**निष्पक्ष**] पक्ष-रहित ; (गउड) ।
णिप्पगल वि [**निष्प्रगल**] टपकने वाला, झरने वाला, चूने वाला; (ओघ ३५; ओघ ३४ भा) ।
णिप्पच्चवाय वि [**निष्प्रत्यवाय**] १ प्रत्यवाय-रहित निर्विघ्न; (ओघ २४ टी) । २ निर्दोष, विशुद्ध, शोभित, "णिप्पच्चवाय-चरणा कज्जं साहंति" (सार्ध ११७) ।
णिप्पच्छिम वि [**निष्पश्चिम**] १ अन्तिम, अन्त का; (से १२,२१) । २ परिशिष्ट, अवशिष्ट, बाकी का, "णिप्पच्छिमाइं असई दुक्खालोआइं महुअपुप्फाइं" (गा १०४) ।
णिप्पट्ठ वि [**दे**] अधिक ; (दे ४,३१) ।
णिप्पट्ठ वि [**निःस्पष्ट**] अस्पष्ट, अव्यक्त । °पसिणवागरण वि [°**प्रश्नव्याकरण**] निरुत्तर किया हुआ; (भग १५; णाया १,५ ; उवा) ।
णिप्पट्ठ वि [**निःस्पृष्ट**] नहीं छूआ हुआ । °पसिणवागरण वि [°**प्रश्नव्याकरण**] निरुत्तर किया हुआ; (भग १५) ।
णिप्पडिकम्म वि [**निष्प्रतिकर्मन्**] संस्कार-रहित, परिष्कार-वर्जित, मलिन ; (सम ५७; कुपा ४८५) ।
णिप्पडियार वि [**निष्प्रतिकार**] निरुपाय, प्रतिकार-वर्जित; (पण्ह २,४) ।
णिप्पणिअ वि [**दे**] जल-धौत, पानी से धोया हुआ; (षड्) ।
णिप्पण्ण देखो **णिप्फण्ण**; (गा ६८६) ।
णिप्पण्ण वि [**निष्प्रज्ञ**] बुद्धि-रहित, प्रज्ञा-शून्य ; (उप १७६ टी) ।
णिप्पत्त वि [**निष्पत्र**] पत्र-रहित ; (गा ८८७ ; वव १) ।
णिप्पत्ति } देखो **णिप्फत्ति**, (पचा १८; संक्षि ६) ।
णिप्पद्दि }
णिप्पभ वि [**निष्प्रभ**] निस्तेज, फीका; (महा) ।
णिप्परिग्गह वि [**निष्परिग्रह**] परिग्रह-रहित ; (उत्त १४) ।
णिप्पडिवयण वि [**निष्प्रतिवचन**] निरुत्तर, उत्तर देने में असमर्थ, (सम ६०) ।
णिप्पसर वि [**निष्प्रसर**] प्रसर-रहित, जिसका फैलाव न हो; (पि ३०५) ।
णिप्पह देखो **णिप्पभ** ; (से १०,१२; हे २,५३) ।
णिप्पाण वि [**निष्प्राण**] प्राण-रहित, निर्जीव; (णाया १,२)।
णिप्पाव देखो **णिप्फाव** ; (पि ३०५) ।
णिप्पिच्छ वि [**दे**] १ ऋजु, सरल ; २ दृढ़, मजबूत; (दे ४, ४६) ।
णिप्पिट्ठ वि [**निष्पिष्ट**] पीसा हुआ; (दे ८,२० ; सण) ।
णिप्पिवास वि [**निष्पिपास**] पिपासा-रहित, तृष्णा-वर्जित, निःस्पृह ; (पण्ह १,१; णाया १,१; सुर १,१३) ।
णिप्पिह वि [**निःस्पृह**] स्पृहा-रहित, निर्मम; (हे २,२३, उप ३२० टी) ।
णिप्पीडिअ वि [**निष्पीडित**] दबाया हुआ, (से ५, २५)।
णिप्पीलण न [**निष्पीडन**] दबाव, दबाना; (आचा) ।
णिप्पीलिय देखो **णिप्पीडिअ** । २ निचोड़ा हुआ, "निप्पीलियाइं पोत्ताइं" (स ३३२) ।
णिप्पुंसण न [**निष्पुंसन**] १ पोंछना, मार्जन ; २ अभिमर्दन ; (हे २, ५३) ।
णिप्पुन्नग वि [**निष्पुण्यक**] १ पुण्य-रहित । २ पुं. स्वनाम-ख्यात एक कुलपुत्र ; (सुपा ५४५) ।
णिप्पुलाय पुं [**निष्पुलाक**] आगामी चौबिसी में होने वाले एक स्वनाम-ख्यात जिन-देव , (सम १५३) ।
णिप्फंद देखो **णिप्पंद** ; (हे २, २११ ; णाया १, २ , सुर ३, १७२) ।
णिप्फंस वि [**दे**] निस्त्रिंश, निर्दय ; (षड्) ।

णिप्फज्ज अक [निर्+पद्] नीपजना, सिद्ध होना । णिप्फज्जइ ; (स ६१६)। वकृ—**णिप्फज्जमाण** ; (पण्ह १, ४)।

णिप्फडिअ वि [निस्फटित] १ विशीर्ण ; २ जिसका मिजाज ठिकाने पर न हो ; ३ अङ्कुश-रहित ; (उप १२८ टी)।

णिप्फण्ण वि [निष्पन्न] नीपजा हुआ, बना हुआ, सिद्ध ; (से २,१२ ; महा)।

णिप्फत्ति स्त्री [निष्पत्ति] निष्पादन, सिद्धि ; (उव ; उप २८० टी ; सार्ध १०६)।

णिप्फन्न देखो **णिप्फण्ण** ; (कप्प ; णाया १, १६)।

णिप्फरिस वि [दे] निर्दय, दया-हीन ; (दे ४, ३७)।

णिप्फल वि [निष्फल] फल-रहित, निरर्थक ; (से १४, २६ ; गा १३६)।

णिप्फाअ देखो **णिप्फाव** ; (प्राप्र)।

णिप्फाइऊण देखो **णिप्फाय** ।

णिप्फाइय वि [निष्पादित] नीपजाया हुआ, बनाया हुआ, सिद्ध किया हुआ ; (विसे ७ टी; उप २११ टी ; महा)।

णिप्फाय सक [निर्+पादय्] नीपजाना, बनाना, सिद्ध करना । संकृ—**णिप्फाइऊण** ; (पंचा ७)।

णिप्फायग वि [निष्पादक] नीपजाने वाला, बनाने वाला, सिद्ध करने वाला ; (विसे ४८३ ; ठा ६ ; उप ८२८)।

णिप्फायण न [निष्पादन] नीपजाना, निर्माण, कृति ; (आव ४)।

णिप्फाव पुं [निष्पाव] धान्य-विशेष, वल्ल ; (हे २, ५३; पण्ण १ ; ठा ५, ३ ; श्रा १८)।

णिप्फिड अक [नि+स्फिट्] बाहर निकलना । वकृ—**णिप्फिडंत** ; (स ५७४)।

णिप्फिडिअ वि [निस्फिटित] निर्गत, बाहर निकला हुआ ; (पउम ६, २२७ ; ८०, ६०)।

णिप्फुर पुं [निस्फुर] प्रभा, तेज ; (गउड)।

णिप्फेड पुं [निस्फेट] निर्गमन, बाहर निकलना; (उप पृ २५२)।

णिप्फेडिय वि [निस्फेटित] १ निस्सारित, निष्कासित ; (सुम २, २)। २ भगाया हुआ, नसाया हुआ ; (पुप्फ १२५)। ३ अपहृत, छीना हुआ ; (ठा ३, ४)।

णिप्फेस पुं [दे] शब्द-निर्गम, आवाज निकलना ; (दे ४, २६)।

णिप्फेस पुं [निष्पेष] १ पेषण, पीसना ; २ संघर्ष ; (२, ५३)।

णिबंध सक [नि + बन्ध] १ बाँधना । २ करना । निबंधइ; (भग)।

णिबंध पुंन [निबन्ध] १ संबन्ध, संयोग ; (विसे ६६८)। २ आग्रह, हठ ; (महा)। " णिबन्धाणि" (पि ३५८)।

णिबंधण न [निबन्धन] कारण, प्रयोजन, निमित्त ; (पाम; प्रासु ६६)।

णिबद्ध वि [निबद्ध] १ बँधा हुआ ; (महा)। २ संयुक्त, संबद्ध; (से ६, ४४)।

णिबिड वि [निबिड] सान्द्र, घना, गाढ ; (गउड ; कुमा)।

णिबिडिय वि [निबिडित] निबिड किया हुआ ; (गउड)।

णिबुक्क [दे] देखो **णिब्बुक्क** ; (पण्ह, १, ३—पत्र ४६)।

णिबुड्ड अक [नि+मस्ज्] निमज्जन करना, डूबना । वकृ—**णिबुड्डिज्जंत, निबुड्डमाण**; (अच्चु ६३ ; उत्त)।

णिबुड्ड वि [निमग्न] डूबा हुआ, निमग्न ; (गा ३७ ; सुर ३, ५१ ; ४, ८०)।

णिबुड्डण न [निमज्जन] डूबना, निमज्जन ; (पउम १०, ४३)।

णिबोल देखो **णिबुड्ड**=नि+मस्ज् । वकृ—**णिबोलिज्जमाण**; (राज)।

णिबोह पुं [निबोध] १ प्रकृष्ट बोध, उत्तम ज्ञान ; २ अनेक प्रकार का बोध ; (विसे २१८७)।

णिबोहण न [निबोधन] प्रबोध, समझाना ; (पउम १०२, ६२)।

णिब्बंध पुं [निर्बन्ध] आग्रह ; (गा ६७५ ; महा ; सुर ३, ८)।

णिब्बंधण न [निर्बन्धन] निबन्धन, हेतु, कारण ; " सारीरियखेयनिब्बंधणं धणं " (काल)।

णिब्बल वि [निर्बल] बल-रहित, दुर्बल ; (आचा)।

णिब्बहिं अ [निर्बहिस्] अत्यन्त बाहर; (ठा ६—पत्र ३५३)।

णिब्बाहिर वि [निर्बाह्य] बाहर का, बाहर गया हुआ; " संजमनिब्बाहिरा जाया " (उव)।

णिब्बुक्क वि [दे] १ निर्मूल, मूल-रहित । २ क्रिवि. मूल से; " णिब्बुक्कछिण्णधय—" (पण्ह १, ३—पत्र ४५)।

णिब्बुड्ड देखो **णिबुड्ड**= निमग्न ; (स २६० ; गउड)।

णिब्भंछण देखो **णिब्भच्छण** ; (उव १०३)।

णिब्भंजण न [दे] पक्वान्न के पकाने पर जो शेष घृत रहता है वह ; (पभा ३३) ।
णिब्भंत वि [निर्भ्रान्त] निःसंदेह, संशय-रहित ; (ति१४)।
णिब्भग्ग न [दे] उद्यान, बगीचा ; (दे ४, ३४) ।
णिब्भग्ग वि [निर्भाग्य] भाग्य-रहित, कम-नसीब ; (उप ७२८ टी ; सुपा ३८५) ।
णिब्भच्छ सक [निर्+भर्त्स्] १ तिरस्कार करना, अपमान करना, अवहेलना करना, आक्रोश-पूर्वक अपमान करना । णिब्भच्छेइ, णिब्भच्छेज्जा ; (णाया १, १८ ; उवा) । संकृ—**णिब्भच्छिअ** ; (नाट—मालती १७१) ।
णिब्भच्छण न [निर्भर्त्सन] तिरस्कार, अपमान, परुष वचन से अवहेलना ; (पराह १, ३ ; गउड) ।
णिब्भच्छणा स्त्री [निर्भर्त्सना] ऊपर देखो; (भग १५ ; णाया १, १६) ।
णिब्भच्छिअ वि [निर्भर्त्सित] अपमानित, अवहेलित ; (गा ८६८ ; सुपा ४०७) ।
णिब्भय वि [निर्भय] भय-रहित, निडर ; (णाया १, ४ ; महा) ।
णिब्भर सक [निर्+भृ] भरना, पूर्ण करना । कवकृ—**णिब्भरंत** ; (से १५, ७४) ।
णिब्भर वि [निर्भर] १ पूर्ण, भरपूर ; (से१०, १७) । २ व्यापक, फैलने वाला ; (कुमा) । ३ क्रिवि. पूर्ण रूप से ; "मेघो य णिब्भरं वरिसइ" (आवम) ।
णिब्भिंद सक [निर्+भिद्] तोड़ना, विदारण करना । कवकृ—**णिब्भिज्जंत, णिब्भिज्जमाण** ; (से १४, २६ ; भग १८, २ ; जीव ३) ।
णिब्भिच्च वि [नर्भीक] भय-रहित, निडर ; (सुपा १४३ ; २४६ ; २७५) ।
णिब्भिज्जंत, **णिब्भिज्जमाण** देखो **णिब्भिंद** ।
णिब्भिट्ट वि [दे] आक्रान्त ; (भवि) ।
णिब्भिण्ण वि [निर्भिन्न] १ विदारित, तोड़ा हुआ ; (पाअ) । २ विद्ध; (से ५, ३४) ।
णिब्भीअ वि [निर्भीक] भय-रहित ; (से १३, ७०) ।
णिब्भुग्ग वि [दे] भग्न, खण्डित ; (दे ४, ३२) ।
णिब्भेय पुं [निर्भेद] भेदन, विदारण ; (सुपा ३२७) ।
णिब्भेयण न [निर्भेदन] ऊपर देखो ; (सुर २, ६६) ।
णिभ देखो **णिह**=निभ ; (उव ; जं ३) ।
णिभंग पुं [निभङ्ग] भञ्जन, खण्डन, त्रोटन ; (राज)।
णिभाल सक [नि+भालय्] देखना, निरीक्षण करना । णिभालेहि ; (आवम) । वकृ—**णिभालयंत**; (उपपृ ५३)। कवकृ—**णिभालिज्जंत** ; (उप ६८६ टी) ।
णिभालिय वि [निभालित] दृष्ट, निरीक्षित; (उपपृ ५८) ।
णिभिअ, **णिभुअ** देखो **णिहुअ** ; (पराह २, ३ ; गा ८००) ।
णिमेल सक [निर्+मेलय्] बाहर करना । कवकृ—**णिमेल्लंत** ; (पराह १,३—पत्र ४५) ।
णिमेलण न [दे] गृह, घर, स्थान ; (कप्प) ।
णिम सक [नि+अस्] स्थापन करना । णिमइ ; (हे४, १९९ ; षड्) । णिमेइ ; (पि ११८) । वकृ—**णिमेंत** ; (से १, ४१) ।
णिमंत सक [नि+मन्त्रय्] निमन्त्रण देना, न्यौता देना । णिमंतेइ ; (महा) । वकृ—**णिमंतेमाण** ; (आचा २, २, ३) । संकृ—**णिमंतिऊण** ; (महा) ।
णिमंतण न [निमन्त्रण] निमन्त्रण, न्यौता ; (उपपृ११३)।
णिमंतणा स्त्री [निमन्त्रणा] ऊपर देखो ; (पंचा १२) ।
णिमंतिय वि [निमन्त्रित] जिसको न्यौता दिया गया हो वह ; (महा) ।
णिमग्ग वि [निमग्न] डूबा हुआ ; (पउम १०६, ४ ; औप)। °**जला** स्त्री [°जला] नदी-विशेष ; (जं ३) ।
णिमज्ज अक [नि+मस्ज्] डूबना, निमज्जन करना । णिमज्जइ ; (पि ११८) । वकृ—**णिमज्जंत** ; (गा ६०६ ; सुपा ६४) ।
णिमज्जग वि [निमज्जक] १ निमज्जन करने वाला । पुं. वानप्रस्थाश्रमी तापस-विशेष, जो स्नान के लिए थोड़े समय तक जलाशय में निमग्न रहते हैं ; (औप) ।
णिमज्जण न [निमज्जन] डूबना, जल-प्रवेश ; (सुपा ३५४) ।
णिमाणिअ देखो **णिम्माणिअ**=निर्मानित ; (भवि) ।
णिमिअ वि [न्यस्त]स्थापित, निहित ; (कुमा ; से १,४२; स ६ ; ७६०; सण) ।
णिमिअ वि [दे] आघ्रात, सूँघा हुआ ; (षड्) ।
णिमिण देखो **णिम्माण**=निर्माण; (कम्म १, २५) ।
णिमित्त न [निमित्त] १ कारण, हेतु ; (प्रासू १०४) । २ कारण-विशेष, सहकारि-कारण ; (सुअ २, २) । ३ शास्त्र-विशेष, भविष्य आदि जानने का एक शास्त्र ; (ओव १६ भा;

ठा ८)। ४ अतीन्द्रिय ज्ञान में कारण-भूत पदार्थ; (ठा ८)। ५ जैन साधुओं को भिक्षा का एक दोष; (ठा ३, ४)। °पिंड पु [°पिण्ड] भविष्य आदि बतला कर प्राप्त की हुई भिक्षा; (आचा २, १, ६)।

णिमित्तिअ देखो **णेमित्तिअ**; (सुपा ४०२)।

णिमिल्ल अक [नि+मील्] आँख मूँदना, आँख मींचना। णिमिल्लइ; (हे ४, २३२)।

णिमिल्ल वि [निमीलित] जिसने नेत्र बंद किया हो, मुद्रित-नेत्र; (से ६, ६१; ११, ५०)।

णिमिल्लण देखो **णिमीलण**; (राज)।

णिमिस पुं [निमिष] नेत्र-संकोच, अक्षि-मीलन; (गा ३८५; सुपा २१६; गउड)।

णिमीलण न [निमीलन] अक्षि-संकोच; (गा ३६७; सूअ १, ५, १, १२ टी)।

णिमीलिअ वि [निमीलित] मुद्रित-(नेत्र), (गा १२३; से ६, ८६; महा)।

णिमीस न [निमिश्र] एक विद्याधर-नगर; (इक)।

णिमे सक [नि+मा] स्थापन करना। णिमेसि; (गउड)।

णिमेण न [दे] स्थान, जगह; (दे ४, ३७)।

णिमेल स्त्रीन [दे] दन्त-मांस; (दे ४, ३०)। स्त्री—°ला; (दे ४, ३०)।

णिमेस पुं [निमेष] निमीलन, अक्षि-संकोच; (श्रा १६; उव)।

णिमेसि देखो **णिमे**।

णिमेसि वि [निमेषिन्] आँख मूँदने वाला; (सुपा ४४)।

णिम्म सक [निर्+मा] बनाना, निर्माण करना। णिम्मइ; (षड्)। णिम्मेइ, (धम्म १२ टी)। कवकृ—**णिम्माअंत**; (नाट—मालती ५४)।

णिम्मइअ वि [निर्मित] रचित, कृत; (गा ५००; ६०० अ)।

णिम्मंथण न [निर्मथन] १ विनाश। २ वि. विनाशक; "तह य पयट्टसु सिग्वं अणत्थनिम्मथणं तित्थं" (सुपा ७१)।

णिम्मंस वि [निर्मांस] मांस-रहित, शुष्क, (णाया १, १; भग)।

णिम्मंसा स्त्री [दे] देवी-विशेष, चामुण्डा; (दे ४,३५)।

णिम्मंसु वि [दे. निःश्मश्रु] तरुण, जवान, युवा; (दे ४, ३२)।

णिम्मक्खिअ देखो **णिम्मच्छिअ**=निर्मक्षिक; (नाट)।

णिम्मच्छ सक [नि+म्रक्ष्] विलेपन करना। णिम्मच्छइ; (भवि)।

णिम्मच्छण न [निम्रक्षण] विलेपन; (भवि)।

णिम्मच्छर वि [निर्मात्सर्य] मात्सर्य-रहित, ईर्ष्या-शून्य; (उप पृ ८४)।

णिम्मच्छिअ वि [निम्रक्षित] विलिप्त; (भवि)।

णिम्मच्छिअ न [निर्मक्षिक] १ मक्षिका का अभाव। २ विजन, निर्जनता; (अभि ६८)।

णिम्मज्जाय वि [निर्मर्याद] मर्यादा-रहित; (दे १, १३३)।

णिम्मज्जिय वि [निर्माजित] उपलिप्त; (स ७५)।

णिम्मणुय वि [निर्मनुज] मनुष्य-रहित; (सण)।

णिम्मद्दग वि [निर्मर्दक] १ निरन्तर मर्दन करने वाला। २ पुं. चोरों की एक जाति; (पण्ह १, ३)।

णिम्मद्दिय वि [निर्मर्दित] जिसका मर्दन किया गया हो; (पण्ह १, ३)।

णिम्मम वि [निर्मम] १ ममता-रहित, निःस्पृह; (अच्चु ६६; सुपा १४०)। २ पुं. भारत-वर्ष के एक भावी जिन-देव; (सम १५४)।

णिम्मय वि [दे] गत, गया हुआ; (दे ४, ३४)।

णिम्मल वि [निर्मल] मल रहित, विशुद्ध; (स्वप्न ७०; प्रासू १३१)। २ पुं. ब्रह्म-देवलोक का एक प्रस्तट; (ठा६)।

णिम्मल्ल न [निर्माल्य] देव का उच्छिष्ट द्रव्य; (हे१, ३८; षड्)।

णिम्मव सक [निर्+मा] बनाना, रचना, करना। णिम्मवइ; (हे ४, १६; षड्)। कर्म—निम्मविज्जति; (वज्जा १२२)।

णिम्मव सक [निर्+मापय्] बनवाना, कराना; (ठा ४, ४; कुमा)।

णिम्मवइत्तु वि [निर्मापयितृ] बनवाने वाला; (ठा ४, ४)।

णिम्मवण न [निर्माण] रचना, कृति; (उप ६४८ टी; सुपा २३, ६५; ३०५)।

णिम्मवण न [निर्मापण] बनवाना, कराना; (कप्पू)।

णिम्मविअ वि [निर्मित] बनाया हुआ, रचित; (कुमा; गा १०१; सुर १६, ११)।

णिम्मविअ वि [निर्मापित] बनवाया हुआ; (कुमा)।

णिम्मह सक [गम्] १ जाना, गमन करना। २ अक. फैलना। णिम्महइ; (हे ४, १६२)। वकृ—**णिम्महंत, णिम्म-हमाण**; (से ७, ६२; १५, ५३; स १२६)।

णिम्मइ पुं [निर्मथ] १ विनाश ; २ वि. विनाशक . (भवि)।
णिम्मइण न [निर्मथन] १ विनाश ; २ वि.विनाश-कारक, (सुपा ७५)। स्त्री —°णी ; (सुर १६, १८४)।
णिम्महिअ वि [गत] गया हुआ , (कुमा)।
णिम्महिअ वि [निर्मथित] विनाशित ; (हेका ५०)।
णिम्माअंत देखो **णिम्म**।
णिम्माइअ देखो **णिम्माय** , (पि ५६१)।
णिम्माण सक [निर्+मा] बनाना, करना, रचना। णिम्माणइ, (हे ४, १६; षड् ; प्राप्र)।
णिम्माण न [निर्माण] १ रचना, बनावट, कृति ; २ कर्म-विशेष, शरीर के अङ्गोपाङ्ग क निर्माण में नियामक कर्म-विशेष , (सम ६७)।
णिम्माण वि [निर्मान] मान-रहित ; (से ३, ४५)।
णिम्माणअ वि [निर्मायक] निर्माण-कर्ता, बनाने वाला ; (से ३, ४५)।
णिम्माणिअ वि [निर्मित] रचित, बनाया हुआ , (कुमा)।
णिम्माणिअ वि [निर्मानित] अपमानित, तिरस्कृत ; (भवि)।
णिम्माणुस वि [निर्मानुष] मनुष्य-रहित, (सुपा ४४४)। स्त्री—°सी ; (महा)।
णिम्माय वि [निर्मात] १ रचित, विहित, कृत ; (उव ; पाअ ; वज्जा ३४)। २ निपुण, अभ्यस्त, कुशल ; (औप; कप्प)। "नाहियसत्थेसु निम्माया परिवाइया" (सुर १२,४२)।
णिम्माव सक [निर्+मापय्] बनवाना, करवाना। णिम्मापइ; (सण)। कृ—**णिम्मवित्त**; (सूअ २,१,२२)।
णिम्माविय वि [निर्मापित] बनवाया हुआ, कारित ; (सुपा २६७)।
णिम्मिअ वि [निर्मित] रचित, बनाया हुआ ; (ठा ८ ; प्रासू १२७)। °**वाइ** वि [°वादिन्] जगत् को ईश्वरादि-कृत मानने वाला ; (ठा ८)।
णिम्मिस्स वि [निर्मिश्र] १ मिला हुआ, मिश्रित। °**वल्ली** स्त्री [°वल्ली] अत्यन्त नजदीक का स्वजन, जैसे माता, पिता, भाई, भगिनी, पुत्र और पुत्री ; (वव १०)।
णिम्मीसुअ वि [दे] श्मश्रु-रहित, दाढी मूँछ वर्जित; (पड्)।
णिम्मुक्क वि [निर्मुक्त] मुक्त किया गया ; (सुपा १७३)।
णिम्मुक्ख पुं [निर्मोक्ष] मुक्ति, छुटकारा ; (विसे २४६८)।
णिम्मूल वि [निर्मूल] मूल-रहित, जिसका मूल काटा गया हो वह ; (सुपा ५३५)।
णिम्मेर वि [निर्मर्याद] मर्यादा-रहित, निर्लज्ज ; (ठा ३, १ ; औप ; सुपा ६)।
णिम्मोअ पुं [निर्मोक] कञ्चुक, सर्प की त्वचा ; (हे २, १८२; भत्त ११०; से १, ६०)।
णिम्मोअणी स्त्री [निर्मोचनी] कञ्चुक, निर्मोक ; (उत्त १४, ३४)।
णिम्मोडण न [निर्मोटन] विनाश ; (मै ६१)।
णिम्मोल्ल वि [निर्मूल्य] मूल्य-रहित ; (कुमा)।
णिम्मोह वि [निर्मोह] मोह-रहित, (कुमा , श्रा १२)।
णिरइ स्त्री [निर्ऋति] मूला-नक्षत्र का अधिष्ठायक देव ; (ठा २, ३)।
णिरइयार वि [निरतिचार] अतिचार-रहित, दूषण-वर्जित ; (सुपा १००)।
णिरइसय वि [निरतिशय] अत्यन्त, सर्वाधिक ; (काल)।
णिरईआर देखो **णिरइयार** ; (सुपा १०० ; रयण १८)।
णिरंकुस वि [निरङ्कुश] अंकुश-रहित, स्वच्छन्दी ; (कुमा; श्रा २८)।
णिरंगण वि [निरङ्गण] निर्लेप, लेप-रहित , (औप , उव ; णाया १; ११—पत्र १७१)।
णिरंगी स्त्री [दे] सिर का अवगुण्ठन, घूँघट ; (दे ४, ३१ , २, २०)।
णिरंजण वि [निरञ्जन] निर्लेप, लेप-रहित ; (स ५८२; कप्प)।
णिरंतय वि [निरन्तक] अन्त-रहित ; (उप १०३१ टी)।
णिरंतर वि [निरन्तर] अन्तर-रहित, व्यवधान-रहित ; (गउड ; हे १, १४)।
णिरंतराय वि [निरन्तराय] १ निर्विघ्न, निर्बाध ; २ व्यवधान-रहित, सतत ; "धम्मं करेह विमलं च निरन्तरायं" (पउम ४४, ६७)।
णिरंतरिय वि [निरन्तरित] अन्तर-रहित, व्यवधान-रहित; (जीव ३)।
णिरंध्र वि [नीरन्ध्र] छिद्र-रहित ; (विक्र ६७)।
णिरंबर वि [निरम्बर] वस्त्र-रहित, नग्न ; (आवम)।
णिरंभा स्त्री [निरम्भा] एक इन्द्राणी, वैरोचन इन्द्र की एक अग्र-महिषी ; (ठा ५, १ ; इक)।
णिरंस वि [निरंश] अंश-रहित, अखण्ड, संपूर्ण ; (विसे)।
णिरक्क पुं [दे] १ चोर, स्तेन ; २ पृष्ठ, पीठ ; ३ वि. स्थित ; (दे ४, ४६)।
णिरक्किय वि [निराकृत] अपाकृत, निरस्त ; (उत्त ६,५६)।
णिरक्ख सक [निर्+ईक्ष्] निरीक्षण करना, देखना।

णिरक्खद ; (हे ४, ४१८)। "तोवि ताव दिट्ठीए णिरक्खिज्जा" (सुहा)।

णिरक्खर वि [निरक्षर] मूर्ख, ज्ञान-रहित ; (कप्पू ; वज्जा १५८)।

णिरग्गल वि [निरर्गल] १ रुकावट से रहित ; (सुपा १६२ ; ४७१)। २ स्वच्छन्दी, स्वैरी, निरंकुश; (पाअ)।

णिरग्घण वि [निरर्घन] अर्घन-रहित : (उव)।

णिरट्ठ } वि [निरर्थ, °क] १ निरर्थक, निष्प्रयोजन,
णिरट्ठग } निकम्मा ; (उत्त २०)। २ न. प्रयोजन का अभाव; "णिरट्ठगम्मि विरओ, मेहुणाओ सुसंवुडो" (उत्त २,४२)।

णिरण वि [निर्ऋण] ऋण-रहित, करज से मुक्त ; (सुपा ५६३ ; ५६६)।

णिरणास देखो णिरिणास = नश्। णिरणासइ ; (हे ४,१७८)।

णिरणुकंप वि [निरनुकम्प] अनुकम्पा-रहित, निर्दय ; (णाया १, २ ; बृह १)।

णिरणुक्कोस वि [निरनुक्रोश] निर्दय, दया शून्य ; (णाया १, २ ; प्रासू ९८)।

णिरणुताव वि [निरनुताप] पश्चात्ताप-रहित ; (णाया १,२)।

णिरणुतावि वि [निरनुतापिन्] पश्चात्ताप-वर्जित ; (पव २७४)।

णिरत्थ वि [निरस्त] अपास्त, निराकृत ; (वव ८)।

णिरत्थ } वि [निरर्थ, °क] अपार्थक, निकम्मा, निष्प्र-
णिरत्थग } योजन ; (दे ४, १६ ; पउम ६५, ४ ; पराह
णिरत्थय } १, २ ; उव ; सं ४१)।

णिरप्प अक [स्था] बैठना। णिरप्पइ ; (हे ४, १६)। भूका—णिरप्पीअ ; (कुमा)।

णिरप्प पुं [दे] १ पृष्ठ, पीठ; २ वि. उद्वेष्टित; (दे ४,४९)।

णिरभिग्गह वि [निरभिग्रह] अभिग्रह-रहित ;(आ। ६)।

णिरभिराम वि [निरभिराम] असुन्दर, अचारु; (पराह १,३)।

णिरभिलप्प वि [निरभिलाप्य] अनिर्वचनीय, वाणी से बतलाने को अशक्य ; (विसे ४८८)।

णिरभिस्संग वि [निरभिष्वङ्ग] आसक्ति-रहित, निःस्पृहः (पंना २, ६)।

णिरय पुं [निरय] १ नरक, पाप-भोग-स्थान ; (ठा ४, १; आचा ; सुपा १४०)। २ नरक-स्थित जीव, नारक; (ठा १०)। °पाल पुं [°पाल] देव-विशेष; (ठा ४,१)। °वलिया स्त्री [°वलिका] १ जैन आगम-ग्रन्थ विशेष; (निर १, १)। २ नरक-विशेष; (पराग २)। ३ नरक जीवों को दुःख देने वाले देवों की एक जाति, परमाधार्मिक देव ; (पराह १, १)।

णिरय वि [निरत] आसक्त, तत्पर, तल्लीन; (उप ६७६; उव ; सुपा २६)।

णिरय वि [नीरजस्] रजो-रहित, निर्मल ; (भग ; गा ८७८)।

णिरव सक [बुभुक्ष्] खाने की इच्छा करना। णिरवइ; (षड्)।

णिरव सक [आ + क्षिप्] आक्षेप करना। णिरवइ; (षड्)।

णिरवइक्ख वि [निरपेक्ष] अपेक्षा-रहित, निरीह, निःस्पृह; (विसे ७ टी)।

णिरवकंख वि [निरवकाङ्क्ष] स्पृहा-रहित, निःस्पृह; (औप)।

णिरवकंखि वि [निरवकाङ्क्षिन्] निःस्पृह; (णाया १,६)।

णिरवगाह वि [निरवगाह] अवगाहन-रहित; (षड्)।

णिरवग्गह वि [निरवग्रह] निरंकुश, स्वच्छन्दी, स्वैरी ; (पाअ)।

णिरवच्च वि [निरपत्य] अपत्य-रहित, निःसंतान; (भग; सम १५०)।

णिरवज्ज वि [निरवद्य] निर्दोष, विशुद्ध; (दस ५, १ ; सुर ८, १८३)।

णिरवणाम देखो णिरोणाम; (उव)।

णिरवयक्ख देखो णिरवइक्ख ; (णाया १, ६; पउम २, ६३)।

णिरवयव वि [निरवयव] अवयव-रहित, निरंश ; (विसे)।

णिरवयास वि [निरवकाश] अवकाश-रहित; (गउड)।

णिरवराह वि [निरपराध] अपराध-रहित, बेगुनाह ; (महा)।

णिरवराहि वि [निरपराधिन्] ऊपर देखो ; (भाव ६)।

णिरवलंब वि [निरवलम्ब] सहारा रहित; (पराह १,३)।

णिरवलाव वि [निरपलाप] १ अपलाप—रहित ; २ गुप्त बात को प्रकट नहीं करने वाला, दूसरे को नहीं कहने वाला ; (सम ५७)।

णिरवसंक वि [निरपशङ्क] दुःशङ्का-वर्जित ; (भवि)।

णिरवसर वि [निरवसर] अवसर-रहित ; (गउड)।

णिरवसाण वि [निरवसान] अन्त-रहित ; (गउड)।

णिरवसेस वि [निरवसेस] सब, सकल ; (हे १, १४ ; षड् ; से १, ३७)।

णिरवाय वि [निरपाय] १ उपद्रव-रहित, विघ्न-वर्जित; २ निर्दोष, विशुद्ध ; (श्रा १६ ; सुपा २७५)।

णिरविक्ख } देखो **णिरवइक्ख**; (श्रा ६ ; उव ; पि
णिरवेक्ख } ३४१ ; से ६, ७५; सुत्र १, ६ ; पंचा ४;
णिरवेच्छ } निचू २० ; नाट—चैत २५७) ।
णिरस्स सक [निर्+अस्] अपास्त करना । णिरसइ; (सण)।
णिरसण वि [निरशन] आहार-रहित, उपोषित ; (उव ; सुपा १८१) ।
णिरसि वि [निरसि] खड्ग-रहित ; (गउड) ।
णिरसिअ वि [निरस्त] परास्त, अपास्त ; (दे ५, ५६)।
णिरहंकार वि [निरहंकार] गर्व-रहित ; (उव) ।
णिरहारि वि [निराहारिन्] आहार-रहित, उपोषित; "हवेउ य वक्कलधारी, निरहारी बंभचेरवयधारी " (सुपा २५२)।
णिरहिगरण वि [निरधिकरण] अधिकरण-रहित, हिंसा-रहित, निर्दोष ; (पंचा १६) ।
णिरहिगरणि वि [निरधिकरणिन्] ऊपर देखो ; (भग १६, १) ।
णिरहिलास वि [निरभिलाष] इच्छा-रहित, निरीह; (गउड)।
निराइअ वि [निरायत] लम्बा किया हुआ, विस्तारित; (से ४, ५२ ; ७, ३६) ।
णिराउह वि [निरायुध] आयुध-वर्जित, निःशस्त्र ; (महा)।
णिराकर } सक [निरा+कृ] १ निषेध करना । २ दूर करना,
णिरागर } हटाना । ३ विवाद का फैसला करना । निराकरिमो ; (कुप्र २१५) । संकृ—**णिराकिच्च**; (सुत्र १,१, १; १, ३, ३; १, ११) ।
णिरागरण न [निराकरण] १ निषेध, प्रतिषेध । २ फैसला, निपटारा ; (स ४०६) ।
णिरागरिय वि [निराकृत] हटाया हुआ, दूर किया हुआ; (पउम ४६, ५१ ; ६१, ५६) ।
णिरागस वि [निराकर्ष] निर्धन, रङ्क ; (निचू २) ।
णिरागार वि [निराकार] १ आकृति-रहित । २ अपवाद-रहित ; (धर्म २) ।
णिराणंद वि [निरानन्द] आनन्द-रहित, शोकातुर; (महा) ।
णिराणिउ (अप) अ निश्चित, नक्की ; (कुमा) ।
णिराणुकंप देखो **णिरणुकंप** ; "णिक्किवणिराणुकंपो आसुरियं भावणं कुणइ" (ठ ४, ४) , "अह सो णिराणुकंपो" (संथा ८४ ; पउम २६, २५) ।
णिराणुवत्ति वि [निरनुवर्तिन्] १ अनुसरण नहीं करने वाला ; २ सेवा नहीं करने वाला ; (उव) ।
णिराद वि [दे] नष्ट, विनाश-प्राप्त ; (दे ४, ३०) ।

णिराबाध } वि [निराबाध] आबाधा-रहित, हरकत-
णिराबाह } रहित ; (अभि १११ ; सुपा२५३ ; ठा १० ; आव ४) ।
णिरामगंध वि [निरामगन्ध] दूषण-रहित, निर्दोष चारित्र वाला ; (आचा ; सुत्र १, ६) ।
णिरामय वि [निरामय] रोग-रहित, नीरोग ; (सुपा५७५)।
णिरामिस वि [निरामिष] आसक्ति हीन, निरीह, निरभिष्वङ्ग; "आमिसं सव्वमुज्झित्ता विहरिस्सामो णिरामिसा" (उत्त १४, ४६) ।
णिराय वि [दे] १ ऋजु, सरल ; (दे ४, ५० ; पाअ) । २ प्रकट, खुला ; ३ पुं. रिपु, शत्रु ; (दे ४, ५०) । ४ वि. लम्बा किया हुआ ; (से २, ४०) ।
णिरायंक वि [निरातङ्क] आतङ्क-रहित, नीरोग ; (औप) ।
णिरायरिय देखो **णिरागरिय** ; (पउम ६१, ४६) ।
णिरायव वि [निरातप] आतप-रहित ; (गउड) ।
णिरायार देखो **णिरागार** ; (पउम ६, ११८) ।
णिरायास वि [निरायास] परिश्रम-रहित ; (पण्ह २, ४) ।
णिरारंभ वि [निरारम्भ] आरम्भ-वर्जित; (सुपा १४०; गउड)।
णिरालंब वि [निरालम्ब] आलम्बन-रहित ; (गा ६५ ; आरा ८) ।
णिरालंबण वि [निरालम्बन] आलम्बन-रहित ; (औप; णाया १, ६) ।
णिरालय वि [निरालय] स्थान-रहित, एकत्र स्थिति नहीं करने वाला ; (औप) ।
णिरालोय वि [निरालोक] प्रकाश-रहित ; (निर१, १) ।
णिरावकंखि वि [निरवकाङ्क्षिन्] आकाङ्क्षा-रहित, निःस्पृह; (सूत्र १, १०) ।
णिरावयक्ख वि [निरपेक्ष] अपेक्षा-रहित, निरीह ; (णाया १, १ ; ६ ; भत्त १४८) ।
णिरावरण वि [निरावरण] १ प्रतिबन्धक-रहित ; (औप)। २ नग्न ; (सुर १४, १७८) ।
णिरावराह वि [निरपराध] अपराध-रहित ; (सुपा४२३) ।
णिराविक्ख } देखो **णिरावयक्ख** ; "विसएसु णिराविक्खा
णिरावेक्ख } तरंति संसार-कंतारं" (भत्त ४६ ; पउम ६, ८ ; १००, ११) ।
णिरास वि [निराश] १ आशा-रहित, हताश ; (पउम ४४, ५६ ; दे ४, ४८ ; संक्षि १६) । २ न. आशा का अभाव; (पण्ह १, ३) ।

णिरास वि [दे] नृशंस, क्रूर ; (षड्)।
णिरासंस वि [**निराशंस**] आकाङ्क्षा-रहित, निरीह ; (सुपा ६२१)।
णिरासय वि [**निराश्रय**] निराधार; (वज्जा १५२)।
णिरासव वि [**निराश्रव**] आश्रव-रहित, कर्म-बन्धन के कारणों से रहित ; (पण्ह २, ३)।
णिराह वि [दे] निर्दय, निष्करुण ; (दे ४, ३७)।
णिरिंअ वि [दे] अवशेषित, बाकी रखा हुआ ; (दे ४, २८)।
णिरिंक वि [दे] नत, नमा हुआ ; (दे ४, ३०)।
णिरिंगी [दे] देखो **णीरंगी** ; (गउड)।
णिरिंधण वि [**निरिन्धन**] इन्धन-रहित ; (भग ७, १)।
णिरिक्ख सक [**निर्+ईक्ष्**] देखना, अवलोकन करना। णिरिक्खइ, णिरिक्खए ; (सण ; महा)। वकृ—**णिरिक्खंत, णिरिक्खमाण** ; (सण ; उप २११ टी)। संकृ—**णिरिक्खिऊण** ; (सण)। कृ—**णिरिक्खणिज्ज** ; (कप्पू)।
णिरिक्खण न [**निरीक्षण**] अवलोकन ; (गा १५०)।
णिरिक्खणा स्त्री [**निरीक्षणा**] अवलोकन, प्रतिलेखना ; (ओघ ३)।
णिरिक्खिअ वि [**निरीक्षित**] आलोकित, दृष्ट ; (कप्पू ; पउम ४८, ४८)।
णिरिग्घ सक [**नि+ली**] १ आश्लेष करना। २ अक छिपना। णिरिग्घइ ; (हे ४, ५५)।
णिरिग्घिअ वि [**निलीन**] आश्लिष्ट, आलिङ्गित; (कुमा)।
णिरिण वि [**निर्ऋण**] ऋण-मुक्त, उऋण ; (ठा ३, १ टी—पत्र १२०)।
णिरिणास सक [**गम्**] गमन करना। णिरिणासइ ; (हे ४, १६२)।
णिरिणास सक [**पिष्**] पीसना। णिरिणासइ; (हे ४, १८५)।
णिरिणास अक [**नश्**] पलायन करना, भागना। णिरिणासइ; (हे ४, १७८ ; कुमा)।
णिरिणासिअ वि [**गत**] गया हुआ, यात ; (कुमा)।
णिरिणासिअ वि [**पिष्ट**] पीसा हुआ ; (कुमा)।
णिरिणिज्ज सक [**पिष्**] पीसना। णिरिणिज्जइ ; (हे ४, १८५)।
णिरिणिज्जिअ वि [**पिष्ट**] पीसा हुआ ; (कुमा)।
णिरिति स्त्री [**निरिति**] एक रात्रि का नाम ; (कप्प)।
णिरीह वि [**निरीह**] निष्काम, निःस्पृह ; (कुमा ; सुपा ४२१)।
णिरु (अप) अ. निश्चित, नक्की ; (हे ४, ३४४ ; सुपा ८६; सण ; भवि)।
णिरुअ देखो **णिरुज** ; (विसे १५८५ ; सुपा ४४६)।
णिरुईकय वि [**निरुजीकृत**] नीरोग किया गया ; (उप ५६७ टी)।
णिरुंभ सक [**नि+रुध्**] निरोध करना, रोकना। णिरुंभइ; (औप)। कवकृ—**णिरुंभमाण, णिरुब्भंत**; (स ५३१ ; महा) संकृ—**णिरुंभइत्ता** ; (सूअ १, ४, २)। कृ—**णिरुंभियव्व, णिरुद्धव्व**; (सुपा ४०४; विसे ३०८१)।
णिरुंभण न [**निरोधन**] अटकाव, रुकावट ; (सूअ १, ५ ; भवि)।
णिरुक्कंठ वि [**निरुत्कण्ठ**] उत्कण्ठा-रहित, निरुत्साह ; (नाट)।
णिरुग्घ देखो **णिरिग्घ**। णिरुग्घइ ; (षड्)।
णिरुच्चार वि [**निरुच्चार**] १ उच्चार—पुरीषोत्सर्ग के लिए लोगों के निर्गमन से वर्जित; (णाया१,८—पत्र १४६)। २ पाखाना जाने से जो रोका गया हो ; (पण्ह १, ३)।
णिरुच्छव वि [**निरुत्सव**] उत्सव-रहित ; (अभि१८६)।
णिरुच्छाह वि [**निरुत्साह**] उत्साह-हीन ; (से१४, ३५)।
णिरुज वि [**निरुज**] १ रोग-रहित। २ न. रोग का अभाव। °**सिख** न [°**शिख**] एक प्रकार की तपश्चर्या ; (पव२७१)।
णिरुज्जम वि [**निरुद्यम**] उद्यम-रहित, आलसी ; (उव ; स ३१० ; सुपा ३८४)।
णिरुट्ठाइ वि [**निरुत्थायिन्**] नहीं उठने वाला ; (उत्त १ ; ३)।
निरुत्त वि [**निरुक्त**] १ उक्त, कथित ; (सत ७१)। २ न. निश्चित उक्ति ; (अणु)। ३ व्युत्पत्ति ; (विसे २ ; ६६३)। ४ वेदाङ्ग शास्त्र-विशेष ; (औप)।
णिरुत्त क्रिवि [**दे**] १ निश्चित, नक्की, चोक्कस ; (दे ४, ३० ; पउम ३५, ३२ ; कुमा ; सण; भवि), "तहवि हु मरइ निरुत्तं पुरिसो संपत्थिए काले" (पउम११, ६१)। २ वि. निश्चिन्त, चिन्ता-रहित; (कुमा)।
णिरुत्तत्त वि [**निरुत्तप्त**] विशेष ताप-युक्त, संतप्त ; (उव)।
णिरुत्तम वि [**निरुत्तम**] अत्यन्त श्रेष्ठ; (काल)।
णिरुत्तर वि [**निरुत्तर**] उत्तर-रहित किया हुआ, परास्त ; (सुर १२, ६६)।
णिरुत्ति स्त्री [**निरुक्ति**] व्युत्पत्ति ; (विसे ६६२)।

णिरुत्तिअ वि [**नैरुक्तिक**] व्युत्पत्ति के अनुसार जिसका अर्थ किया जाय वह शब्द ; (अणु) ।

णिरुद्दर वि [**निरुदर**] छोटा पेट वाला, अनुदर । स्त्री—°**रा**; (पण्ह १, ४) ।

णिरुद्ध वि [**निरुद्ध**] १ रोका हुआ ; (णाया१, १) । २ आवृत, आच्छादित ; (सुअ १, २, ३) । ३ पुं. मत्स्य की एक जाति ; (कप्प) ।

णिरुब्भव } देखो **णिरुंभ** ।
णिरुब्भंत }

णिरुलि पुंस्त्री [**दे**] कुम्भीर की आकृति वाला एक जन्तु ; (दे ४, २७) ।

णिरुवकिट्ठ देखो **णिरुवक्किट्ठ** ; (भग) ।

णिरुवक्कम वि [**निरुपक्रम**] १ जो कम न किया जा सके वह (आयुष्य); (सुर २, १३२; सुपा २०४) । २ विघ्न-रहित, अ-बाघ ; " नियनिरुवक्कमविक्कमअक्कंतसमग्ग-रिउचक्को " (सुपा ३६) ।

णिरुवक्कय वि [**दे**] अ-कृत, नहीं किया हुआ; (दे ४, ४१)।

णिरुवक्किट्ठ वि [**निरुपक्लिष्ट**] क्लेश-वर्जित, दुःख-रहित; (भग २५, ७) ।

णिरुवक्केस वि [**निरुपक्लेश**] शोक आदि क्लेशों से रहित; (ठा ७) ।

णिरुवगारि वि [**निरुपकारिन्**] उपकार को नहीं मानने वाला, प्रत्युपकार नहीं करने वाला; (आवम) ।

णिरुवग्गह वि [**निरुपग्रह**] उपकार नही करने वाला; (ठा ४, ३) ।

णिरुवट्ठाणि वि [**निरुपस्थानिन्**] निरुद्यमी, आलसी; (आचा)।

णिरुवद्दव वि [**निरुपद्रव**] उपद्रव-रहित, आबाधा-वर्जित ; (औप) ।

णिरुवम वि [**निरुपम**] अ-समान, अ-साधारण ; (औप ; महा) ।

णिरुवयरिय वि [**निरुपचरित**] वास्तविक, तथ्य; (णाया १, ५) ।

णिरुवयार वि [**निरुपकार**] उपकार-रहित; (उव) ।

णिरुवलेव वि [**निरुपलेप**] लेप-वर्जित, अ-लिप्त; (कप्प)। "रयणमिव णिरुवलेवा" (पउम १४, ६४) ।

णिरुवसग्ग वि [**निरुपसर्ग**] १ उपसर्ग-रहित, उपद्रव-वर्जित; (सुपा २८७) । २ पुं. मोक्ष, मुक्ति; (पंडि ; धर्म २) । ३ न. उपसर्ग का अभाव ; (वव ३) ।

णिरुवहय वि [**निरुपहत**] १ उपघात-रहित, अक्षत ; (भग ७, १) । २ रुकावट से शून्य, अ-प्रतिहत; (सुपा २६८)।

णिरुवहि वि [**निरुपधि**] माया-रहित, निष्कपट; (दसनि १)।

णिरुवार सक [**ग्रह्**] ग्रहण करना । णिरुवारइ ; (हे ४, २०६) ।

णिरुवारिअ वि [**गृहीत**] उपात्त, गृहीत; (कुमा) ।

णिरुवालंभ वि [**निरुपालम्भ**] उपालम्भ-शून्य ; (गउड ।

णिरुव्विग्ग वि [**निरुद्विग्न**] उद्वेग-रहित ; (णाया १, १—पत्र ६) ।

णिरुस्साह वि [**निरुत्साह**] उत्साह-हीन; (सुअ १,४,१)।

णिरूव सक [**नि+रूपय्**] १ विचार कर कहना । २ विवेचन करना । ३ देखना । ४ दिखलाना । ५ तलाश करना । निरू-वेइ; (महा) । वकृ—**णिरूविंत, निरूवमाण**; (सुर १५, २०५ ; कुप्र २७५) । संकृ—**णिरूविऊण**; (पंचा ८) । कृ—**णिरूवियव्व**; (पंचा ११) । हेकृ—**निरूविउं** ; (कुप्र २०८) ।

णिरूवण न [**निरूपण**] १ विलोकन, निरीक्षण ; (उप ३३७) । २ वि. दिखलाने वाला । स्त्री—°**णी** ; (पउम ११, २२) ।

णिरूवणया स्त्री [**निरूपणा**] निरूपण ; (उप ६३०) ।

णिरूवाविअ वि [**निरूपित**] गवेषित, जिस की खोज कराई गई हो वह ; (स ५३६; ७४२) ।

णिरूविअ वि [**निरूपित**] १ देखा हुआ ; (से १३, १३; सुपा ५२३) । २ आलोचना कर कहा हुआ ; ३ विवेचित, प्रतिपादित; (हे २, ४०) । ४ दिखलाया हुआ; ५ गवेषित; (प्रारू) ।

णिरूसुअ वि [**निरुत्सुक**] उत्कण्ठा-रहित ; (गउड) ।

णिरूह पुं [**निरूह**] अनुवासना-विशेष, एक तरह का विरेचन; (णाया १, १३) ।

णिरेय वि [**निरेजस्**] निष्कम्प, स्थिर; (भग २५, ४) ।

णिरेयण वि [**निरेजन**] निश्चल, स्थिर ; (कप्प ; औप)।

णिरोणाम पुं [**निरवनाम**] नम्रता-रहित, गर्वित, उद्धत;(उव)।

णिरोय वि [**नीरोग**] रोग-रहित ; (औप; णाया १, १) ।

णिरोव पुं [**दे**] आदेश, आज्ञा, रुक्का ; (सुपा २२४) ।

णिरोवयार वि [**निरुपकार**] उपकार को नहीं मानने वाला; (ओघ ११३ भा) ।

णिरोवयारि वि [**निरुपकारिन्**] ऊपर देखो ; (उव) ।

णिरोविअ देखो **णिरूविअ** ; (सुपा ४५६ ; महा) ।

णिरोह पुं [**निरोध**] रुकावट, रोकना; (ठा ४, १; औप; पाअ)।
णिरोहग वि [**निरोधक**] रोकने वाला ; (रंभा)।
णिरोहण न [**निरोधन**] रुकावट ; (पगह १, १)।
णिलंक पुं [**दे**] पतद्ग्रह,पिकदान, ष्ठीवन-पात्र; (दे ४,३१)।
णिलय पुं [**निलय**] घर, स्थान, आश्रय ; (से २, २ ; गा ४२१ ; पाअ)।
णिलयण न [**निलयन**] वसति, स्थान ; (विसे)।
णिलाड न [**ललाट**] भाल, कपाल ; (कुमा)।
णिलिअ देखो **णिलीअ** । णिलिअइ ; (षड्)।
णिलिंत नीचे देखो ।
णिलिज्ज } सक [**नि+ली**] १ आश्लेष करना, भेटना।
णिलीअ } २ दूर करना। ३ अक छिप जाना। णिलिज्जइ, णिलीअइ ; (हे ४, ५५)। णिलिज्जिज्जा ; (कप्प)। वकृ—**णिलिंत, णिलिज्जमाण; णिलीअंत, णिलीअमाण** (कप्प ; सुअ २, २ ; कुमा ; पि ४७४)।
णिलीइर वि [**निलेतृ**] आश्लेष करने वाला, भेटने वाला ; (कुमा)।
णिलुक्क देखो **णिलीअ** । णिलुक्कइ; (हे ४, ५५, षड्)। वकृ—**णिलुक्कंत** ; (कुमा)।
णिलुक्क सक [**तुड्**] तोड़ना। णिलुक्कइ; (हे ४, ११६)।
णिलुक्क वि [**दे. निलीन**] १ निलीन, खूब छिपा हुआ, प्रच्छन्न, गुप्त, तिरोहित ; (गाया १, ८ ; से १५, २ ; गा ६४ ; सुर ६, ५ ; उव ; सुपा ६४०)। २ लीन, आसक्त ; (विवे ६०)।
णिलुक्कण न [**निलयन**] छिपना; (कुप्र २५२)।
णिल्लंक [**दे**] देखो **णिलंक** ; (दे ४, ३१)।
णिल्लंछण न [**निर्लाञ्छन**] शरीर के किसी अवयव का छेदन; (उवा ; पडि)।
णिल्लच्छ देखो **णेल्लच्छ** ; (पि ६६)।
णिल्लच्छण वि [**निर्लक्षण**] १ मूर्ख, बेवकूफ; (उप ७६७ टी)। २ अपलक्षण वाला, खराब ; (श्रा १२)।
णिल्लज्ज वि [**निर्लज्ज**] लज्जा-रहित ; (हे २,१९७; २००)
णिल्लज्जिम पुंस्त्री [**निर्लज्जिमन्**] निर्लज्जपन, बेशरमी ; (हे १, ३५)। स्त्री—°**मा** ; (हे १, ३५)।
णिल्लस अक [**उत्+लस्**] उल्लसना, विकसना। णिल्लसइ ; (हे ४, २०२)।
णिल्लसिअ वि [**उल्लसित**] उल्लास-युक्त, विकसित ; (कुमा)।
णिल्लसिअ वि [**दे**] निर्गत, निःसृत, निर्यात; (दे ४,३६)।
णिल्लालिअ वि [**निर्लालित**] निःसारित, बाहर निकाला हुआ ; (णाया १, १ ; ८—पत्र १३३ ; सुर १२, २३५ ; महा)।
णिल्लुंछ सक [**मुच्**] छोड़ना, त्याग करना। णिल्लुंछइ; (हे ४, ९१)।
णिल्लुंछिअ वि [**मुक्त**] त्यक्त, छोड़ा हुआ ; (कुमा)।
णिल्लुत्त वि [**निर्लुप्त**] विनाशित ; (विक २५)।
णिल्लूर सक [**छिद्**] छेदन करना, काटना। णिल्लूरइ : (हे ४, १२४)। णिल्लूरह; (आरा ६८)।
णिल्लूरण न [**छेदन**] छेद, विच्छेद ; (कुमा)।
णिल्लूरिय वि [**छिन्न**] काटा हुआ, विच्छिन्न; "आवत-विद्दुमाहयनिल्लूरियदवियसंखउलं" (पउम ८, २५८)।
णिल्लेव वि [**निर्लेप**] लेप-रहित ; (विसे ३०८३)।
णिल्लेवग पुं [**निर्लेपक**] रजक, धोबी ; (आचू ४)।
णिल्लेवण न [**निर्लेपन**] १ मल को दूर करना ; (वव १)। २ वि. निर्लेप, लेप-रहित; (ओघ १९ भा)। °**काल** पुं [°**काल**] वह काल, जिस समय नरक में एक भी नारक जीव न हो ; (भग)।
णिल्लेविअ वि [**निर्लेपित**] १ लेप-रहित किया हुआ ; २ बिलकुल खूट गया हुआ ; (भग)।
णिल्लेहण न [**निर्लेखन**] उद्वर्त्तन, पोंछना ; (आचा २, ३, २)।
णिल्लोभ } वि [**निर्लोभ**] लोभ-रहित, अ-लुब्ध ; (सुपा
णिल्लोह } ३६१ ; श्रा १२ ; भवि)।
णिव पुं [**नृप**] राजा, नरेश ; (कुमा ; रयण ४७)। °**तणय** वि [°**संबन्धिन्**] राज संबन्धी, राजकीय ; (सुपा ५३९)।
णिवइ पुं [**नृपति**] ऊपर देखो ; (ठा ३, १ ; पउम ३०, ९)। °**मग्ग** पुं [°**मार्ग**] राज-मार्ग, जाहिर रास्ता ; (पउम ७९, १९)।
णिवइअ वि [**निपतित**] १ नीचे गिरा हुआ ; (णाया १, ७)। २ एक प्रकार का विष ; (ठा ४, ४)।
णिवइत्तु वि [**निपतितृ**] नीचे गिरने वाला ; (ठा ४,४)।
णिवच्छण न [**दे**] अवतारण, उतारना ; (दे ४, ४०)।
णिवज्ज अक [**निर्+पद्**] निष्पन्न होना, नीपजना, बनना। णिवज्जइ ; (षड्)।

णिवज्ज अक [**नि+सद्**] बैठना । णिवज्जसु ; (स ५०६)। वकृ—**णिवज्जमाण**; (स ५०३) । प्रयो—णिवज्जावेइ ; (निर १, १) ।

णिवट्ट अक [**नि+वृत्**] १ निवृत्त होना, लौटना, हटना । २ रुकना । वकृ—**णिवट्टंत** ; (सुपा १६२) ।

णिवट्ट वि [**निवृत्त**] १ निवृत्त, हटा हुआ, प्रवृत्ति-विमुख । २ न. निवृत्ति ; (हे ४, ३३२) ।

णिवट्टण न [**निवर्तन**] १ निवृत्ति, प्रवृत्ति-निरोध । २ जहां रास्ता बन्द होता हो वह स्थान ; (णाया १, २—पत्र ७६) ।

णिवड अक [**नि+पत्**] नीचे पड़ना, नीचे गिरना । णिवडइ ; (उव ; षड् ; महा) । वकृ—**णिवडंत, णिवडमाण** ; (गा ३४ ; सुर ३, १२७) । संकृ—**णिवडिऊण, णिवडिअ** ; (दंस ३ ; महा) ।

णिवडण न [**निपतन**] अधः-पतन ; (राज) ।

णिवडिअ वि [**निपतित**] नीचे गिरा हुआ ; (से १४, ३४ ; गा २३४ ; उप पृ २६) ।

णिवडिर वि [**निपतितृ**] नीचे गिरने वाला ; (सुपा ४६ ; सण) ।

णिवण्ण वि [**निषण्ण**] १ बैठा हुआ ; (महा ; संथा ६५ ; ७३) । २ पुं. कायोत्सर्ग-विशेष, जिसमें धर्म आदि किसी प्रकार का ध्यान न किया जाता हो वह कायोत्सर्ग ; (आव ५) । °**णिवण्ण** पुं [°**निषण्ण**] जिसमें आर्त और रौद्र ध्यान किया जाय वह कायोत्सर्ग ; (आव ५) ।

णिवण्णुस्सिय पुं [**निषण्णोत्सृत**] कायोत्सर्ग-विशेष, जिसमें धर्म ध्यान और शुक्ल ध्यान किया जाता हो वह कायोत्सर्ग ; (आव ५) ।

णिवत्त देखो **णिवट्ट**=नि+वृत् । वकृ—**णिवत्तमाण** ; (वव १) । कृ—**णिवत्तणीअ**; (नाट—शकु १०८) । प्रयो—णिवत्तावेमि ; (पि ५५२) ।

णिवत्त देखो **णिवट्ट**=निवृत्त ; (षड् ; कप्प) ।

णिवत्तण देखो **णिवट्टण** ; (महा ; हे २, ३० ; कुमा) ।

णिवत्तय वि [**निवर्त्तक**] १ वापिस आने वाला, लौटने वाला । २ लौटाने वाला, वापिस करने वाला ; (हे २, ३० ; प्राप्र) ।

णिवत्ति स्त्री [**निवृत्ति**] निवर्तन ; (उव) ।

णिवत्तिअ वि [**निवर्त्तित**] रोका हुआ, प्रतिषिद्ध ; (स ३६४) ।

णिवत्तिअ वि [**निर्वर्तित**] निष्पादित ; "निवत्तिया सव-पूया" (स ७६३) ।

णिवद्दि देखो **णिवत्ति** ; (संक्षि ६) ।

णिवन्न देखो **णिवण्ण** ; (स ७६०) ।

णिवय देखो **णिवड** । णिवइज्जा, णिवएज्जा ; (कप्प ; ठा ३, ४) । वकृ—**णिवयंत, णिवयमाण**; (उप १४२ टी; सुर ४, ६५ ; कप्प) ।

णिवय पुं [**निपात**] नीचे गिरना, अधः-पतन; (सुर १३, १६७) ।

णिवरुण पुं [**निवरुण**] वृक्ष-विशेष; (उप १०३१ टी) ।

णिवस अक [**नि+वस्**] निवास करना, रहना । णिवसइ, (महा) । वकृ—**णिवसंत**; (सुपा २२५) । हेकृ—**णिवसिउं** ; (सुपा ४६३) ।

णिवसण न [**निवसन**] वस्त्र, कपड़ा ; (अभि १३६ ; महा ; सुपा २००) ।

णिवसिय वि [**निवसित**] जिसने निवास किया हो वह ; (महा) ।

णिवसिर वि [**निवसितृ**] निवास करने वाला ; (गउड)।

णिवह सक [**गम्**] जाना, गमन करना । णिवहइ ; (हे ४, १६२) ।

णिवह अक [**नश**] भागना, पलायन करना । णिवहइ ; (हे ४, १७८) ।

णिवह सक [**पिष्**] पीसना । णिवहइ ; (हे ४, १८५ ; षड्) ।

णिवह पुंन [**निवह**] समूह, राशि, जत्था ; (से २, ४२, सुर ३, ३५; प्रासु १४४), "अच्छउ ता फलनिवहं" (वज्जा १५२) ।

णिवह पुं [**दे**] समृद्धि, वैभव; (दे ४, २६) ।

णिवहिअ वि [**नष्ट**] नाश-प्राप्त ; (कुमा) ।

णिवहिअ वि [**पिष्ट**] पीसा हुआ, (कुमा) ।

णिवाइ वि [**निपातिन्**] गिरने वाला ; (आचा) ।

णिवाड सक [**नि+पातय्**] नीचे गिराना । निवाडेइ ; (स ६६०) । वकृ—**निवाडयंत**, (स ६८६) । संकृ—**णिवाडेत्ता** ; (जीव ३) ।

णिवाडिय वि [**निपातित**] नीचे गिराया हुआ; (महा)।

णिवाडिर वि [**निपातयितृ**] नीचे गिराने वाला; (सण)।

णिवाण न [**निपान**] कूप या तालाव के पास पशुओं के जल पीने के लिए बनाया हुआ जल-कुण्ड ; (स ३१२) ।

°साला स्त्री [°शाला] पशुओं को पानी पीलाने का स्थान; (महा)।
णिवाय देखो णिवाड। णिवायइ; (कुमा)। णिवाएज्जा; (पि १३१)।
णिवाय पुं [दे] स्वेद, पसीना; (दे ४, ३४; सुर १२,८)।
णिवाय पुं [निपात] १ पतन, अधः-पतन, गिरना; (गा २२२; सुपा १०३)। २ संयोग, संबन्ध; "दिट्ठिणिवाश्रा ससिमुहीए" (गा १४८; उत्त २; गउड)। ३ च, प्र आदि व्याकरण-प्रसिद्ध अव्यय; (पण्ह२, २; सुपा २०३)। ४ विनाश; (पिंड)।
णिवाय वि [निवात] पवन-रहित, स्थिर; (पण्ह २, ३; स ४०३; ७४३)।
णिवायण न [निपातन] १ गिराना, निपातन, ढ़ाहना; (पण्ह १, २)। २ व्याकरण-प्रसिद्ध शब्द-सिद्धि, प्रकृति आदि के विना ही विभाग किये अखण्ड शब्द की निष्पत्ति; (विसे ३३)।
णिवार सक [नि+वारय्] निवारण करना, निषेध करना, रोकना। णिवारेइ; (उव; महा)। वकृ—णिवारेंत; (महा)। कवकृ—णिवारीअंत, णिवारिज्जमाण; (नाट—मृच्छ १५४; १३५)। कृ—णिवारियव्व, णिवारेयव्व; (सुपा ४८२; महा)।
णिवारग वि [निवारक] निषेध करने वाला, रोकने वाला; (सुर १, १२६; सुपा ६३६)।
णिवारण न [निवारण] १ निषेध, रुकावट; (भग ६,३३)। २ शीत आदि को रोकने वाला, गृह, वस्त्र आदि; "न मे निवारणं अत्थि, छवित्ताणं न विज्जइ" (उत्त २, ७)। ३ वि. निवारण करने वाला, रोकने वाला; "उवसग्गनिवारणो एसो" (अजि ३८)।
णिवारय देखो णिवारग; (उप ५३० टी)।
णिवारि वि [निवारिन्] निवारक, प्रतिषेधक। स्त्री—°रिणी; (महा)।
णिवारिय वि [निवारित] रोका हुआ, निषिद्ध; (भग; प्रासू १६६)।
णिवास पुं [निवास] १ निवसन, रहना; २ वास-स्थान, डेरा; (कुमा; महा)।
णिवासि वि [निवासिन्] निवास करने वाला, रहने वाला; (महा)।
णिविअ देखो णिमिअ=न्यस्त; (से १२, ३०)।
णिविट्ट देखो णिवट्ट=निवृत्त; (सण)।
णिविट्ठ वि [निविष्ट] १ स्थित, बैठा हुआ; (महा)। २ आसक्त, लीन; (राज)।
णिविट्ठ वि [निर्विष्ट] लब्ध, उपात्त, गृहीत; (ठा५, २)। °कप्पट्ठिइ स्त्री [°कल्पस्थिति] जैन साधुओं को एक तरह का आचार; (ठा ५, २)।
णिविड देखो णिविड; (षड्; हे १, २४०)।
णिविडिअ देखो णिविडिय; (गउड; पि २४०)।
णिवित्ति स्त्री [निवृत्ति] १ निवर्तन, उपरम, प्रवृत्ति का अभाव; (विसे २७६८; स १५४)। २ वापिस लौटना, प्रत्यावर्तन; (सुपा ३३२)।
णिविद्ध वि [दे] १ सो कर उठा हुआ; २ निराश, हताश; ३ उद्भट; ४ नृशंस, निर्दय; (दे ४, ४८)।
णिविस अक [नि+विश्] बैठना। वकृ—णिविसंत; (१२)।
णिविस (अप) देखो णिमिस; (भवि)।
णिविस्सिर वि [निवेष्टृ] बैठने वाला; (सण)।
णिवुड्ड सक [नि+वर्धय्] १ त्याग करना, छोड़ना। २ हानि करना। वकृ—णिवुड्डेमाण; (सुज्ज २)। संकृ—णिवुड्डित्ता; (सुज्ज १)।
णिवुड्ढि स्त्री [निवृद्धि] १ वृद्धि का अभाव; (ठा ३, ३)। २ दिन की छोटाई; (भग)।
णिवुण देखो णिउण; (अच्चु ६६)।
णिवुत्त देखो णिवट्ट=निवृत्त; स ५८८)।
णिवेअ सक [नि+वेदय्] १ सम्मान-पूर्वक ज्ञापन करना। २ अर्पण करना। ३ मालूम करना। कर्म—णिवेइज्जइ; (निचू१)। संकृ—णिवेइऊण; (स ५६६)। हेकृ—णिवेएउं; (पंचा १५)। कृ—णिवेयणीअ; (स १२०)।
णिवेअग वि [निवेदक] सम्मान-पूर्वक ज्ञापन करने वाला; (सुपा २६८)।
णिवेअण } न [निवेदन] १ सम्मान-पूर्वक ज्ञापन;
णिवेअणय } (पंचा १; निचू ११)। २ नैवेद्य, देवता को अर्पित अन्न आदि; (पउम ३२, ८३)।
णिवेअणा स्त्री [निवेदना] ऊपर देखो; (णाया १,)। °पिंड पुं [°पिण्ड] देवता को अर्पित अन्न आदि, नैवेद्य; (निचू ११)।
णिवेअय देखो णिवेअग; (सुपा २२५; स ४१६)।
णिवेइय वि [निवेदित] सम्मान-पूर्वक ज्ञापित; (महा; भवि)।

णिवेदइत्तअ वि [निवेदयितृ] निवेदन करने वाला ; (अभि १३६) ।
णिवेस सक [नि+वेशय्] स्थापन करना, बैठाना । णिवेसइ, णिवेसेइ ; (सण ; कप्प) । संकृ—णिवेसइत्ता, णिवेसिउं, णिवेसिऊण, णिवेसित्ता, णिवेसिय ; (उत्त ३२ ; महा ; सण ; कप्प; महा) । कृ—णिवेसियव्व; (सुपा ३६४)
णिवेस पुं [निवेश] १ स्थापन, आधान; (ठा ६; उप पृ २३०) २ प्रवेश; (निचू ४) । ३ आवास-स्थान, डेरा; (बृह १) ।
णिवेस पुं [नृपेश] १ महान् राजा, चक्रवर्ती राजा ; (सुपा ४६३) ।
णिवेसण न [निवेशन] १ स्थान, बैठना ; (आचा) । २ एक ही दरवाजे वाले अनेक गृह ; (आव ४) ।
णिवेसाविय वि [निवेशित] बैठाया हुआ ; (महा) ।
णिव्व न [नीव्र] छदि, पटल-प्रान्त ; (दे ४, ४८ ;पाअ) ।
णिव्व न [दे] १ ककुद, चिह्न; २ व्याज, बहाना; (दे ४, ४८)।
णिव्वक्कर वि [दे] परिहास-रहित, सत्य; (कुप्र १९७)।
णिव्वक्कल वि [निर्वल्कल] वल्कल-रहित; (पि ६२)।
णिव्वट्ट देखो णिव्वत्त=निर्+वर्तय् । संकृ—णिव्वट्टित्ता ; (ठा २,४) ।
णिव्वट्ट (अप) देखो णिच्चट्ट ; (हे ४, ४२२ टि) ।
णिव्वट्टग वि [निर्वर्तक] बनाने वाला, कर्ता ; (आव४) ।
णिव्वट्टिय वि [निर्वर्तित] निष्पादित, बनाया हुआ ; (आचा २, ४, २) ।
णिव्वड सक [मुच्] दुःख को छोड़ना । णिव्वडइ ; (षड्) ।
णिव्वड अक [भू] १ पृथक् होना, जुदा होना । २ स्पष्ट होना । णिव्वडइ ; (हे ४, ६२) ।
णिव्वड देखो णिव्वल=निर्+पद् ; (सुपा १२२) ।
णिव्वडिअ वि [भूत] १ पृथग्-भूत, जो जुदा हुआ हो ; (से ६, ८८) । २ स्पष्टीभूत, जा व्यक्त हुआ हो; (सुर ७, १०४) ।
णिव्वडिअ वि [निष्पन्न] सिद्ध, कृत, निर्वृत्त ; (पाअ); "सुकुलुप्पत्ती य गुणन्नुया य सम्मं इमीए णिव्वडिया" (सुपा १२२) ।
णिव्वढ वि [दे] नग्न, नंगा ; (दे ४, ३८) ।
णिव्वण वि [निर्व्रण] व्रण-रहित, क्षत-वर्जित ; (णाया १, ३ ; औप) ।
णिव्वण्ण सक [निर्+वर्णय्] १ श्लाघा करना, प्रशंसा करना । २ देखना । वकृ—णिव्वण्णंत ; (से ३, ४४ ; उप १०३१ टी ; महा) ।
णिव्वत्त सक [निर्+वर्तय्] बनाना, करना, सिद्ध करना । णिव्वत्तेइ ; (महा) । संकृ—णिव्वत्तिऊण, णिव्वत्तेऊण; (महा) ।
णिव्वत्त सक [निर्+वृत्तय्] गोल बनाना, वर्तुल करना । कवकृ—णिव्वत्तिज्जमाण ; (भग) ।
णिव्वत्त वि [निर्वृत्त] निष्पन्न, रचित, निर्मित ; (महा ; औप) ।
णिव्वत्तण न [निर्वर्तन] निष्पत्ति, रचना, बनावट ; (उप पृ १८६) । °ाधिकरणिया, °ाहिगरणिया स्त्री [°ाधिकरणिकी] शस्त्र बनाने की क्रिया ; (ठा२, १ ; भग३,३)।
णिव्वत्तणया, णिव्वत्तणा स्त्री [निर्वर्तना] ऊपर देखो ; (पण्ण ३४ ; उत्त ३) ।
णिव्वत्तय वि [निर्वर्तक] निष्पन्न करने वाला, बनाने वाला; (विसे ११४२ ; स ५९३ ; हे २, ३०) ।
णिव्वत्ति स्त्री [निर्वृत्ति] निष्पत्ति, विनिर्माण ; (विसे ३००२) । देखो णिव्वित्ति ।
णिव्वत्तिय वि [निर्वर्तित] निष्पादित, बनाया हुआ ; (स ३३६ ; सुर १५, २२१; संबि १०) ।
णिव्वत्तिय वि [निर्वृत्तित] गोलाकार किया हुआ; (भग)।
णिव्वमिअ वि [दे] परिभुक्त ; (दे ४, ३६) ।
णिव्वय अक [निर्+वृ] शान्त होना, उपशान्त होना । कृ—णिव्वयणिज्ज ; (स ३०१) ।
णिव्वय वि [निर्वृत] १ उपशान्त, शम-प्राप्त ; (सूअ १, ४, २) । २ परिणत, परिणाम-प्राप्त ; (दसनि १) ।
णिव्वय वि [निर्व्रत] व्रत-रहित, नियम-रहित ; (पउम २, ८८ ; उप २६४ टी) ।
णिव्वयण न [निर्वचन] १ निरुक्ति, शब्दार्थ-कथन ; (आवम) । २ उत्तर, जवाब ; (ठा १०) । ३ वि. निरुक्ति करने वाला, निर्वाचक; "जाव दविओवओगो, अपच्छिमविअप्पनिव्वयणो" (सम्म ८) ।
णिव्वयणिज्ज देखो णिव्वय=निर्+वृ ।
णिव्वर सक [कथय्] दुःख कहना । णिव्वरइ ; (हे ४, ३) । भूका—णिव्वरही ; (कुमा) । कर्म— "कह तम्मि निव्वरिज्जइ, दुक्खं कंडुज्जुएण हिअएण । अद्दाए पडिबिंबं व, जम्मि दुक्खं न संकमइ ; (स ३०६) ।

णिव्वर सक [छिद्] छेदन करना, काटना। णिव्वरइ; (हे ४, १२४)।

णिव्वरण न [कथन] दुःख-निवेदन; (गा २५५)।

णिव्वरिअ वि [छिन्न] काटा हुआ, खण्डित; (कुमा)।

णिव्वल सक [मुच्] दुःख को छोड़ना। णिव्वलेइ; (हे ४, ९२)।

णिव्वल अक [निर्+पद्] निष्पन्न होना, सिद्ध होना, बनना। णिव्वलइ; (हे ४, १२८)।

णिव्वल देखो णिच्चल=क्षर्। णिव्वलइ; (हे ४,१७३टि)।

णिव्वल देखो णिव्वड=भू। वकृ—णिव्वलंत, णिव्वलमाण; (से १, ३६; ७, ४२)।

णिव्वलिअ वि [दे] १ जल-धौत, पानी से धोया हुआ; २ प्रविगणित; ३ विघटित, वियुक्त; (दे ४, ५१)।

णिव्वव सक [निर्+वापय्] ठंढ़ा करना, बुझाना। णिव्ववेहि; (स ४५५)। णिव्ववसु; (काल)। वकृ—णिव्ववंत; (सुपा २२५)। कृ—णिव्ववियव्व; (सुपा २९०)।

णिव्ववण न [निर्वापण] १ बुझाना, शान्त करना; २ वि. शान्त करने वाला, ताप को बुझाने वाला; (सुर ३,२३७)।

णिव्वविअ वि [निर्वापित] बुझाया हुआ, ठंढा किया हुआ; (गा ३१७; सुर २, ७४)।

णिव्वह अक [निर्+वह्] १ निभना, निर्वाह करना, पार पड़ना। २ आजीविका चलाना। णिव्वहइ; (स १०५; वज्जा ६)। कर्म—णिव्वुब्भइ; (पि ५४१)। वकृ—णिव्वहंत; (श्रा १२; कुप्र ३३)। कृ—निव्वहियव्व; (कुप्र ३७५)।

णिव्वह सक [उद्+वह्] १ धारण करना। २ ऊपर उठाना। णिव्वहइ; (षड्)।

णिव्वहण न [निर्वहण] निर्वाह; (सुपा १७५; कुप्र ३७५)।

णिव्वहण न [दे] विवाह, सादी; (दे ४, ३९)।

णिव्वा अक [वि+श्रम्] विश्राम करना। णिव्वाइ; (हे ४, १५९))। वकृ—णिव्वाअंत; (से ८, ८)।

णिव्वाघाइम वि [निर्व्याघातिम] व्याघात-रहित, स्खलना-रहित; (औप)।

णिव्वाघाय वि [निर्व्याघात] १ व्याघात-वर्जित; (णाया १, १; भग; कप्प)। २ न. व्याघात का अभाव; (पण्ण २)।

णिव्वाघाया स्त्री [निर्व्याघाता] एक विद्या-देवी; (पउम ७, १४५)।

णिव्वाण न [निर्वाण] १ मुक्ति, मोक्ष, निर्वृति; (विसे १९७५)। २ सुख, चैन, शान्ति, दुःख-निवृत्ति; "निउणमणो निव्वाणं सुंदरि निस्संसयं कुणइ" (उप ७२८ टी; पउम ४६, १६)। ३ बुझाना, विध्यापन; (आव ४)। ४ वि. बुझा हुआ; "जह दीवो णिव्वाणो" (विसे १९९१; कुप्र ५१)। ५ पुं. ऐरवत वर्ष में होने वाले एक जिन-देव का नाम; (सम १५४)।

णिव्वाण न [दे] दुःख-कथन; (दे ४, ३३)।

णिव्वाणि पुं [निर्वाणिन्] भरतवर्ष में अतीत उत्सर्पिणी-काल में संजात एक जिन-देव; (पव ७)।

णिव्वाणी स्त्री [निर्वाणी] भगवान् श्री शान्तिनाथ की शासन-देवी; (संति १; १०)।

